आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी 02:07 तक उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 3 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 95, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड 14

लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल 13

## अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना



बुधवार को अनंतनाग के पहलगाम स्थित नुनवान बेस कैंप पहुंचे तीर्थ यात्री।

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा गुरुवार तीन जुलाई को घाटी से दो मार्ग से शुरू होगी - अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा (14 किमी) लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग। यात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था यात्रा में शामिल होने के लिए तड़के साढ़े चार बजे आधार शिविर से रवाना हुआ। अब तक 3,31,000 से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

## शेख हसीना को छह महीने की जेल की सजा

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री अदालत की अवमानना मामले में दोषी करार

ढाका, एजेंसी



- प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता शकील बुलबुल को भी सजा

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने छह महीने की जेल की सजा सुनाई। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी।

डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, न्यायाधीश मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने अपदस्थ अवामी लीग की नेता से संबंधित लीक हुई फोन पर बातचीत के अंश की समीक्षा के बाद यह आदेश पारित किया। फोन पर बातचीत के अंश पिछले वर्ष सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे। पिछले साल अगस्त में पद छोड़ने के बाद से यह पहली बार है जब 72 वर्षीय नेता को किसी मामले में सजा सुनाई गई है। ऑडियो क्लिप में अपदस्थ प्रधानमंत्री को गोविंदगंज उपजिला के पूर्व अध्यक्ष और प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) के नेता शकील अकंद बुलबुल से कथित तौर पर ये कहते सुना जा सकता है कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। न्यायाधिकरण ने बयान को अवमाननापूर्ण और अदालत को कमजोर करने का सीधा प्रयास माना।

### आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी सजा

न्यायाधिकरण ने प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता बुलबुल को भी दोषी ठहराया और दो महीने के कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधिकरण ने फैसले में कहा कि सजा की अवधि उनकी गिरफ्तारी या आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी। पिछले साल पांच अगस्त को देश में छात्रों के नेतृत्व वाले एक बड़े आंदोलन के बाद हसीना को अपदस्थ कर दिया गया था, जिसके बाद उन्हें ढाका छोड़कर जाना पड़ा था। हसीना के पद से हटने के बाद 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था।

## नेशनल हेराल्ड केस : एजेएल के अधिग्रहण में हुआ था फर्जी लेनदेन

### राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी के दावे से सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

- 2000 करोड़ रुपये एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्ति
- यंग इंडिया में हिस्सेदार हैं सोनिया और राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी



नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। ईडी की तरफ से राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है।

एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। जिसमें कांग्रेस संसदीय पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी प्रमुख हिस्सेदार हैं। इसका लक्ष्य पार्टी नेतृत्व को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाना था।

एएसजी राजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कई सीनियर नेता एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को किए गए ''फर्जी लेनदेन'' में शामिल थे। ईडी के मुताबिक, कांग्रेस के बड़े नेताओं के निर्देश पर कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से किराए का भुगतान किया था। इन लेन-देन के साथ फर्जी किराया रसीदें तैयार की गई थीं। ईडी ने दावा किया कि साजिश थी कि यंग इंडिया के माध्यम से 2,000 करोड़ की संपत्ति कब्जे में लेकर 90 करोड़ का कर्ज लिया जाए।

### भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने दर्ज कराई थी वर्ष 2012 में शिकायत

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

### 50 लाख रुपये में यंग इंडिया को बेच दी एजेएल की संपत्ति

ईडी ने ये भी बताया कि कांग्रेस कमेटी ने सार्वजनिक टेंडर निकाले बिना एजेएल की संपत्ति यंग इंडिया को 50 लाख रुपये में बेच दी, जबकि एजीएल की संपत्ति 2,000 करोड़ की थी। यंग इंडिया के पास इसे चुकाने के लिए पैसे नहीं थे, जिसके बाद यह मामला कोलकाता में शेल कंपनियों तक पहुंचा। एक करोड़ रुपय का लोन यंग इंडिया को दिया गया, जबकि इसकी बैलेंस शीट नेगेटिव थी। एएसजी राजू ने कोर्ट को बताया कि ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि यंग इंडिया पर राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नियंत्रण था। दोनों ने मिलकर 76 प्रतिशत शेयर अपने पास रखे थे। वास्तव में ये दोनों इनके संचालन के लिए जिम्मेदार थे।

## पीक ऑवर में अब दोगुना किराया वसूल सकेंगी कैब कंपनियां

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने उबर, ओला और रैपिडो जैसी कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों को 'पीक ऑवर' (व्यस्त समय) के दौरान आधार मूल्य का दोगुना तक किराया वसूलने की अनुमति दे दी है। अभी तक यह डेढ़ गुना है। गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने दिशा निर्देश-2025' में कहा है कि 'एग्रीगेटर को उप-खंड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराए से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा अधिकतम दोगुना मूल्य निर्धारण की अनुमति होगी।

## चीनी नागरिक से जुड़े साइबर फ्राड मामले में ईडी का छापा

### 900 करोड़ की धोखाधड़ी में दिल्ली में पांच जगहों पर छानबीन

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा कथित तौर पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने इस धोखाधड़ी की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ जांच के सिलसिले में दिल्ली में पांच परिसरों की तलाशी ली जा रही है। आरोप है कि कंपनी ने निवेश के नाम पर आम लोगों को धोखा दिया और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) का उपयोग करके धन शोधन किया गया।

उन्होंने बताया कि इस मामले में एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अपराध के जरिए करीब 903 करोड़ रुपये प्राप्त किए जाने का आरोप है।

## प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती

विधि संवाददाता, लखनऊ



- बच्चों की याचिका पर कोर्ट आज करेगी सुनवाई

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बेसिक शिक्षा परिषद के तहत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को स्कूली बच्चों की ओर से याचिका दाखिल करते हुए चुनौती दी गई है। मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी।

बुधवार को सीतापुर के 51 स्कूली बच्चों की ओर से दाखिल याचिका न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए पेश हुई। इस पर राज्य सरकार की ओर से मामले की सुनवाई अगले दिन करने का अनुरोध किया गया जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई का निर्देश दिया है। याचिका में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे शिक्षा के अधिकार के विरुद्ध होने की दलील दी है। साथ ही विलय से छोटे बच्चों के स्कूलों से दूर हो जाने का मुद्दा भी उठाया गया है। याचिका में प्राथमिक स्कूलों की चल रही उक्त विलय की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने की गुजारिश की गई है।

## हवा में उखड़ा विमान की खिड़की का फ्रेम

- गोवा से पुणे जा रही थी स्पाइस जेट की फ्लाइट

**मुंबई।** गोवा से पुणे के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइस जेट के विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ गया, हालांकि यात्रियों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। एयरलाइंस की तरफ से बुधवार को कहा गया कि अगले (पुणे) हवाई अड्डे पर विमान के उतरने के बाद मानक रखरखाव प्रक्रियाओं के अनुसार फ्रेम को ठीक कर दिया गया।

एयरलाइन ने कहा कि क्यू400 विमान में से एक की कॉस्मेटिक (आंतरिक) खिड़की का फ्रेम उड़ान के दौरान ढीला हो गया और उखड़ गया। स्पाइसजेट ने यह भी कहा कि पूरी उड़ान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने कहा कि जो हिस्सा उखड़ गया था, वह एक गैर-संरचनात्मक घटक था, जिसे छाया के उद्देश्य से खिड़की पर लगाया गया था।

## पत्नी-बच्चे को वित्तीय मदद में देरी, सम्मान से वंचित करना

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने भरण-पोषण से जुड़े एक मामले में की महत्वपूर्ण टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक वैवाहिक मामले में एक व्यक्ति को 'अंतरिम भरण-पोषण' आदेश देते हुए कहा कि अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने में देरी करना सम्मान से वंचित करने के समान है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा कुटुंब अदालत के उस आदेश के खिलाफ पति की अपील की सुनवाई कर रही थीं, जिसमें इसने (कुटुंब अदालत ने) व्यक्ति (पति) को निर्देश दिया था कि वह अलग रह रही अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के अंतरिम भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह कुल 45,000 रुपये का भुगतान करे। इस राशि में से दोनों को बराबर-बराबर हिस्सा दिया जाना है।

एक जुलाई को जारी फैसले में कहा गया है कि वित्तीय सहायता में देरी करना सम्मानित जीवन से वंचित करना है और यह अदालत इस तथ्य से अवगत है कि समय पर भरण-पोषण दिया जाना न केवल जीवनयापन के लिए, बल्कि वैसे लोगों की बुनियादी गरिमा की रक्षा के लिए भी आवश्यक है, जो कानूनी रूप से ऐसे समर्थन के हकदार हैं। अदालत ने कहा कि पति अपनी नियमित आय और संसाधनों के बल पर सुरक्षित शांति से सोता रहा, जबकि अलग रह रही पत्नी चुपचाप पीड़ा झेलती रही, अनिश्चितता और चिंता से जूझती रही कि अगर यह राशि समय पर नहीं दी गई, तो वह अपनी बुनियादी जरूरतों को कैसे पूरा करेगी।

### भरण-पोषण देना कानूनी और नैतिक कर्तव्य भी

अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि भरण-पोषण केवल एक मौद्रिक दायित्व नहीं, बल्कि एक कानूनी और नैतिक कर्तव्य है, जो आश्रित पति-पत्नी और बच्चे की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जब वित्तीय सहायता में देरी होती है, तो सबसे पहले गरिमा को ठेस पहुंचती है... यदि भरण-पोषण का काम कमाऊ पति या पत्नी की सुविधा पर छोड़ दिया जाता है, तो भरण-पोषण का उद्देश्य ही विफल हो जाता है।



## शहर में आज



- कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत खरीद उत्पादकता गोष्ठी व तिलहन मेला पंचायत भवन सभागार में 11:00 बजे
- प्राइमरी व जूनियर विद्यालय को मर्ज़ करने के सरकार के निर्णय के खिलाफ कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन 11:00 बजे

## एक नजर

### जिला अस्पताल में मरीजों के लिए लगेगा टिन शेड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों को अब धूप और बारिश से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए चिकित्साधिकारी ओपीडी में टिन शेड लगवाने के लिए रुपरेखा बना रहे हैं। अपर निदेशक व प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि इसके लिए इंजीनियर को बुलाकर स्थिति का जायजा कराकर निर्माण में लागत आदि का प्रस्ताव बनाया जाएगा। प्रस्ताव बनाने के बाद शासन से मंजूरी ली जाएगी, इसके बाद यह कार्य होगा। कायाकल्प के तहत यह निर्माण होना है। बताया कि मरीजों की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले आभा तोपन योजना के तहत बजट मिलता था, हालांकि यह योजना अब बंद हो चुकी है। पहले इस योजना में जो बजट मिला उससे निर्माण को गति दी जाएगी।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाया पौधा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वन महोत्सव के दौरान बुधवार को दीनदयाल नगर स्थित अशोका पार्क में अमरूद तथा आंवला का पौधा लगाया गया। जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति के नामित सदस्य एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने पूर्वजों के नाम से पौधा लगा कर पर्यावरण को हरा भरा रखने में सहयोग करें। इस दौरान मोहित कुमार, यशवीर सिंह, रजिया, सोनिया, मधुलता और अन्य मौजूद रहे।

# पूर्व सपा सांसद ने हिंदू संगठनों की तुलना आतंकवादियों से की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **डॉ. एसटी हसन ने कहा- होटलों पर जाकर मजहबों की पहचान करना सरकार का काम**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटलों की चेकिंग करने वाले संगठन की तुलना आतंकवादियों से की। कहा कि सिविलियन (नागरिक) का काम होटल में जाकर हिंदू या मुसलमान की पहचान करना नहीं है, यह काम सरकार का है।

कांवड़ यात्रा मार्गों पर होटल स्वामियों की चेकिंग करने वाले महाराजा यशवीर हिंदू संगठन के सदस्यों को लेकर बुधवार को डॉ. एसटी हसन ने कहा कि हाल ही में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं को मजहब की पहचान करके मारा गया था। वही काम कुछ हिंदू संगठनों द्वारा किया जा रहा है। यह भी टेरर फैलाने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में भाईचारा बना रहने दिया जाए। हिंदू-मुसलमान एक दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं। मुसलमान भी कांवडियों के लिए भंडारा और टेंट लगाते हैं। कुछ लोग हिंदू-मुसलमान में दूरी पैदा करने का काम कर रहे हैं। ऐसे में देश बंट जाएगा तो कमजोर रहेगा या मजबूत होगा। सरकार कुछ हिंदू संगठनों को रोके ताकि भाईचारा में खलल न पड़े। सरकार से अपील है।

## गर्भावस्था के दौरान बरती गई लापरवाही से परेशानी उठा रहीं महिलाएं

# एक साल में बर्थ एस्फिक्सिया से 110 बच्चों की थम गईं सांसें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **गर्भधारण होने के बाद समय पर जांच न कराना बन रहा दिक्कत का मुख्य कारण**

**अमृत विचार :** हर घर में नए मेहमान के आने से खुशियों में चार चांद लग जाते हैं लेकिन थोड़ी सी शिथिलता से इन खुशियों पर ग्रहण लग रहा है। जिला महिला अस्पताल की एसएनसीयू के आंकड़ों पर नजर डालें तो एक साल में 110 नवजातों की सांसें थम गईं। यह आंकड़ा सिर्फ जिला महिला अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों का ही नहीं बल्कि पूरे जिले का है, जिनमें बर्थ एस्फिक्सिया की पुष्टि हुई।

यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें जन्म के समय शिशु सांस नहीं ले पाता या रोता नहीं है। दरअसल, मस्तिष्क तक ऑक्सीजन न पहुंचने के कारण यह समस्या होती है। जन्म लेते ही दुनिया से कूच करने वाले इन शिशुओं में अधिकांश बच्चे वे थे, जो रेफर होकर जिला महिला अस्पताल पहुंचे। पिडियाट्रिशियन डॉ. अंशु माली ने बताया कि साल भर में 3-4 बच्चों के बर्थ एस्फिक्सिया के मामले आते हैं, जिनका जन्म जिला महिला अस्पताल में ही होता है। मृत्यु दर उनकी शिशुओं की बढ़ी हुई है जो गंभीर हालत में अन्य जिलों, स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण क्षेत्र से रेफर होकर अस्पताल आते हैं। कुछ बच्चों की जान तो बचा ली जाती है लेकिन आसानी से प्रसव न होने की वजह से वे मंद बुद्धि या दिव्यांगता के साथ पैदा होते हैं। तब भी वह दुखदायी ही होता है।

### नवजात सांस नहीं ले पाता या रोता नहीं

जन्म लेने के बाद अगर बच्चा नहीं रोता है तो उसे उल्टा करके शरीर के निचले हिस्से व कमर पर हल्के हाथों से थपथपाया जाता है, जिससे बच्चा रोए। अगर बच्चा नहीं रोता तो उसे ही बर्थ एस्फिक्सिया कहा जाता है। इस स्थिति में बच्चे के मस्तिष्क तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती है। सी-पैप से ऑक्सीजन देने का प्रयास किया जाता है लेकिन कुछ ऑक्सीजन न मिलने से बच्चे की जान चली जाती है।

### ब्लडप्रेशर होने पर बढ़ता है खतरा

जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. निर्मला पाठक ने बताया कि ऐसे बच्चे खुद बीमार नहीं होते। कई बार गर्भधारण करने के बाद महिलाएं समय-समय पर जांच कराने में लापरवाही करती हैं, जिस वजह से यह दिक्कत हो जाती है। वहीं, गर्भावस्था के दौरान अगर महिला ब्लडप्रेशर से ग्रसित है तो जन्म लेने वाले बच्चे में बर्थ एस्फिक्सिया होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा समय से पहले प्रसव होना, मां की उम्र कम होना, बच्चा उल्टा पैदा, जुड़वा बच्चों में इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।

# आषाढ़ में भी रही ज्येष्ठ जैसी तपिश

## बारिश न होने से सूख रहीं फसलें, चिंता में किसान, तेज धूप में लोग हो रहे बेहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आषाढ़ का महीना सूखा रहा। इसमें भी ज्येष्ठ की तरह तपिश बरकरार है। बारिश न होने से फसलों के सूखने की चिंता किसानों को सता रही है। सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को अतिरिक्त सिंचाई करनी पड़ रही है। वहीं धान की रोपाई के लिए बारिश होने की राह किसान देख रहे हैं।

इस बार मानसून की दस्तक के बाद भी मूसलाधार बारिश एक भी दिन नहीं हुई। आषाढ़ के 15 दिन से अधिक बीतने के बाद भी इस महीने में केवल दो दिन हल्की बारिश हुई। इससे तपती धरती की प्यास बुझी न ही लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। दो दिन में कुल 38 मिलीमीटर बारिश होने और तापमान बढ़ने से गर्मी बढ़ रही है। खेतों की सिंचाई के लिए नहरों की टेल तक पानी न पहुंचने की शिकायत पिछले किसान दिवस में कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों ने जिलाधिकारी से की थी।

लेकिन इसके बाद भी अभी सिंचाई विभाग के अधिकारी इसके प्रति गंभीर नहीं है। जिससे किसान सिंचाई के लिए इंद्रदेव से बारिश करने की प्रार्थना कर रहे हैं। जिससे धान की रोपाई आदि में आसानी हो जाए। 11 जुलाई से श्रावण महीना लग जाएगा। लेकिन मौसम के तेवर को देखकर अभी नहीं लग रहा है कि मूसलाधार बारिश अभी कुछ दिनों में हो सकती है। क्योंकि तापमान में कमी के बाद भी बारिश नहीं हो रही है।

### स्कूल खुले, कड़ी धूप में लौटे बच्चे

अधिकतम तापमान 33.4 और न्यूनतम तामपान 27.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल खुलने पर कड़ी धूप में बच्चों को आना जाना पड़ा। दिन में कई महिलाएं धूप से बचने के लिए छाता लेकर जाती दिखाई दीं।



गर्मी में स्कूल से लौटते बच्चे। • अमृत विचार

### मानसून की दस्तक...बारिश ने निभाई औपचारिकता

मानसून की दस्तक के बाद भी बारिश की औपचारिकता हुई है। बुधवार को भोर में कुछ बूंदाबांदी हुई तो लगा आज मौसम ठीक रहेगा। लेकिन सुबह धूप निकलने के बाद दोपहर में सूरज ने तेवर दिखाए तो लोगों के पसीने छूट गए। सूरज की किरणें मानों झुलसाने पर आमादा थीं। दोपहर तक गर्मी से बेचैनी और बढ़ गई।

"नहरों की टेल तक पानी पहुंचाने का निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिया है। लापरवाही पर कार्रवाई तय है।"
-अनुज सिंह, डीएम

### दिन को चैन न रात को सुकून, बढ़ी बैचेनी

बारिश न होने और सूरज की तपिश बढ़ने से गर्मी से जन सामान्य बेहाल है। गर्मी ने सभी का हाल बुरा किया है। दिन को चैन न रात को सुकून। पूरे दिन गर्मी व उमस से लोग व्याकुल हैं। बारिश के लिए टकटकी लगी है। तापमान बढ़ने से लोगों की बेचैनी बढ़ रही है। कई दिनों से बादल छाने के बाद भी बारिश न होने सूरज की तपिश बढ़ रही है। तापमान बढ़ने से लोग गर्मी व उमस से बेहाल हैं।

### अभी मूसलाधार बारिश के आसार नहीं

मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि अभी मौसम ऐसे ही रहेगा। उमस व गर्मी के बीच में कभी हल्के बादलों के चलते छिटपुट बूंदाबांदी या फुहार पड़ सकती है। अभी मूसलाधार बारिश के आसार नहीं दिख रहे हैं।

### बिजली की दिक्कत बरकरार

बिजली की आवाजाही और लो वोल्टेज ने लोगों का दर्द और बढ़ा दिया। अत्यधिक लो वोल्टेज के चलते कई घरों में बिजली के उपकरण खराब हो गए।

# काट रहे कीड़े, लोग हो रहे स्कैबीज का शिकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **घर और शरीर की नियमित सफाई न करने से हो रही यह समस्या**

**अमृत विचार :** बारिश का मौसम शुरू होने के बाद जिला अस्पताल की त्वचा रोग ओपीडी में स्कैबीज के शिकार होकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

स्कैबीज एक प्रकार का त्वचा का संक्रमण है, जो एक कीटाणु द्वारा होता है। खुजली, चकत्ते और दाने होते हैं। प्रतिदिन अब 40 से 50 मरीज स्कैबीज के ही आ रहे हैं। जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अबिदा ने बताया कि यह कीड़ा एक छोटी सी ब्राउनिश-ग्रे रंग की चींटी की तरह दिखता है। जो लगभग 0.3 मिलीमीटर तक लंबा होता है। यह कीट त्वचा में छेद करते हैं जिससे त्वचा में सुरंगनुमा छेद बन जाते है और उनमें मादा कीट अपने अंडे देती है। अंडे फूटने पर उनसे निकलने वाले ये कीट त्वचा में अलग दिशाओं में या शारीरिक संपर्क के कारण घर के अन्य व्यक्तियों में शरीर में फैलने लगते हैं। ये कीट कपड़े या बिस्तर पर भी तीन से चार दिन तक जिंदा रह सकते हैं। इसके चलते यह संक्रमण यदि घर में किसी एक को हो जाए तो फिर सभी को होता है। इसलिए परेशानी होने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाएं।

### प्रारंभिक लक्षण

डॉ. वृंदा सहाय बताती हैं कि स्कैबीज होने पर शरीर पर छोटे लाल-लाल दाने हो जाते हैं। फिर इनमें खुजली होती है। यह खुजली इतनी अधिक होती है कि इससे रात में मरीज सो भी नहीं पाता है। खुजली से घाव तक हो जाते हैं। यह संक्रमण को बढ़ाते हैं।

### बचाव के उपाय

- स्कैबीज से बचने के लिए अपने शरीर को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए।
- स्कैबीज कीटाणु को मारने और खुजली से राहत पाने के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें।
- स्कैबीज कीटाणु फर्नीचर, कपड़ों और बिस्तर से भी फैल सकते हैं, तो शरीर के साथ-साथ इन चीजों को भी साफ-सुथरा रखें।

# गरीबी के निर्धारण में आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका

- **श्रम बल सर्वेक्षण प्रशिक्षण का मंडलायुक्त ने किया उद्घाटन**

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिले में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और अनिगमित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) के संबंध में विकास भवन में 9 जुलाई तक चलने वाले प्रशिक्षण का बुधवार को मंडलायुक्त आन्जेनय कुमार सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी के साथ उद्घाटन किया।

मंडलायुक्त ने कहा कि नियोजन प्रक्रिया और किसी भी महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में आंकड़ों की बहुत अधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वर्तमान में गरीबी रेखा के निर्धारण एवं बेरोजगारी के निर्धारण में भी यह आंकड़े उपयोगी हैं। प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारियों से कहा कि वह आंकड़ों का सही तरीके से संग्रह करें। अर्थ एवं संख्याधिकारी विष्णु कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर बनाने के उद्देश्य से कृषि, विनिर्माण, सेवा और अन्य कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से आंकड़ों का संग्रह करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार द्वारा जुलाई 2025 से जून 2026 के मध्य सर्वे कराया जा रहा है जिससे जिला घरेलू उत्पाद का आकलन किया जा सकेगा। इसके साथ ही लेबर फोर्स सर्वे भी महत्वपूर्ण है। इसे अर्थ एवं संख्या प्रभाग करा रहा है।


## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRTT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योंलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


### प्रदेश स्तरीय ट्रायल के लिए सात खिलाड़ियों का चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मेरठ की स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी के फिजिकल एजुकेशन विभाग में चार और पांच जुलाई को राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम की टीम का गठन होना है। इसके लिए खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। इसमें हिस्सा लेने के बुधवार को एमपीएस के मैदान में मंडल के खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिसमें 20 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायकों ने औरंगजेब आलम, शाहजेब आलम, मुहम्मद उमर, अक्षय प्रताप सिंह, रामपुर के शौर्य कुमार व सय्यद माहिर और संभल के मुहम्मद अशरफ का चयन किया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि चयन का प्रथम आधार खिलिड़ियों के आवश्यक पात्रता पत्रों की जांच करना था। जिनके पत्र सही पाए गए अगले चरण में उनके खेल कौशल व शारीरिक बल और स्किल के आधार पर चयन किया। चयनकर्ताओं में जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सहायक सचिव आमिर मिर्जा, सुरेंद्रपाल सिंह, रामपुर के सचिव अनीस अहमद, संभल के सचिव हाजी सय्यद शारिक हुसैन, महिला विंग की सचिव माधुरी देवी रहीं।

### फुटकर खाद व कीटनाशक विक्रेताओं का प्रदर्शन



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** छापेमारी के विरोध में बुधवार को फुटकर खाद-बीज और कीटनाशक विक्रेताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। दुकानों पर ओवररेटिंग को लेकर हुई छापेमारी का विरोध किया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जितेंद्र चौहान ने कहा है कि सरकार के द्वारा खाद-बीज या कीटनाशक का रेट निर्धारित नहीं है। व्यापारी लाइसेंस फीस जमा कर महंगे दामों में खाद बीज कीटनाशक क्रय करने के बाद जियो टैग करता है। लेकिन दुकानों पर छापेमारी कर कार्रवाई कर उनका शोषण किया जा रहा है। उन्होंने इसे बंद करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# वर्तमान समय में बच्चों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराने की जरूरत



संस्कार शिविर के समापन पर अतिथियों के साथ मौजूद विद्यालय के बच्चें। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **संवेदना वेलफेयर सोसाइटी के संस्कार शिविर में बोले गो सेवा आयोग के सदस्य**

**अमृत विचार :** बुधवार को संवेदना वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित संस्कार शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्वलन के साथ की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, प्रेरक वक्ता संजीव आकांक्षी, प्रोफेसर संजीव मेहरोत्रा व विद्यालय की निदेशिका मेजर डॉ. मीनू मेहरोत्रा रहीं। विद्यार्थियों ने कर्पूर गौरं, हनुमान चालीसा, भोजन मंत्र आदि प्रस्तुत किया। गो सेवा आयोग के सदस्य ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में गो माता की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराने की आवश्यकता है। संजीव आकांक्षी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में हम अपने बच्चों को क्या दिखाना चाहते हैं, यह हम पर निर्भर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों की माताओं से अपने बच्चों को धार्मिक ज्ञान देने का आग्रह किया। प्रोफेसर संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि बच्चे का प्रथम गुरु उसकी मां है और मां के संस्कार बच्चों के अंदर स्वतः ही आते हैं। विद्यालय की निदेशिका ने कहा कि विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति व संस्कारों से परिचित कराने के लिए संस्कार शिविर आयोजित किया गया है। क्योंकि बच्चा बाल्यकाल में जो सीखता है, उसका प्रभाव जीवन पर्यंत उसके मस्तिष्क पटल पर अंकित हो जाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रुति गुप्ता ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पलक ने किया। आयोजन की सफलता में शिक्षिका सलोनी, मुस्कान, रजनी, अनीता, स्नेहा, चंद्रिका, मानसी व दीक्षिका ने योगदान दिया।

### कल सर्किट हाउस में शिकायतें सुनेंगी महिला आयोग की सदस्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन की अध्यक्षता में 4 जुलाई को दिन में 11:00 बजे से सर्किट हाउस के सभागार में महिला जनसुनवाई होगी। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्ष मवार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिलों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार महिला जनसुनवाई की जाती है। राज्य महिला आयोग द्वारा मुरादाबाद में जनसुनवाई के लिए सदस्य संगीता जैन को नामित किया गया है। इस जन सुनवाई में घरेलू हिंसा सहित विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से पीड़ित महिलाएं और बालिकाएं आयोग की सदस्य को शिकायती पत्र दे सकती हैं।

**खबर का असर** — उच्च अधिकारियों ने लिया अमृत विचार में छपी खबर का संज्ञान, अधीनस्थों को दिए निर्देश

# छजलैट के पचोकरा में पहुंची टीम, कराई साफ-सफाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **सफाई कर्मियों के साथ गांव पहुंचे एडीओ पंचायत**
- **नाले-नालियों में कराया एंटी लार्वा का छिड़काव**

**अमृत विचार :** छजलैट विकास खंड के पचोकरा गांव में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान भी गंदगी से लोगों की परेशानी बरकरार है। इसे लेकर 2 जुलाई के अंक में अमृत विचार ने ''छजलैट में दम तोड़ रहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान'' शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया। जिसका संज्ञान लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को गांव में जाकर समस्याओं को दूर कराने का निर्देश दिया। जिसके क्रम में गांव में पहुंचे एडीओ पंचायत ने साफ सफाई कराकर एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया।




अमृत विचार में छपी खबर का पीडीएफ।



पानी की निकासी के लिए सफाई करते सफाई कर्मचारी। • अमृत विचार

छजलैट ब्लॉक के गांव पचोकरा में बुधवार को एडीओ पंचायत इरफान मलिक के नेतृत्व में पंचायत राज विभाग की टीम पहुंची। एडीओ पंचायत ने उपस्थिति में गांव के तालाब में भरे बारिश का पानी अधिक होने के बाद सड़कों पर भरे पानी की निकासी मोटर लगाकर कराया। नालियों की सफाई कराकर कूड़ा निकलवा कर उसे उठवाया। लोगों के घरों के सामने भरे गंदा पानी को साफ कराकर उसकी निकासी सुनिश्चित कराई। गांव की गलियों में जहां कूड़ा कचरा पसरा था उसे भी साफ कराया।

**आज का मौसम**
धूप के साथ हल्के बादलों की आवाजाही रहेगी, छिटपुट बूंदाबांदी का अनुमान
32.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:21 | सूर्यास्त 07:12

### नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने निकायों के अधिकारियों को दिया संदेश
# इस बार जीरो प्लास्टिक इवेंट बनेगी कांवड़ यात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पॉलिथीन, कप, थर्माकोल के उपयोग पर लगेगी रोक
- सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व स्वास्थ्य की होगी निगरानी
- कचरे के निस्तारण के लिए लगाए जाएंगे डस्टबिन

**अमृत विचार :** इस बार कांवड़ यात्रा जीरो इवेंट बनेगी। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक थैली, कप, प्लेट, थर्माकोल के उपयोग पर प्रभावी रोक 11 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावण मास में कांवड़ यात्रा लगेगा। सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व खाद्य सुरक्षा व स्वास्थ्य की विशेष निगरानी होगी।

प्लास्टिक मुक्त कांवड़ यात्रा के संकल्प को साकार करने के लिए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने निकायों के अधिकारियों को दिया है। हालांकि पॉलीथिन व प्रदूषण मुक्त महानगर का अभियान नगर निगम की ओर से पहले से चल रहा है। इस बार निगम के सीमा क्षेत्र में कांवड़ पथ पर सिंगल यूज प्लास्टिक की थैली, कप, प्लेट, थर्माकोल के उपयोग पर रोक सुनिश्चित करने के लिए जहां जगह जगह होर्डिंग्स व बैनर लगाए जा रहे हैं। वहीं जन जागरुकता के लिए स्कूलों व कॉलेजों में विशेष शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को इस मुहिम का हिस्सा बनाकर शिव भक्तों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कांवड़ शिविरों में भी नो प्लास्टिक का नारा दिया जाएगा।

**एनसीसी कैडेट, विद्यार्थी, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों की रहेगी भागीदारी**
कांवड़ यात्रा को जीरो प्लास्टिक इवेंट बनाने के लिए निगम प्रशासन ने एनसीसी कैडेट्स, स्कूल कॉलेज में विद्यार्थियों, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की है। जागरुकता कैंपेन में इनकी मुख्य भूमिका रहेगी। कांवड़ पथ पर यात्रा के दौरान जगह जगह इनके माध्यम से गंगा जल लेकर आने जाने वाले शिवभक्तों को भी इसके लिए जागरूक किया जाएगा।

**मार्गों की सफाई व प्रकाश की होगी बेहतर व्यवस्था**
कांवड़ यात्रा मार्गों और शिविर स्थलों पर सफाई व्यवस्था की बेहतरी के साथ पथ प्रकाश और शिविरों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। नगर आयुक्त ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए पत्र लिखा है।

> प्लास्टिक की थैलियां, कप प्लेट, थर्माकोल के प्लेट, कटोरी आदि का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया जाएगा। निगम की सहयोगी संस्था के अलावा अन्य स्वयंसेवी संगठनों, स्कूल कॉलेज में विद्यार्थियों, शिक्षकों के सहयोग से इसे सफल बनाएंगे। साफ-सफाई के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलेगा।
> – **दिव्यांशु पटेल**, नगर आयुक्त




Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.


## एक नजर

### कांवड़ पथ के निकट दुकानदारों को लिखना होगा नाम व पता
**अगवानपुर, अमृत विचार :** कांवड़ पथ यात्रा मार्गों के निकट खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों को अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर व खाद्य पंजीकरण नंबर लिखना अनिवार्य किया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने ग्राहक संतुष्टि फीडबैक के लिए एक स्टीकर तैयार कराया है। जिस पर दुकानदार सारी जानकारी अंकित करेगा। स्टीकर पर टोल फ्री नंबर व क्यूंआर कोड दिया गया है जिसके माध्यम से ग्राहक मौके पर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। विभाग के आयुक्त राजेश कुमार के मुताबिक कांवड़ पथ यात्रा मार्ग के जिलों में अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात किए जा रहे हैं। जिनकी जिम्मेदारी होगी कि कोई भी दुकानदार तय रेट से अधिक कीमत पर सामान न बेचे।

### मोबाइल देने से मना करने पर युवक पर डंडे से हमला
**छजलैट, अमृत विचार :** मोबाइल देने से मना करने पर युवक को मारपीट का गंभीर रूप से घायल दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। छजलैट निवासी जुनैद पुत्र जाकिर ने थाना छजलैट में तहरीर देकर बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे गांव में ही स्थित नहर के निकट था। तभी गांव के ही मोहसिन ने उससे फोन मांगा। मना करने पर मोहसिन ने सर पर डंडे से वार कर दिया और मोबाइल छीनकर और तोड़ दिया। आरोपी के हमले से जुनैद घायल हो गया जिसका ग्रामीणों ने एक प्राइवेट डॉक्टर के यहां उपचार कराया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कांवड़ यात्रा मार्ग के अवरोध दूर कराएं
### डीएम व एसएसपी ने किया मुरादाबाद-हरिद्वार कांवड़ मार्ग पर हरथला से कांठ तक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कहा- सड़कों की मरम्मत व पेड़ों की छंटाई में न हो देर, बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह ने एसएसपी सतपाल अंतिल के साथ बुधवार को मुरादाबाद-हरिद्वार कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से दो टूक कहा कि कांवड़ यात्रा में आने वाले अवरोधों को तत्काल दूर कराएं। टूटी सड़कों की मरम्मत, पेड़ों की टहनियों की छंटाई, सफाई और प्रकाश व्यवस्था के साथ सुचारू यातायात सुनिश्चित होना चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीएम व एसएसपी ने मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर हरथला, सेरुआ चौराहा, अगवानपुर, कैंच की पुलिया, छजलैट और कांठ आदि स्थानों पर पहुंचकर व्यवस्था देखी। प्रकाश व्यवस्था, पेड़ों की टहनियों की छंटाई, सड़कों के गड्ढे भरकर मार्ग को अवरोध मुक्त करने के साथ रास्ते में पड़ने वालों गांवों में भी सफाई और मुख्य मार्ग पर यातायात प्रबंधन को शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने अगवानपुर में नाले की सफाई कराने और छजलैट में चौराहे पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कहा। निर्देश दिया कि कांवड़ मार्ग पर जल भराव की समस्या नहीं आनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कांठ संत दास पंवार, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कावड़ मार्ग पर ढीले तारों को ठीक करा लें, यदि कहीं खुले में ट्रांसफार्मर रखे हैं तो उनकी बैरिकेडिंग करा दें। मार्ग के किनारे बिजली के खंभे पर करंट प्रवाह न हो इसके लिए खंभों की निश्चित ऊंचाई तक पॉलिथिन से ढकने के लिए कहा।


अधिकारियों से जानकारी लेते डीएम अनुज सिंह, साथ में एसएसपी सतपाल अंतिल।

### एसएसपी बने गुरु जी, बच्चों की क्लास ली

निरीक्षण के दौरान विकास खंड छजलैट के ग्राम शेरपुर रुस्तमपुर में दोनों अधिकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुंच गए। उन्होंने स्कूल में बच्चों से पढ़ाई को लेकर बातचीत की। परिसर के निरीक्षण में मिली कमियों को ठीक कराने का निर्देश ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान को दिया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कक्षा में पढ़ाकर गुरु की भूमिका भी निभाई।

## मेरठ-लखनऊ वंदे भारत का वाराणसी तक हुआ विस्तार
**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे यात्रियों के लिए खुशखबरी है। मेरठ सिटी-लखनऊ के बीच चल रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को अब वाराणसी तक विस्तारित कर दिया गया है। जिसका संचालन आगामी 27 अगस्त से किया जाएगा।

रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या-22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ-मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन अब वाराणसी स्टेशन तक किया जाएगा। जिसमें वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-22490 (मेरठ सिटी से वाराणसी) का संचालन 27 अगस्त 2025 से शुरू होगा। जबकि ट्रेन संख्या-22489 (वाराणसी से मेरठ सिटी) का संचालन भी 27 अगस्त 2025 से ही किया जाएगा। इससे मेरठ, लखनऊ व वाराणसी के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक रेल सेवा का लाभ मिलेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वह नई समय-सारणी और स्टॉपेज की जानकारी के लिए समय-समय पर अपडेट लेते रहें।

# मीट व्यापारी से लूट के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली
संवाददाता, बिलारी


पुलिस की हिरासत में लूट के आरोपी।

- बिलारी पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हाथीपुर के पास 27 जून की शाम मीट व्यापारी के साथ हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया। तीन आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। जिसमें एक आरोपी के गोली लगी, पुलिस ने इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपियों के पास से लूट की रकम आदि भी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

रुस्तम नगर सहसपुर में कुंदरकी थाना क्षेत्र के मोहल्ला लाइनपार निवासी मोहम्मद नसीम पुत्र छिद्दा हुसैन मुर्गा मीट की दुकान चलाता है। 27 जून को वह शाम के वक्त वापस लौट रहा था। शाम 6:30 बजे बाइक सवार बदमाशों ने मीट व्यापारी को रोककर बिक्री की रकम लूट ली। बुधवार को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ढकिया नरू की तरफ लूट की घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी आ रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा तो इस बीच उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक गोली अब्बास उर्फ इमन पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी मुरादाबाद ख्वाजा नगर कोहिनूर तिराहा के पैर में लगी। पुलिस ने मुरादाबाद के झब्बू का नाला निवासी अयान पुत्र रियाज मलिक व जुनैद पुत्र बशीर आलम निवासी भूड़े का चौराहा मुरादाबाद को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास दो तमंचे कारतूस और लूटी गई रकम के 9500 के अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि भी बरामद हुए। आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### ट्रक ने टेंपो को मारी टक्कर दंपती की मौत, दो घायल
**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर स्थित टोल प्लाजा के पास एक ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार दंपती की मौत हो गई। जबकि टेंपो चालक का बेटा व मौसेरा भाई गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दंपती को मृत घोषित कर दिया और घायल को मुरादाबाद रेफर किया गया। बरेली के आंवला के गांव बेहटा निवासी अजय(25) पुत्र वीरपाल जोकि नोएडा में टेंपो चालक है। वह नोएडा से गुरुवार को गांव बेहटा आया था। मंगलवार को वह पत्नी पूनम के साथ शाम 7 बजे टेंपो से आंवला से नोएडा लौट रहा था। अजय के साथ उसका मौसेरा भाई कासगंज के गांव नमैनी निवासी पुष्पेंद्र भी था। मंगलवार देर रात करीब 11 बजे टेंपो टोल प्लाजा इब्राहिमपुर के पास पहुंचा। इस बीच विपरीत दिशा की ओर से आ रहे ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। टेंपो के परखच्चे उड़ गए। टेंपो चला रहे अजय व पूनम को गंभीर चोटें आई। हादसे में अजय का बेटा प्रिंस(3) और उसका मौसेरा भाई पुष्पेंद्र गंभीर घायल हो गया। सभी को पुलिस सीएचसी लाई, जहां डॉक्टरों ने अजय व पूनम को मृत घोषित कर दिया। जबकि पुष्पेंद्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए भेजा गया। पुलिस ने मृतकों के मिले सामान के आधार पर उनकी पहचान की। इसके बाद परिवार के लोगों को सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचने के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने सब का पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी।

### वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** घर से हरिद्वार ड्यूटी पर बाइक से निकले बाइक सवार की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव पांडला निवासी रजनीश त्यागी(35) पुत्र उदयवीर त्यागी उत्तराखंड स्थित हरिद्वार में फैक्ट्री में नौकरी करता है। वह माता-पिता व भाइयों से मिलने आया था। मंगलवार की रात 9:00 बजे हरिद्वार जाने के लिए निकला था। घर से 7 किलोमीटर दूर मलकपुर सेमली व सुरजन नगर मार्ग पर स्थित वहापुर गांव के निकट उसकी बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तत्काल घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जेब से मिले आधार कार्ड से पुलिस ने सूचना परिजनों को दी। जवान बेटे का सब देखकर मां कमलेश देवी व पिता उदयवीर सिंह बेहोश हो गए।

### पुलिस सख्त, नियम न मानने पर होगी कार्रवाई
**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। संभावित भीड़ और धार्मिक आयोजनों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एसएसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर तैयारियां की जा रही हैं। बुधवार को क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर सुनीता दहिया ने थाना नागफनी परिसर में डीजे संचालकों और कांवड़ यात्रा से जुड़े जत्थेदारों के साथ बैठक की। स्पष्ट निर्देश दिया कि वह निर्धारित ध्वनि सीमा के भीतर ही डीजे का उपयोग करें। साथ ही बिना अनुमति के डीजे बजाना, जुलूस निकालना या धार्मिक आयोजन करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। जत्थेदारों से अपील की गई कि वे जुलूसों में संयम बरतें, किसी भी प्रकार की भड़काऊ नारेबाजी या आपत्तिजनक व्यवहार से बचें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। सीओ ने कहा कि पुलिस प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है, लेकिन नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में थाना नागफनी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को रोकना नहीं, बल्कि शहर में अमन-चैन बनाए रखना है। इस दौरान दोनों पक्षों ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की सहमति जताई।

### दो ऑटो की टक्कर में युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल
**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर दो ऑटो की आमने-सामने टक्कर में ऑटो में बैठे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार की देर रात हुसैनपुर के सामने दो ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। ऑटो में बैठीं सवारियों में चीख पुकार मच गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं अन्य सवारियों को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां एक व्यक्ति को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हल्का प्रभारी उप निरीक्षक मुरलीधर चौहान ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

## पुलिस ने नवजात के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम को भेजा
संवाददाता, भोजपुर

- डीएम के निर्देश पर पहुंचीं नायब तहसीलदार

**अमृत विचार:** डीएम के आदेश पर बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने कब्र खोदकर नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

सोमवार की देर शाम पीपलसाना स्थित ईदगाह केपास क्रिकेट खेल रहे बच्चों को खंडहरनुमा मकान में पॉलिथीन में नवजात का शव मिला था। प्रधान प्रतिनिधि मुजफ़्फ़र ने पुलिस को तहरीर दिए बिना कब्रिस्तान में शव को दफन कर दिया था। खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी ने बीट कांस्टेबल राहुल कुमार की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि एवं अज्ञात के खिलाफ साक्ष्यों को मिटाने के लिए गुपचुप तरीके से शव को दफनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर शव कब्र से निकालने की अनुमति मांगी थी। डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार भोजपुर पल्लवी वानिया ने मौके पर पहुंचकर शव कब्र से निकलवाया।


नवजात के शव को कब्र से निकलवातीं मजिस्ट्रेट पल्लवी वानिया एवं पुलिस।

# विरोध के बीच भोगपुर मिठोनी में ढहाया अवैध निर्माण

- चकरोड में दर्ज भूमि पर निर्माण को हटाने के दौरान नोकझोंक
- पुलिस बल व निगम के प्रवर्तन दल ने लोगों को संभाला


विरोध करने वालों को समझाते अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार। ● अमृत विचार


अवैध निर्माण ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने बुधवार को भोगपुर मिठोनी उर्फ सिरकोई में सार्वजनिक भूमि पर किए अवैध निर्माण को विरोध व नोकझोंक के बीच ध्वस्त कराकर निगम के अधिकार में ले लिया। कई बार हंगामा होने की स्थिति बनी। निगम के अधिकारियों के निर्देश पर प्रवर्तन दल के सदस्यों व स्थानीय पुलिस टीम ने स्थिति को संभाला।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल के प्रभारी व टीम के अन्य सदस्यों के साथ कार्रवाई के लिए भोगपुर मिठोनी उर्फ सिरकोई के गाटा संख्या 1037 पर चकरोड में दर्ज सार्वजनिक भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने वालों ने जमकर विरोध किया। निगम के अधिकारियों ने कहा कि बार बार नोटिस के बाद भी अवैध निर्माण व अतिक्रमण नहीं हटाया गया। लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों ने निगम पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर विरोध व नोकझोंक किया। अपर नगर आयुक्त ने सरकारी कार्य में बाधा न डालने की चेतावनी देते हुए कार्रवाई जारी रखी। जेसीबी से सार्वजनिक भूमि पर किए अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई। आसपास के लोग जिसमें पुरुष व महिलाएं भी जुट गए थे। इससे माहौल बिगड़ने की आशंका बढ़ गई थी। टीम ने सतर्कता के साथ कार्रवाई कराकर भूमि को अपने अधिकार में लिया। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि चकरोड की सरकारी भूमि पर कब्जे से लोगों का रास्ता भी बाधित हो रहा था।

नगर आयुक्त ने कहा कि किसी को भी नगर निगम या सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण या अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। जिसने पहले से ऐसा किया है उसके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# परियोजनाएं नवाचारी व नागरिक हितैषी
कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की अंकुश समिति के अध्यक्ष एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसु रात में मुरादाबाद पहुंचे। उन्होंने समिति के सदस्य

एमएलसी डा. जयपाल सिंह व्यस्त के साथ नगर निगम की परियोजनाओं संविधान साहित्य वाटिका, स्पंदन सरोवर, संविधान साहित्य वाटिका व हनुमान वाटिका का बुधवार की रात में निरीक्षण किया। समिति ने निगम के इन महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं के कार्यों की सराहना कर प्रदेश के अन्य नगर निगमों में इससे प्रेरणा लेने के लिए कहा।

समिति के अध्यक्ष ने नगर निगम की इन परियोजनाओं को नवाचारी एवं नागरिक हितैषी बताया। उन्होंने स्पंदन सरोवर, संविधान साहित्य वाटिका और हनुमान वाटिका को विकसित मनोरंजन, संवैधानिक मूल्यों, पर्यावरण एवं सांस्कृतिक विकास में उत्कृष्ट मिशाल बताया। समिति ने कंपनी बाग में फाइव डी मोशन थिएटर, बुद्धि विहार में बने संविधान साहित्य वाटिका, हनुमान वाटिका को ऐतिहासिक व देश की महत्वपूर्ण धरोहर बताया।

कंपनी बाग के चिल्ड्रेन पार्क में बने मिरर इमेज भूलभुलैया को भी देखा। कहा कि यह अद्भुत है। यह बच्चों और परिवारों के लिए एक अनोखा अनुभव है।

5 डी मोशन थिएटर में रोमांच का अनुभव समिति ने किया। संविधान साहित्य वाटिका को देखकर कहा कि यह संविधान व साहित्य का विरासत है जो लोगों को देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की भूमिका को लोगों को जानकारी देने में अहम है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस वाटिका का 25 जून का लोकार्पण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया था।

स्पंदन सरोवर में लाइट एंड म्यूजिक लेजर शो की भी टीम ने सराहा। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत कुमार, पर्यवेक्षण अधिकारी आशुतोष राय, नगर के पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


हनुमान वाटिका का निरीक्षण करते विधान परिषद की अंकुश समिति के अध्यक्ष एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसु व सदस्य एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

- विधान परिषद की अंकुश समिति के सदस्यों ने स्पंदन सरोवर, संविधान व हनुमान वाटिका का भ्रमण किया
- फाइव डी मोशन थिएटर में लिया पिक्चर देखकर आनंद, परियोजनाओं की सराहना की

### दहेज हत्या में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग
**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में लगभग एक माह पूर्व दहेज की मांग को लेकर हुई सना हत्याकांड को लेकर पीड़ित पिता ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर आरोपियों को गिरफ्तार कराए जाने की मांग की है। हल्द्वानी के इंदिरा नगर निवासी जियाउद्दीन कुरैशी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के लोकसभा प्रभारी ने बेटी सना उर्फ नेहा का निकाह 3 वर्ष पूर्व मोहम्मद खालिद पुत्र नसीम उर्फ लड्डन निवासी ग्राम गढ़ी कांठ के साथ किया था। 27 मई को दहेज लोभियों ने गला घोंट कर सना को मौत के घाट उतार दिया था। इस संबंध में पीड़ित पिता ने डॉ.जाहिद, खालिद, मुशाहिद, साजिद, पुत्रगण नसीम और उनकी पत्नियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एक आरोपी गिरफ्तार हुआ है। पीड़ित पिता ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।



आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली व हल्द्वानी को
सीनियर मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की
अनुभवी को वरीयता ● फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं
योग्यता :- न्यूनतम स्नातक
नोट:- कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी होनी चाहिए
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 9793602233
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

## सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of
Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# राजनीति व शिक्षा में आगे आएं युवा

## चंदा खड़ताल में भुर्जी समाज के वार्षिक सम्मेलन में बोले एमएलसी गोपाल अंजान

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर के दक्षिण में स्थित में चंदा खड़ताल स्थित श्री चंद्रदेव जी महाराज के प्राचीन मंदिर में परंपरागत वार्षिक सम्मेलन मेले और भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें यूपी के अलावा हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान व उत्तराखंड से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने परिवार सहित भागीदारी की। परंपरा के अनुसार नव विवाहित जोड़ों ने मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त किया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एमएलसी गोपाल अंजान ने कहा कि चंदा खड़ताल में चार करोड़ की लागत से एक विशाल हाल और छह कमरे बनवाने के लिए मुख्यमंत्री धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भुर्जी समाज द्वारा निर्मित प्रसाद ही देश भर के मंदिरों में अर्पित किया जाता है। हमारी मांग है कि सरकार अन्न कला बोर्ड का गठन करे ताकि अन्न संबंधी कार्य करने वाले कामगारों का भला हो। उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने और सभी से संगठित रहने का आह्वान किया। रामनगर उत्तराखंड के व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश चंद्रा ने कहा कि विवाह में फिजूल खर्ची बंद करें। माता-पिता के परामर्श से ही विवाह करें क्योंकि जीवन में अनेक मोड़ आते हैं परेशानियां पैदा होती हैं। मुरादाबाद समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बाबू ने समाज की कमियां दूर कर बच्चों को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। लखनऊ के अरुण आजाद ने कमेटी की सराहना की । शाहबाद से आए अमित चंद्रवंशी ने कहा कि जाति और पहचान को छुपाएं नहीं बुजुर्गों की विरासत को आगे बढ़ाने का काम करें। जातिगत जनगणना की टीम जब आपके पास आए तो आप उसमें भुर्जी जाति ही लिखवाएं।



बिलारी में भुर्जी समाज के वार्षिक सम्मेलन में बोलते एमएलसी गोपाल अंजान।

- श्री चंद्रदेव जी महाराज के प्राचीन मंदिर में मेले का आयोजन

सम्मेलन को शाही बरेली से आए श्रीराम चंद्रवंशी, शिवम कुमार चंद्रवंशी,मुरादाबाद, अमेठी के ओम प्रकाश चंद्रवंशी आदि ने संबोधित किया। कमेटी के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने सभी का आभार जताया।

इस अवसर पर बाहर से आए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

### इनको मिला सम्मान

हाई स्कूल और इंटर के बीस मेधावियों को सम्मानित किया गया जिनमें इंटर की प्राची चंद्रा रोहतास, संजना, रवि कुमार, कोमल, स्वाति, निकिता, खुशबू, कशिश नितिन कुमार और हाई स्कूल के आदित्य चंद्रा, पायल, अंशिका, दिशा चंद्रा, अभिषेक चंद्रा, हनी, अनिका चंद्रा, रिद्धि चंद्रा, निष्ठा चंद्रा संजना शामिल रहीं। वहीं समाज सेवियों ने शरबत और जल वितरण के शिविर भी लगाए , इसके लिए सिरसी के कमेटी को सम्मानित किया गया। मेला स्थल पर बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका के सफाई नायक अखिलेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक के साथ उनकी टीम, पुलिस टीम को नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन को सम्मानित किया गया।

मेले में सीएचसी की ओर से चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरिश्चंद्रा के निर्देशन में शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की गई। सवेरे से ही मंदिर में पूजा करने को भीड़ रही। मेले में बच्चों और महिला में आनंद लिया।

## 6 को काली माता मंदिर में पुजारी सम्मेलन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक बुधवार को लोकोशेड स्थित शक्तिलोक शिवालय में हुई। संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि लालबाग स्थित श्री काली माता मंदिर में रविवार को पुजारी सम्मेलन होगा। इसमें महानगर के मंदिरों के पुजारी, पुरोहित और ज्योतिषाचार्य उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विद्वान डॉ. जगदीश प्रसाद कोठारी करेंगे। सम्मेलन में महंत सज्जन गिरि, महामंडलेश्वर संजय नंद गिरि, साध्वी राघवेन्द्री जी, पीठाधीश्वर कृष्णा स्वामी, पीठाधीश्वर देवनारायणाचार्य, डॉ. मुकुल शास्त्री, आचार्य पंडित पुष्पराज शास्त्री आदि शामिल होंगे।

# मोहर्रम पर निकाला अलम मुबारक का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मोहर्रम की 6 तारीख को इमाम बारगाह मोहम्मदिया हॉल आज़ाद नगर में असबात-ए-हुसैन की जानिब से छठी मजलिस का आयोजन किया गया।

मजलिस में मौलाना सिरसवी ने अपनी तकरीर में कहा कि इंसान को अना यानी घमंड से बचना चाहिए। इस्लाम में अना को हराम करार दिया गया है। कर्बला में इमाम हुसैन ने शहादत देकर ये पैग़ाम दिया कि यज़ीद अपने घमंड में डूबा हुआ था, लेकिन ये नहीं जानता था कि वह इमाम हुसैन का सर तो कलम कर सकता है, मगर उसे झुका नहीं सकता। मजलिस से पहले आज़ाद नगर स्थित नन्हे मियां के घर से अलम मुबारक की सोज़-ओ-साज़ के साथ बरामदगी हुई जो अलग अलग मार्ग होते हुए इमाम बारगाह मोहम्मदिया हॉल पहुंचा। इस दौरान अजादारों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी करते हुए गम-ए-हुसैन मनाया। इस मौके पर मोहम्मदिया हॉल के सेक्रेटरी हाजी डॉ. कायम रज़ा, मौलाना मोहम्मद ज़मीर, ज़ैनुल काज़मी, इमाम-ए-मेहदी यूथ मिशन के अध्यक्ष हसन ज़ैदी एडवोकेट, परवेज नकवी, सवाब नकवी, दिलावर हुसैन, काशिफ भाई, वसी अब्बास, सादिक आबदी, सिब्ते जाफर, मीसम नकवी, अनीस हैदर, कलाम जाफर अब्बास, भूरे भाई, मासूम, पप्पू रामपुरी, सलीम भाई, आमिर खान, असद खान समेत अन्य अजादार मौजूद रहे।



जुलूस निकालते नन्हे अजादार।

## सार-संक्षेप

### गांव शहर का एक ही- नारा, शिक्षा है अधिकार हमारा




**छजलैट, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय हकीमपुर ( कंपोजिट ) में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण को सफल बनाने के लिए शिक्षकों ने जागरुकता रैली का आयोजन किया। रैली में डॉ कपिल सिरोही, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट ने कहा कि 06-14 वर्ष के सभी बच्चों का शत प्रतिशत विद्यालय में नामांकन होना है। प्रधानाध्यापक सर्मेंद्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व बताया। बच्चों ने शिक्षा व स्वच्छता संबंधी नारे लगाए। इनमें गांव शहर का एक ही- नारा शिक्षा है अधिकार हमारा, पढ़ी लिखी लड़की -रोशनी घर की आदि प्रमुख थे। रैली में मोनिका विश्नोई, किरण बाला, ब्रजबाला,डॉ कपिल सिरोही,रामचंद्र, रजनी अरोरा, मीनाक्षी वर्मा, अंजू चौधरी,शिक्षा मित्र हरपाल सिंह मौजूद रहें।

### स्कूल विलय के विरोध में दिया ज्ञापन



**कांठ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बेसिक स्कूलों के विलय के विरोध में प्रतिनिधि मंडल ने सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान को ज्ञापन दिया। प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के ज़िलाध्यक्ष रोहित मिश्रा व मंत्री रविकांत गहलोत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान से मिला और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष छजलैट वीरेंद्र चौधरी समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

### बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्ण बनाए जाने पर चर्चा



**छजलैट, अमृत विचार :** बुधवार को छजलैट थाने में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा हुई। एसडीएम संत दास पवार, सीओ गौरव त्रिपाठी ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। कुछ स्थानीय समस्याओं बिजली और पानी की आपूर्ति और सड़कों की मरम्मत पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने इन समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसडीएम संत दास पवार, सीओ गौरव त्रिपाठी, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### इंसानियत के लिए पैगाम हैं हजरत अली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर की लाल मस्जिद में आयोजित 10 रोजा ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की छठी महफिल में भी बुधवार की रात आलिम-ए-दीन हज़रत मौलाना मुफ्ती दानिश कादरी ने हज़रत अली की शान व अज़मत, बहादुरी, इल्म, इनसाफ़ और उनके सुनहरे किरदार पर बयान फरमाया। महफिल में मुफ्ती दानिश कादरी ने कहा कि हज़रत अली सिर्फ़ एक फिरके या गिरोह के नहीं हैं। बल्कि पूरी उम्मत-ए-मुस्लिम के लिए वजूद और फख्र की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि हज़रत अली का किरदार पूरी इंसानियत के लिए हिदायत और रोशनी है। उनकी बहादुरी, इल्म, दरियादिली और अदलियत आज भी मिसाल है। उन्होंने कहा कि हज़रत अली ने हमेशा मज़लूमों का साथ दिया, ज़ालिमों के खिलाफ़ सीना तान कर खड़े हुए। उन्होंने हज़रत अली के कुछ अनमोल क़ौल भी पेश किए, जिनमें इनसानियत, इल्म की अहमियत और अच्छे अखलाक का पैगाम मौजूद है। उन्होंने कहा कि अगर आज भी हम हज़रत अली के उसूलों को अपनाएं तो समाज में अमन, मोहब्बत और भाईचारे का माहौल पैदा हो सकता है। इस मौके पर हाफिज फाजिल अशरफी, रिजवान रहमान, शुजात अशरफी, रईस अशरफी शामिल रहे।

### सड़कों की मरम्मत ठीक से न होने पर रोष

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नगर पालिका परिषद की कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह से मुलाकात की। उन्हें नगर की विभिन्न जन समस्याओं से अवगत कराया । पवन पुष्पद ने रामलीला ग्राउंड के पास नाले ठीक से सफाई न होने पर जल भराव की समस्या को मुख्य रूप से उठाया। बताया कि नगर में लोगों ने नाले पर अतिक्रमण कर रखा है। जिससे लोगों के घरों पर दुकानों में भी पानी भर जाता है। पूर्व सभासद हेमेंद्र प्रताप ने मोहल्ला जाट वान की समस्याओं से अवगत कराया। जल निगम द्वारा खोदी गईं सड़कों की मरम्मत ठीक से न करने पर रोष व्यक्त किया। अधिशासी अधिकारी ने मोहर्रम के बाद विभिन्न समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया । भाजपा के प्रतिनिधि मंडल में नगर मंडल महामंत्री संजीव कुमार चौहान, पूर्व सभासद हेमेंद्र प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे ।

### कान्फ्रेंस में हज़रत अली की सीरत बयान की

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला नूरउल्लाह न्यू सरकारी अस्पताल के पीछे सिद्दीके अकबर मस्जिद में पैगामे हक फाउंडेशन की जानिब से दस रोज़ा यादे हुसैन कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें हज़रत अली की सीरत बयान की गई। कान्फ्रेंस का आग़ाज़ कुरआन शरीफ़ की तिलावत से कारी मुग़ीस ने किया। मुब्लिग़े दावते इस्लामी इन्डिया ग़ुलाम नबी अत्तारी ने ख़ुदा की हम्द और नबी ए करीम की शान में नातिया कलाम पेश किया। इसके बाद मौलाना दानिश रजा ने हजरत अली की सीरत पर रोशनी डालते हुए कहा नबी ए करीम ने इरशाद फ़रमाया जिसका मैं मौला उसका अली मौला। आख़िर में सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस दौरान ग़रीब नवाज़ रीलीफ फाउंडेशन की जानिब से लगंरे हुसैनी भी तकसीम हुआ इस मौके पर मुफ्ती बिलाल रज़ा, मौलाना ग़य्यूर अहमद, आफाकी कारी मेराज, आसिफ़ सुब्हानी, हाजी रियाज उद्दीन अत्तारी, अरकान क़ादरी, हाफ़िज़ फैज़ान आदि मौजूद रहे।

### बिजली कटौती से छजलैट के उपभोक्ता परेशान

**छजलैट, अमृत विचार :** छजलैट क्षेत्र के उपभोक्ता को गांव भीकनपुर स्थित उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति की जाती है। क्षेत्र के किसान विनोद कुमार, चंद्रपाल सिंह, राजपाल सिंह, अमित कुमार, ऋषिपाल सिंह, विजयपाल सिंह, हरपाल सिंह का कहना है कि लगातार कई घंटे बिजली गुल रहने से किसानों के नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। इस समय गन्ने की फसल एवं किसानों के खेतों में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है लेकिन नियम अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते किसानों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। छजलैट में बुधवार को लगभग 12 :00 बजे से बिजली गुल है।

### यूकेलिप्टस के पेड़ काटने के विरोध पर महिला को पीटा

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की नन्ही पत्नी इकबाल निवासी रुस्तम सराय ने बुधवार की सुबह पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही चार लोगों द्वारा उसके खेत पर खड़े यूकेलिप्टिस के 20 पेड़ काट लिए। पीड़िता और उसकी बेटी ने विरोध किया तो चारों ने मिलकर उनसे मारपीट की और घर में घुसकर पति के साथ मारपीट करते हुए पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह का कहना है कि जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली को लेकर किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। सात सूत्रीय जन समस्याओं का मांग पत्र उपखंड अधिकारी रणजीत सिंह को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि रामू वाला गणेश चौराहे पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिस पर कई कामर्शियल कनेक्शन हैं। ओवरलोड के कारण हाईवे से उत्तर दिशा में आपूर्ति करने वाला केबिल आए दिन स्पार्किंग से टूटता रहता है। उपभोक्ता अंधेरे व गर्मी में रात गुजारने को मजबूर होते हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। जिससे ग्रामीणों में विभाग की लापरवाही के प्रति आक्रोश व्याप्त है। निजी नलकूपों पर केवल तीन से चार घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है इससे किसानों की धान की फसल की रोपाई पिछले सप्ताह से प्रभावित है। किसानों ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान जिला सचिव हर स्वरूप सिंह ,रवि चौहान, अर्जुन सिंह ,उदयवीर सिंह, गगनदीप सिंह ,नौशाद अली, हरपाल सिंह, मोहम्मद हनीफ, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे1




एसडीओ रणजीत सिंह को ज्ञापन सौंपते किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता।

- किसान मजदूर सभा ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**ये उठाई मांगें:** रामू बाल गणेश चौराहे पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर, कमजोर व खराब केबल को बदलवाने, नलकूपों पर 12 घंटे आपूर्ति, उपभोक्ताओं को बिना कटौती के 18 घंटे आपूर्ति, गलत बिलों को सही कराने व साहिबगंज में जर्जर तारों के स्थान पर पीवीसी केबल लगाने की मांग उठाई।

# बथुआखेड़ा में कराया बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य



बैग लगाकर मोड़ा गया ढेला नदी के जल स्तर कारुख।

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** पिछले साल बारिश में ढेला नदी ने मानपुर दत्ताराम के अंतर्गत नदी के दाएं किनारे स्थित ग्राम बथुआखेडा की ओर कटान करना शुरू कर दिया था। स्थिति इतनी भयावह थी कि नदी इस गांव से मात्र 50 मीटर की दूरी पर बह रही थी।

गांव को ढेला नदी की बाढ़ से बचाने को ग्रामीणों ने गुहार लगाई थी। अधिशासी अभियंता अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर अवधेश कुमार शर्मा द्वारा निरीक्षण कर अधीनस्थों को कार्रवाई के निर्देश दिए। नदी का रूख गांव के विपरीत दिशा में मोड़ने हेतु विभाग द्वारा लगभग प्रवाह पथ की सफाई कराकर नदी का प्रवाह क्यूनेट में जारी रखने के लिए लगभग 60 मीटर में मिट्टी से भरे सीमेंट के खाली बैग्स को नायलोन वायर क्रेट में पैकिंग कर डिफ्लेक्शन स्टड बनाकर नदी का रूख मोड़ दिया। वर्तमान में नदी पूर्ववर्ती दिशा में प्रवाहित हो रही है। साबिर अली, शाहिद हुसैन, जमशेद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आभार जताया है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता राणा मनोविंद व जू इं रंजन भारद्वाज, मो.अहमद एवं आकिल अली टीम में शामिल रहे।

- ढेला नदी का रूख मोड़ने में कामयाब रहा सिंचाई विभाग

## भोजन वितरित कर किया रोटरी के सत्र का आरंभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस के द्वारा जैन मंदिर जेल रोड पर निःशुल्क रोटरी भोजनालय के अंतर्गत राहगीरों को भोजन वितरित कर रोटरी सत्र 2025-26 का आरंभ किया।

क्लब की अध्यक्ष रश्मि गोयल ने बताया कि क्लब द्वारा सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है। जनपद मुख्यालय पर लोग विभिन्न कार्यों से आते जाते रहते हैं। वह भूखे न रहें इसके लिए निःशुल्क भोजनालय सेवा कर रहा है। क्लब के सचिव प्रियांक अग्रवाल ने बताया कि 500 राहगीरों को भरपेट भोजन कराया गया। प्रायोजक व संयोजक रोटेरियन संजय सिंघल ने बताया कि जो आनंद किसी की आवश्यकता में उनकी सहायता व सेवा करके आता है उसकी अनुभूति से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान विवेक गोयल, गुरप्रीत सिंह दुआ, मुकुल अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, नेहा सिंघल, सागर राय, दीपक अग्रवाल अन्य लोग मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने पुत्रों शिवकुमार, अखिलेश पुत्रवधुओं रजनी, काजल को गलत सोहबत के कारण संबंध विच्छेद कर चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके लेन-देन व कृत्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं है।
**श्रीमती वीना देवी पत्नी चन्द्रपाल, दुर्गेश नगर, कटघर, मुरादाबाद।**

**NOTICE**

I, Ashish Kumar agarwal S/o Shri Yatendra Kumar agarwal add. A22 , Krishna vihar, civil lines, Rampur, 244901 have changed my name from Ashish Kumar to Ashish Kumar agarwal for all future purposes.

**सूचना**

मैंने अपना नाम RAHEES से बदलकर RAHEES SALMANI S/O BABBAN SALMANI ग्राम बादली टांडा रामपुर रख लिया अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ0 दानिश, मौ0 सनिब, मौ0 अमजद अहमद, अरशद अहमद व पुत्रियां असमा परवीन, इल्मा परवीन, नगमा परवीन व अमरीन के गलत आरण एवं दुर्व्यवहार से तंग आकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यह सभी अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **अब्दुल गफ्फार पुत्र श्री मौ0 युसूफ निवासी लकड़ा, धनौरा रोड, ईदगाह मोड़ के पास अमरोहा जिला अमरोहा।**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र पॉल मसीह उर्फ सचिन मसीह व उसकी पत्नी कल्पना के प्रेम विवाह किए जाने व गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **थॉमस मसीह पुत्र मुख्यार मसीह निवासी ग्राम मरियमपुर चौकी ईशानगर थाना बिलासपुर जिला रामपुर उ0प्र0**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### 11 और 12 को होंगी 10वीं व 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षा

रामपुर, अमृत विचार : हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा 11 और 12 जुलाई को राजकीय रजा इंटर कालेज में होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि जीव विज्ञान के लिए ममता रानी जबकि, गृह विज्ञान के लिए रेनू चौहान को परीक्षक बनाया है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 तक चलेगा

रामपुर, अमृत विचार : जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 जुलाई 2025 तक एवं दस्तक अभियान के 11 से 31 जुलाई 2025 तक होगा। जनसामान्य के सहयोग को लेकर प्रचार-प्रसार और उससे होने वाली बीमारियों एवं मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव एवं खेतों में कृतक नियंत्रण के प्रभावी एवं सुरक्षित उपायों से जनसमुदायों को अवगत कराते हुए घरों एवं उनके आस-पास चूहा एवं छछूंदर नियंत्रण जागरूकता अभियान चलाया जाना है।

### 8 जुलाई तक लें प्रवेश

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर महिला, स्वार, बिलासपुर, शाहबाद में प्रवेश सत्र-2025 प्रवेश चरण का प्रथम परिणाम घोषित हो चुका है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रवेश के लिए विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, वह विभागीय वेबसाइट पर अपना प्रथम चरण परिणाम देखकर बुलावा पत्र में अंकित व्यवसाय एवं संस्थान में सम्पर्क स्थापित करें। अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों, अंक पत्रों की प्रति मूल रूप में एवं पासपोर्ट साइज फोटो सहित 8 जुलाई तक अवकाश सहित अपना प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

### रालोद ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने तहसील सदर पहुंच कर तहसीलदार केके चौरसिया को मांग पत्र सौंपा। जिसमें रालोद महासचिव ने कहा है कि ग्राम पंचायत दबका तहसील सदर में ग्रामीण द्वारा अवैध मैरिज हॉल का निर्माण किया जा रहा है। उस पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में शाकिर अली, शकील सैफी, मंजू खान मौजूद रहे।

## मध्यस्थता अभियान से होगा मामलों का निस्तारण

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मीडिएशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मध्यस्थता से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराना है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सिंह ने बताया कि अभियान में वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति के बंटवारे, बेदखली, भूमि अधिग्रहण व अन्य दीवानी मामलों का मध्यस्थता से निस्तारण होगा। मुकदमे को मध्यस्थता से निस्तारित कराने के लिए न्यायालय के पीठासीन अधिकारी से आग्रह किया जा सकता है या कचहरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भी प्रार्थना पत्र दिया जा सकता है।

### नगर पालिका पर नोटिस भेजकर लोगों को परेशान करने का लगाया आरोप

## गृहकर-जलकर बढ़ाने पर व्यापारियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



नगर पालिका चेयरमैन से वार्तालाप करते व्यापारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर व्यापारी एकत्र हुए। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी के नेतृत्व में एकत्र होकर व्यापारी नगर पालिका पहुंचे। वहां सभी ने नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की। उसके बाद ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून को सौंपा। जिसमें कहा कि लगातार नोटिस भेजकर लोगों को हाउस और वाटर टैक्स को लेकर परेशान किया जा रहा है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि पूरे नगर में लगातार वर्ष 2019 से अब तक का हाउस टैक्स व वाटर टैक्स 50 गुना बढ़ा दिया गया है। लगातार नोटिस नगर पालिका परिषद द्वारा जारी किए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद की ओर से बढ़ाया हाउस ट्रैक्स व वाटर टैक्स समाप्त नहीं कराया गया है, जबकि व्यापार मंडल द्वारा लगातार आम जनता के ऊपर हो रहे जुल्म व अत्याचार को रोकने के लिए आवाज बुलंद की जा रही है।

आम जनता, व्यापारी समाज व नगर पालिका सीमा के तहत आने वाले उद्योगों व लघु उद्योगों पर भी भारी भरकम टैक्स वसूलने की तैयारी चल रही है। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से शहर अधिक पिछड़ा हुआ है। यहां से रोजगार के अभाव में 40 प्रतिशत जनता यहां से दूसरे प्रदेशों अन्य देशों पलायन कर चुकी हैं। हाउस टैक्स व वाटर टैक्स 50 गुना बढ़ने से पूरे शहर के लोग हताश व परेशान हैं। जनता में अब नगर पालिका परिषद की दहशत दिल में बैठ गई है। इस अवसर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, सुरेश यादव, फईम अहमद, अब्दुल वासिक, पप्पू खान, पुलकित, दिनेश रस्तोगी, राज बहादुर यादव, ओम प्रकाश सागर, संजू शर्मा, विजय अग्रवाल, सामी खान, विजय सैनी, शाहिद खुसरो, इमरान खान, मेराज हुसैन, कन्हैया लाल पटवा, दिलशाद अहमद, प्रभात गर्ग, अंकुर अग्रवाल आदि सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### फसल बीमा कराने की तिथि 31 जुलाई

रामपुर, अमृत विचार : जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने किसानों को बताया कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वित्तीय 2025-26 के लिए इफको टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को नामित किया है। खरीफ मौसम 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराने की तिथि 31 जुलाई है। बीमा के तहत अलग अलग फसलों का क्लेम तय किया है। प्राकृतिक आपदा ओलावृष्टि, भूस्खलन, जलभराव, बेमौसम, चक्रवाती वर्षा, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग व चक्रवात से फसलों में हुई क्षति, फसल कटाई बाद 14 दिनों तक खेत में सुखाई रखी गई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवाती वर्षा, बेमौसम बारिश से क्षति बीमा में शामिल है। ऐसी कोई आपदा आने पर किसानों को 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर-14447 पर सूचना करना अनिवार्य है। कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में खरीफ फसलों का बीमा कराने का कष्ट करें। ताकि प्राकृतिक आपदा फसलों की क्षति की स्थिति में फसलों क्षति की प्रतिपूर्ति प्राप्त होने से आपकी आय स्थिर बनी रहें। बीमा कराने के लिए नियम व शर्तों की अधिक जानकारी के लिए कृषि भवन में जाकर जानकारी कर सकते है।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व चिकित्सकों को किया सम्मानित



रामपुर, अमृत विचार : लायंस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर द्वारा शहर के प्रमुख सेवा क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया। क्लब प्रतिनिधियों ने चार्टर्ड एकाउंटेंट सीए के एम टंडन, सीए परमजोत, एवं सीए शिवांग अग्रवाल के कार्यालय पहुंचकर उनके योगदान को सराहा। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डी के वर्मा, प्राइवेट प्रैक्टिस में सक्रिय डॉ. एम के गुप्ता और डॉ. अर्पित गुप्ता को भी उनके कार्यालय में जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर के अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता, सचिव शोभित गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर जगन्नाथ चावला के साथ क्लब के अन्य सक्रिय सदस्य हरीश अरोरा, अभय शंकर अग्रवाल, अश्विनी पाहवा, अशोक कश्यप, अखिलेश कश्यप एवं संजय रस्तोगी भी उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने बताया कि यह सम्मान समाज के प्रति समर्पित उन व्यक्तियों को दिया गया है जो अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहे हैं।

### डॉक्टर और चार्टेर्ड अकाउंटेंट को सम्मानित किया



रामपुर, अमृत विचार : भारत विकास परिषद की तीनों शाखाओं मुख्य, संकल्प और महिला भारती ने डॉक्टर दिवस और सीए दिवस पर सम्मान कार्यक्रम किया। वीपी कॉलोनी स्थित होटल में 11 डॉक्टर और 9 चार्टेर्ड अकाउंटेंट को सम्मानित किया। संकल्प शाखा के अध्यक्ष सजल अग्रवाल ने बताया की हेल्थ और वेल्थ दोनों एक साथ चलती है। मुख्य शाखा के अध्यक्ष ने कहा की भारत विकास परिषद में जो सदस्य डॉक्टर और चार्टेर्ड अकाउंटेंट है वो सेवा भाव से काम करते है इसलिए ही हम आज उन्हें सम्मानित कर रहे हैं। कार्यक्रम में अजय अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सजल अग्रवाल, अंकुर मदान, शलभ अग्रवाल,अधीश अग्रवाल, नमन अग्रवाल, सृष्टि अग्रवाल, काव्य गुप्ता को सम्मानित किया। डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. टीएन गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार भटनागर, डॉ. वीवी शर्मा, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, गुंजन अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, डॉ. हिमांशु अनेजा, डॉ. दीपांशु गुप्ता, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, डॉ. सृष्टि बंसल का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में माधव गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, जगन्नाथ चावला, दीपक पुंडीर,अनीता वैश्य, श्वेता वर्मा, वविता गुप्ता, विनोद कश्यप, विकास पांडेय, प्रतीक शर्मा, पुलकित अग्रवाल, मुकुंद चांदीवाला, मुदित अग्रवाल, आकाश रस्तोगी, अर्पित खंडेलवाल, महेश जुनेजा, संजय रस्तोगी, आरके जैन आदि लोग मौजूद रहे।

### खोखा लगाने वालों ने सभासदों के साथ ईओ को सौंपा ज्ञापन



टांडा, अमृत विचार : बुधवार को पालिका सभासदों के साथ खोखा किरायेदार ईओ पुनीत कुमार से उनके कार्यालय में मिले और ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि पालिका द्वारा जालपुर माइनर पर उन्हें खोखे दिए थे। वह पालिका को किराया भी अदा कर रहे हैं। परंतु अब नहर विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा उन्हें नोटिस जारी कर खोखे हटाने को कहा गया है, जिससे वे और उनका परिवार परेशान हैं। खोखा किरायेदारों ने सभासदों के माध्यम से अधिशासी अधिकारी से कहा कि जालपुर माइनर पर रखे खोखों को हटाने से पहले उनके लिए नगर में किसी उचित स्थान पर खोकर रखने की अनुमति प्रदान की जाए। ईओ ने इस सम्बंध में वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता करने की बात कही है। इस अवसर पर शिकायती पत्र देने वालों में जीशान, शमी, राजा, खालिद, तफसील, मोहम्मद जावेद, शकिर, रूप किशोर मुकेश, चन्द्रपाल, दयाराम, राजकुमार, उवैस, अफजाल, इरशाद, फरमान, आरिफ, राशिद, जलीस सहित सभासद एम सगीर, तस्लीम पहलवान, अकील राना, मतीन कुरैशी आदि रहे।

## सड़क के गड्ढों से होकर गुजरेंगे कांवड़िये

### 11 जुलाई से शुरू हो रहा सावन, 14 को पहला सोमवार, नहीं सुधर रहे सड़कों के हालत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



नरेश शर्मा।



भमरौआ रोड पर सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर।



सड़क पर पड़ी लकड़ी और कीचड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भमरौआ मंदिर का रास्ता हर बार की तरह इस बार भी कीचड़ और गड्ढों से भरा हुआ है। इस बार 11 जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। लेकिन स्थित जस की तस बनी हुई है। 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार होगा। जिस पर कांवड़िये बृजघाट और हरिद्वार से जल लाकर चढ़ाएंगे।

इस बार सावन माह 11 जुलाई से शुरू हो रहा हैं। जिसमें चार सोमवार पड़ेंगे। जिन भक्तों की मनोकामना पूरी हो जाती है। वह सावन माह में जल लाकर भगवान शंकर को चढ़ाते हैं। भमरौआ मंदिर प्राचीन होने के कारण सबसे ज्यादा कांवड़ यहां चढ़ाई जाती है, लेकिन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पनवड़िया से लेकर भमरौआ मंदिर का रास्ता गड्ढों और कीचड़ के साथ पानी में तब्दील है। सड़क के दोनों ओर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार होगा, लेकिन उसके बाद भी अभी तक रोड की मरम्मत नहीं हो सकी। सड़क पर धूल उड़ रही है। हर बार कांवड़िये कीचड़ से होकर ही भगवान शंकर को जाकर जल चढ़ाते हैं

**आरा मशीनों के कारण जगह-जगह पड़े लकड़ी के ढेर :** पनवड़िया से लेकर भमरौआ मंदिर तक सड़क के दोनों ओर आरा मशीनें होने के कारण सड़क के दोनों ओर लकड़ी के ढेर लगे रहते हैं। जिस कारण से हादसे होने का खतरा बना रहता है। स्कूलों की छुट्टी होने के कारण दोपहर के समय जाम भी लग जाता है, कई बार अधिकारी उस रास्ते से होकर गुजरते हैं। लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी है।

#### बैठक में उठा चुका है मुद्दा

कुछ दिनों पहले कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में भी व्यापारियों ने भमरौआ रोड के टूटे होने का मुद्दा जोरों के साथ उठाया था। उसके बाद भी आगे कोई कार्रवाई नहीं बढ़ सकी। अभी तक रास्ता टूटा होने के कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। लोगों को निकलने के दौरान वहां बदबू भी सहन करनी पड़ती है।

#### अधिकारियों से कर चुके मांग

भमरौआ मंदिर के सेवक नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि हर साल सावन में कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट से पैदल ही कांवड़ लाकर जल चढ़ाते हैं। मंदिर में काफी भीड़ रहती है, जगह-जगह रास्ते में सड़क टूटी है। कई स्थानों पर रास्ते में मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। इस बारे में अधिकारियों को बताया जा चुका है। ताकि सावन से पहले रास्ते की मरम्मत हो सके।

## गर्मी और उमस से परेशान हो रहे लोग

रामपुर, अमृत विचार : आसमान में बादल मंडराते रहे लेकिन, बारिश नहीं हुई और लोग उमस से पसीना-पसीना होते रहे। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो 6 जुलाई तक पश्चिमी प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा की संभावना है।

आसमान में बादल देख किसानों को तेज बारिश की आस थी, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो पश्चिमी विक्षोभ एवं अरब सागर से चलने वाली दक्षिण पश्चिमी हवाओं के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादल छाए रहने, गरज के साथ हल्की बूंदाबांदी होते रहने का अनुमान है। बुधवार की सुबह को बादल छाए रहे दोपहर में काली घटाएं भी घिरकर आईं लेकिन, बारिश नहीं होने से उमस बढ़ गई और लोग गर्मी से हलकान होते रहे। किसान होरी लाल ने बताया कि मेंथा, गन्ना, धान की फसलों के लिए बारिश की जरूरत है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वेदप्रकाश ने पशु पालकों को सलाह दी है कि पशुओं को खुले में नहीं बांधे क्योंकि, आकाशीय बिजली से पशुओं को नुकसान हो सकता है। डॉ. उदय प्रताप शाही ने कहा कि 6 जुलाई तक गरज-चमक के साथ वर्षा की संभावना है।

## भाकियू के समानांतर संगठन बनाने का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भाकियू टिकैत के प्रदेश सचिव दरियाव सिंह ने कहा कि नए लोगों को पदाधिकारी बनाने पर संगठन में फिर गुटबाजी शुरू हो गई। उन्होंने जिलाध्यक्ष के प्रति नाराजगी जताते हुए जिले में समानांतर संगठन खड़ा करने का ऐलान कर दिया है। फैसला लिया कि जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह गिल के खिलाफ अब आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

बुधवार को हाईवे किनारे स्थित भाकियू टिकैत के कार्यालय पर पंचायत हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष को लेकर भाकियू कार्यकर्ता कई बार दो गुटों में बंटकर एक दूसरे के आमने सामने आ चुके हैं। ऐसे में संगठन कमजोर हो रहा है। विरोध के बाद भी जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल ने पुराने कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज कर कई नए लोगों को संगठन की जिम्मेदारी सौंप दी। प्रदेश सचिव दरियाव सिंह और जिला प्रवक्ता मंजीत सिंह अटवाल की मौजूदगी में समानांतर संगठन चलाने और शीघ्र अपना नया जिला अध्यक्ष चुनने का प्रस्ताव रखा। कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर दिया। प्रदेश सचिव दरियाव सिंह ने कहा कि संगठन में माफिया, नशा करने वाले, बिना जमीन वाले और बाहरी लोगों को शामिल किया जा रहा है। शीघ्र ही जिले में समानांतर संगठन खड़ा किया जाएगा। शाहबाद में 9 जुलाई को होने वाली पंचायत में नए जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। पंचायत में दरियाव सिंह यादव, छिद्दा नेता, मोहम्मद मुस्तकीम मुजिकर, मुर्शिद, ब्रजबहादुर, हरिओम सिंह, जोगिंदर सिंह, रामबहादुर यादव, मोहम्मद तालिब, रामदास मौर्य, राजपाल चौधरी, मंजीत अटवाल, इरशाद प्रधान, ग्यास हुसैन, गुड्डू खान, नल सिंह यादव, अनिल ठाकुर रहे।

● शाहबाद में नौ जुलाई को पंचायत में नए जिलाध्यक्ष की होगी घोषणा

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा विकास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



दिल्ली में जमाल सिद्दीकी से मिलते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी व रामपुर निवासी फैसल मुमताज ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर देश भर में हुईं अल्पसंख्यक चौपाल कार्यक्रम की समीक्षा रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने यह रिपोर्ट बुधवार को भाजपा मुख्यालय दिल्ली में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को सौंपी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र सहित देश भर में अल्पसंख्यक चौपाल का सफल आयोजन किया। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। मोदी सरकार का अल्पसंख्यकों के विकास पर जोर, 11 सालों में किए कई बड़े बदलाव हुए। बताया कि चौपाल में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को भारत के संविधान की प्रतियां बांटी गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग के लिए सोचते हैं, चाहे वह अल्पसंख्यक समुदाय से हो या बहुसंख्यक, मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान ही समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को उनके अधिकार मिलने लगे हैं। मोदी के विकास रथ को समाज के अंतिम आदमी तक पहुंचाने का काम अल्पसंख्यक मोर्चा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास-सबका विश्वास तथा सबका प्रयास को मजबूती से नीचे उतारा है। विकास के रथ को समाज के अंतिम आदमी तक पहुंचाकर उनका विकास करना अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी है जो हमको निभानी है। महिलाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ किया है। नारी वंदन अधिनियम के माध्यम से बहनों को आरक्षण प्रदान कर देश के सबसे बड़े मंदिर लोकसभा तक पहुंचाने का रास्ता साफ किया है।

● भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी ने सौंपी रिपोर्ट

### आयोजन | टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली गोपनीयता की शपथ

## जीएसटी के कानूनों को लेकर अपडेट रहें : टंडन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कार्यक्रम में शपथ के बाद मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : टैक्स बार एसोसिएशन रामपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष केएम टंडन ने कहा कि जीएसटी और टैक्स से संबंधित समस्याओं को सुलझाना अब आसान नहीं है। प्रतिदिन कुछ न कुछ नया आ रहा है। सभी को साथ मिलकर संगठन को मजबूती देने का काम करेंगे।

टैक्स बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ-ग्रहण व वार्षिक समारोह मंगलवार रात बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में हुआ। टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी प्रवीण कुमार भांडा ने सत्र 2025-27 तक के कार्यकाल के लिये नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सर्वप्रथम अध्यक्ष पद पर कृष्ण मोहन टंडन, उपाध्यक्ष पद पर अजीम इकबाल खां को शपथ दिलवाई। सचिव पद पर अंकित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर आशीष अग्रवाल व संयुक्त सचिव के पद पर चेतपाल सिंह ने शपथ ग्रहण कराई। इसके बाद कार्यकारिणी सदस्य के पद पर सैयद महमूद मियां रिजवी, पीके चावला, अरविंद कुमार सिंघल, राजीव अग्रवाल एवं अंकुर अग्रवाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। चुनाव अधिकारी पीके भांडा ने नई कार्यकारिणी को नए सत्र 2025-2027 के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम में केएम टंडन, विजय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अंकित सिंघल, अंकिता सिंघल, अंकुर अग्रवाल, अंकित अग्रवाल पुत्र आरके अग्रवाल, परमजोत सिंह, नमन अग्रवाल एवं अमन अग्रवाल को सम्मानित किया। आरके अग्रवाल ने अपने कार्यकाल 2023-25 की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश की। अजीम इकबाल खां व स्पीकर अवार्ड के लिये पीके चावला को स्पीकर अवार्ड से सम्मानित किया। बार के समस्त सदस्यों को परिवार सहित मंच पर बुलाकर चांदी का सिक्के प्रदान कर सम्मानित किया।

#### यह लोग रहे मौजूद

समारोह में नासिर अली खां, विजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल की सुपुत्री आरिका, सचिव आशीष कमथानियां, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सैयद एमएम रिजवी, सैयद हैदर अली, शैलेंद्र कुमार विद्यार्थी, मोहम्मद आरिफ, राजीव सक्सेना, अतुल सक्सेना, नीरज गुप्ता, अंकित जिंदल, इकबाल अहमद खां, गौरव अग्रवाल, नवीन कुमार जैन, गुलवेज खान, नदीम खान, रोहित लाठे रहे।

## कुरआन की आयतें सिखाती हैं जीने का सलीका : मौलाना फैज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



इमामबाड़ा जौन जैदी में मजलिस को खिताब करते मौलाना फैज अब्बास मशहदी।

अमृत विचार : मौलाना फैज अब्बास मशहदी ने कहा कि कुरआन की आयतें जीने का सलीका सिखाती हैं, इसलिए बच्चों को कुरआन की तालीम जरूर दिलाएं। मौलाना हजरत अब्बास अलमदार के मसायब पढ़े तो अजादार रोये।

मोहल्ला कटकुइयां स्थित इमामबाड़ा जौन जैदी में हुई मजिलस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि कुरआन मजीद को समझकर पढ़ें। मौलाना ने जोर देते हुए कहा कि बच्चों को कुरआन की तालीम जरूर दिलाएं। मौलाना ने हजरत अब्बास के मसायब पढ़ते हुए कहा कि हजरत अब्बास ने बच्चों के लिए पानी लाने के लिए हजरत इमाम हुसैन से इजाजत मांगी। इसके बाद नहरे फरात पर पहुंचे और दरिया से मश्क में पानी भरा और खयामे हुसैनी की तरफ चले। इमाम हुसैन ने कहा अकबर देखो मुझे अलम नजर नहीं आ रहा है। हजरत अली अकबर ने कहा कि चलिए फरात की तरफ चलते हैं। इमाम हुसैन को पहले हजरत इमाम हुसैन के बाजू पड़े मिले फिर हजरत अब्बास जख्मी हालत में मिले। यजीद की फौज ने हजरत अब्बास अलमदार के दोनों बाजू कलम कर दिए थे। मजलिस में मसूद जैदी, हनी, लकी, जौफी, कमल रिजवी, मुज्तबा अली बेग, सलीम हैदर जैदी, राशिद एजाज, वसीम हैदर जैदी, मिर्जा तकी बेग, हसन मेहंदी, मिनहाल अकबर, मंसूर मियां, सैयद मोहम्मद अली जैदी आदि मौजूद रहे।

● हजरत अब्बास अलमदार के मसायब सुनकर रोये अजादार

### बन्दूक के साथ आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : टांडा पुलिस ने नवेद अली निवासी ग्राम सूरजपुर थाना टांडा को ग्राम भुक्कनपुरी रोड कच्चा रास्ता बंद पड़े भट्टे की कोठरी से एक बन्दूक 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चला गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
सार्वजनिक अधिसूचना
(25000 वोल्ट शिरोपरि कर्षण तारों के उर्जित किये जाने के सम्बन्ध में।)
रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उत्तरोत्तर रूप से उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और बाद की तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय लगातार विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता अथवा में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।, क्रम सं. 1.- खण्ड का नाम : टनकपुरयार्ड (Excl)- लाइन नं0 16 एवं 17 (Incl), ऊर्जा प्रवाह की तारीख : 04.07.2025
वमंविइं/टीआरडी इज्जतनगर
मुजाधि/विद्युत-72
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# जामुन के पेड़ से गिरकर युवक की मौत

## उपचार के दौरान धर्मेंद्र ने तोड़ दिया दम, परिजन हुए बेहाल

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** पेड़ पर जामुन तोड़ने चढ़ा मजदूर गिरने से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।



मृतक का फाइल फोटो।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव पटिया निवासी 35 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार मंगलवार शाम को जंगल में पेड़ से जामुन तोड़ने के लिए चढ़ा था। अचानक से पैर फिसल जाने के कारण वह जमीन पर गिर गया। उसके शोर मचाने पर आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान मौके की ओर दौड़ पड़े थे। उसके बाद उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर शाम को उपचार के दौरान धर्मेंद्र की मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। जहां सभी का रो रोकर बुरा हाल है। शाम को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। धर्मेंद्र की मौत के बाद घर पर लोगों का तांता लगा रहा।

धर्मेंद्र की शादी छह साल पहले ज्योति गंगवार से हुई थी। मृतक ने अपने पीछे चार साल की प्रज्ञा और तीन साल के हिमांशु को छोड़ा है। पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है कि बेटी और बेटे की देखरेख कौन करेगा। पिता का साया दोनों बच्चों के ऊपर से उठ गया है।



जिला अस्पताल में खड़े मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- जानकारी पर पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम
- परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया

### पेट दर्द से किशोर की तबीयत बिगड़ी, मौत

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में पेट दर्द से किशोर की तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के बाद चिकित्सक ने हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद उसे सीएचसी लाया गया। चिकत्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबपुरा निवासी नन्हे के 14 वर्षीय बेटे सूरज को बुधवार सुबह पेट दर्द की शिकायत हुई। दर्द बढ़ा तो परिजन उसे शाहबाद में निजी चिकित्सक के यहां ले आए। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए से रेफर कर दिया। परिजन उसे सीएचसी ले आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को कुछ समझ नहीं आया कि क्या हुआ और किशोर की जान चली गई।



### विवाद में ठेले पर चले चाकू-छूरी, एक घायल

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवदिया में ग्राम लखनाखेड़ा निवासी राहुल गाड़ी की सर्विस कराने के लिए आया था। सर्विस कराने के बाद वह गांव के धर्मपुरा मोड़ पर अपने भतीजे के साथ पकौड़ी खाने के लिए रुके थे।

आरोप है कि गांव निवासी दो युवकों ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। ठेले पर रखे चाकू से उस पर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उनके ऊपर कढ़ाई का खौलता हुआ तेल उड़ेल दिया। जिससे उसकी आंख झुलस गई। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़ित ने बताया कि वह गाड़ी की सर्विस कराने आया था। जिसके बाद पकोड़ी खा रहा था। इसी दौरान दो युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। बचने के प्रयास में दोनों हाथों में चाकू लग गए। आरोपियों ने आंख में तेल उड़ेल दिया। पुलिस पीड़ित को कोतवाली ले आई। मेडिकल के लिए नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। वहीं दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि युवक चाकू लगने से घायल हो गया। तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### तंबाकू बेचने वालों से टीम ने वसूला जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान तथा थाना एएचटीयू की संयुक्त टीम में अभियान चलाया। अभियान सिविल लाइंस बिलासपुर गेट एवं पनवड़िया, चाकू चौराहा क्षेत्र में चलाया गया। विभिन्न तंबाकू विक्रेताओं को चेक किया। जिन विक्रेताओं द्वारा तंबाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार जा रहा है, उन्हें तत्काल हटवाया। सभी विक्रेताओं को भविष्य में किसी भी प्रकार की तंबाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार न करने की चेतावनी दी। 10 दुकानों पर जुर्माना डाला गया। जिसमें कुल 3000 रुपये की धनराशि वसूल की गई। थाना एएचटीयू के उप निरीक्षक मनोज कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल नसीम एवं कपिल, तंबाकू नियंत्रक प्रकोष्ठ के रिजवान तथा सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने वापस कराए 5 लाख रुपये

**रामपुर, अमृत विचार :** साइबर क्राइम की टीम ने 5 लाख रुपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए। केमरी थाना क्षेत्र के निवासी मुजम्मिल रजा से अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेडिंग मार्केट में पैसा इन्वेस्ट करने का झांसा देकर धनराशि हड़प ली थी। इस संबंध में पीड़ित मुज्जमिल रजा द्वारा एनसीआरपी पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद थाना साइबर क्राइम की टीम ने बुधवार को आवेदक मुजम्मिल रजा की ट्रेडिंग मार्केट में पैसा इन्वेस्ट करने का झांसा देकर प्राप्त की धनराशि में से 5 लाख रुपये खाते में वापस कराए। बताया कि शेष धनराशि वापस कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### पंचायत घर के रास्ते से हटवाया अतिक्रमण

**टांडा, अमृत विचार :** ग्राम सूरजसिंहपुर उर्फ नया गांव के पंचायत घर के रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत पर बुधवार को उपजिलाधिकारी कुमार गौरव ने डीपीआरओ और तहसीलदार के साथ पंचायत घर का निरीक्षण किया। रास्ते से अतिक्रमण हटवाया। बुधवार को उपजिलाधिकारी कुमार गौरव ने जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल और तहसीलदार निश्चय कुमार के साथ ग्राम सूरजसिंहपुर उर्फ नया गांव के पंचायत घर का निरीक्षण किया। पंचायत घर के रास्ते पर अतिक्रमण हटवाने और आम जनमानस के लिए उसे प्रतिदिन खोलने के लिए बीडीओ, लेखपाल और पंचायत सचिव को निर्देशित किया।



ट्रॉफी के साथ टीम की खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## तीसरे नंबर पर रही यूपी की टीम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में चल रहे 10वें ओपन नेशनल फ्लोर बाल फेडरेशन कप में यूपी की टीम ने मैच जीत लिया। तीसरे स्थान के लिए उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के बीच मैच खेला गया।


जिसमें यूपी की टीम ने कर्नाटक की टीम को छह-तीन गोल से हरा दिया। खिलाड़ियों ने यूपी की टीम को देश में उत्तर प्रदेश की फ्लोर बाल टीम को तीसरे पायदान पर पहुंचा दिया। कोच ने बताया कि यूपी की टीम में कम अनुभव की खिलाड़ी खेलीं। कोच मारिया फरहत ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में टीम फाइनल जीत कर देश में पहला स्थान प्राप्त करेगी। उन्होंने बताया कि टीम में छह खिलाड़ी रामपुर की शामिल थीं। जिन्होंने खेल का शानदार प्रदर्शन किया।

# कांग्रेस की अनुमोदित कार्यकारिणी पर परिवारवाद का आरोप, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व शहर अध्यक्ष महफूज उर रहमान खां ने कांग्रेस की अनुमोदित कार्यकारिणी में परिवारवाद का आरोप लगाया है। पूर्व शहराध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को शिकायती पत्र भेजा है। इसमें आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा से हाथ मिलाए हुए नेताओं के सदस्य पति, पत्नी और बहनें जिला कार्यकारिणी में शामिल करके कोरम को पूरा किया गया है।

कांग्रेस के पूर्व शहराध्यक्ष ने कहा कि आम कांग्रेस कार्यकर्ता जो दिन रात पार्टी के लिए काम करता है उसको संगठन से दूर रखा गया है।



पत्र दिखाते महफूज उर रहमान खां।

- पूर्व शहर अध्यक्ष ने प्रदेश, राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा शिकायती पत्र

संगठन सृजन अभियान कागजों तक सीमित रह गया है। कहा कि जिले के को-आर्डिनेटर पूर्व विधायक फूल कुंवर द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी की सार्वजनिक रूप से कोई बैठक नहीं की गई। एक होटल के कमरे में 5-6 कांग्रेसियों के साथ बैठक कर कमेटी बना दी गई। कांग्रेस कमेटी की सूची में परिवारवाद हावी है।

> जो लोग काम नहीं करते हैं वो सवाल उठाते हैं। संगठन में परिवार के लोगों को शामिल किया जा सकता है। इसमें कुछ गलत नहीं किया गया है।
>
> -प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

पूर्व विधायक संजय कपूर की पत्नी लीना कपूर को उपाध्यक्ष और उनकी साली रीना कपूर को जिला सचिव बनाया गया है। वहीं, उमेश दुबे जिला महासचिव और इनकी पत्नी वंदना दुबे को सचिव बनाया गया है। उनका कहना है कि कहा कि इससे पार्टी को मजबूती नहीं मिलेगी। उन्होंने जिले की कमेटी पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

## सार संक्षेप



### स्कूलों का मर्जर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़: फैसल

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रादेशिक आह्वान पर आम आदमी पार्टी ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल लाला ने कहा कि योगी सरकार 27000 प्राथमिक विद्यालयों को बंद करना चाहती है। बुधवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बरेली गेट स्थित जिला कार्यालय पर इकट्ठा हुए। उसके बाद पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट की तरफ कूच करने लगे तो पुलिस ने उन्हें नैनीताल हाईवे पर रोक दिया। इस पर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। जिसके बाद अतिरिक्त एसडीएम हर्ष वर्धन ने मौके पर पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन लिया। ज्ञापन में कहा कि योगी सरकार 27000 प्राथमिक विद्यालय बंद करने जा रही है। प्रदर्शन में जनक प्रसाद, अंसार अहमद, यासीन, मोहम्मद जफर, आरिफ सिकंदर, सरफराज गुड्डू, वकील अहमद, मोहम्मद तारिक, शारिक परवेज, मोहम्मद वकील, अब्दुल अय्यूब, फैजान सैफी, वकील हैदराबादी, नियाज अहमद, इकबाल हुसैन, इमरान, शिराज अहमद, मुन्ने अली, सलीम अहमद, एजाज अहमद, रईस उद्दीन, इकरार अहमद, सलीम अहमद, जावेद हबीब,अहफाज खां, आयुष जौहरी, अमीन खान रहे।

### स्पेन के राजदूत से नवेद मियां ने की मुलाकात



**रामपुर, अमृत विचार :** प्रसिद्ध स्पेनिश ओपेरा गायिका प्रोफेसर हुइलिंग जहु शीघ्र की जिले में अपनी प्रस्तुति देंगी। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और भारत में स्पेन के राजदूत युआन एंटोनियो पुयोल की मुलाकात में यह निर्णय लिया। नई दिल्ली में स्पेन के राजदूत से मुलाकात कर लौटे पूर्व मंत्री नवेद मियां ने बताया कि स्पेनिश ओपेरा गायिका हुइलिंग जहु शंघाई में जन्मी और यूरोप में अपना गायन अध्ययन शुरू किया था। नवेद मियां ने बताया कि वह जर्मनी, जापान, बेल्जियम, चीन, स्विटजरलैंड, यूके और यूएसए में अपना गायन प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने बताया कि स्पेनिश ओपेरा गायिका हुइलिंग जहु का शीघ्र की कार्यक्रम होगा, जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

### बैराग्य से ही जीव की कामना निर्मूल होती है



**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला साहूकारा के सत्संग भवन में गोंडा के पंडित प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने बताया कि मोह की वृति वर्तमान का रावण है अहंकार कुंभकरण और काम मेघनाद है। मोह मारता है अहंकार खाता है तथा काम बांधता है। यह तीनों वृतियां आज भी साधक की साधना को प्रभावित करती है। कहा कि बैराग्य से ही जीव की कामना निर्मूल होती है। अंत में आरती की और प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर अशोक कुमार अग्रवाल, जगदीश पाल चौहान, अरुण गर्ग, मुदित गोयल, कृष्णा गुप्ता, डॉ. रामपाल सिंह, राजीव गोयल, पंडित अयोध्या प्रसाद पाठक रहे। संचालन महामंत्री योगेश कुमार अग्रवाल ने किया।

### दहेज की खातिर विवाहिता को घर से निकाला

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दहेज में बाइक न मिलने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने पति सहित 3 व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी सर्वजीत कौर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा है कि दो साल पहले उसका विवाह गांव गुलरिया गोदी डेरा तिकोनिया लखीमपुर खीरी निवासी गुलाब सिंह के साथ हुआ था। मायके वालों ने हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। जिससे ससुराल वाले खुश नहीं थे और आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। जिसके चलते 22 जून को विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पंचायत भी हुई, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वाले नहीं माने। बाद में महिला ने मायके पहुंचकर आपबीती बताई। साथ ही पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर गुलाब सिंह, बसंती, अमृतपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है। जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### बार एसोसिएशन मिलक के सदस्य बने विवेक व अमन

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को मिलक तहसील में बार एसोसिएशन सदस्य शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें उपजिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया ने तहसीलदार न्यायिक मानवेन्द्र शुक्ला को तहसीलदार मिलक के पद पर नियुक्त होने पर स्वागत किया। नायब तहसीलदार अंकित कुमार अवस्थी भी साथ में रहे। वहीं नवागत अधिवक्ता विवेक गंगवार 75वें और अमन गौड़ 76वें नवीन सदस्य बने। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश सक्सेना ने उन्हें शपथ ग्रहण कराई। वहीं भाकियू सुनील के जिलाध्यक्ष लालता प्रसाद गंगवार ने विवेक गंगवार का स्वागत किया। संचालन विपिन तिवारी, देशवीर गंगवार ने किया। कार्यक्रम में योगेश बंसल, सतीश चंद्र गंगवार, देवेंद्र कुमार, शाहिद मिया, सोमपाल भारतीय, राजीव गौड़, महेन्द्र प्रकाश अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद, धर्मेन्द्र सक्सेना, उमेश गंगवार, राकेश कुमार रहे।



### शहर में अलम का जुलूस निकला

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला लाल कबर से अलम का जुलूस निकला, जोकि लाल मसजिद मोड़ से होता हुआ इमामबाड़ा राशिद बेग पहुंचा। जुलूस में इफ्तेखार महमूद ने यह नोहा पढ़ा-ताराज हुआ घर भरा हुआ फुफी अम्मा-परदेस में बिगड़ गया मुकद्दर फुफी अम्मा। इसके बाद मातम करते हुई अंजुमने इमामबाड़ा राशिद अली बेग पहुंचीं। जुलूस में तबरेज आब्दी, रजा आब्दी, ऐजाज हाशिम, शन्नी, आदिल हसनैन समेत काफी तादाद में अजादार मौजूद रहे। सात मोहर्रम को मेहंदी का जुलूस बापू माल से निकलेगा। जोकि नौदरा चौकी, हामिद गेट, मिस्टन गंज, राजद्वारा, गांधी समाधि, राहे रजा, राहे जुल्फिकार होता हुआ इमामबाड़ा खासबाग पहुंचेगा।

### दिल्ली से फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** दिल्ली पुलिस की न्यायिक अभिरक्षा से फरार हुए दो आरोपियों को गंज और दिल्ली पुलिस ने बिलासपुर गेट से चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। उसके बाद दिल्ली पुलिस दोनों को लेकर रवाना हो गई है। 24 जून को दिल्ली में न्यायालय में पेशी के दौरान न्यायिक अभिरक्षा से फरमान पुत्र अतीक उर रहमान निवासी आजाद बाजार थाना वाडा हिन्दू राव दिल्ली व उसका सहयोगी अकरम पुत्र सलीम निवासी आजाद मार्किट थाना वाडा हिन्दू राव दिल्ली से पुलिस की कस्टडी से फरार हो गए थे। सूचना मिलने के बाद सभी जिलों में अलर्ट कर दिया गया था। मामले में दिल्ली पुलिस भी रामपुर आ गई थी। उसके बाद थाना गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा और दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर निरीक्षक संजय गुप्ता क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे। उसी के चलते मंगलवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान बिलासपुर गेट से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। दिल्ली पुलिस उनको लेकर रवाना हो गई।

# फलदार प्रजाति के 12.37 लाख पौधे लगेंगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पौधरोपण सप्ताह में 12,37,014 पौधे रोपित किए जाएंगे। पशु-पक्षियों को भोजन की तलाश में बहुत दूर नहीं जाना पड़े, इसके मद्देनजर फलदार पौधे रोपित कराने पर प्रशासन का विशेष ध्यान है। नीम, पीपल, शीशम, सागौन, सहजन के अलावा देशी आम, जामुन, बेल और कमरख आदि के पौधे रोपित कराए जा रहे हैं। मनरेगा मजदूरों से गड्ढे तैयार करा लिए हैं।

जिले के प्रत्येक विभाग में पौधे रोपित कराने के लिए खाका तैयार किया है। इस बार प्रशासन ने चिह्नित जगहों पर गड्ढे खोदवा दिए हैं। पौधरोपण सप्ताह में जितने पौधे रोपित करना हैं उतने ही पौधे वन विभाग से मंगवाए जाएंगे। इससे पौधे खराब होने की आशंका कम रहेगी। बिलासपुर की 113 ग्राम पंचायतों में 125 स्थानों पर 202722 पौधे रोपित कराए जाएंगे। चमरौआ की 92 ग्राम पंचायतों में 223 जगह 167072 पौधे रोपित होंगे। मिलक की 129 ग्राम पंचायतों में 211 स्थानों पर 234265 पौधे रोपित किए जाने हैं। ब्लॉक सैदनगर की 83 ग्राम पंचायतों में 158 स्थानों पर 150728 पौधे रोपित होंगे। शाहबाद की 117 ग्राम पंचायतों में 215 स्थानों पर 212472 पौधे रोपित किए जाएंगे। स्वार की 146 ग्राम पंचायतों में 246 स्थानों पर 265255 पौधे रोपित होंगे। उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि पौधे रोपित कराए जा रहे हैं और मनरेगा मजदूरों से गड्ढे करा लिए गए हैं।



पौधे रोपित करने के लिए ले जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> जिले की 680 ग्राम पंचायतों में पौधरोपण कराया जा रहा है। मनरेगा मजदूरों से गड्ढे करा लिए गए हैं, प्रतिदिन पौधे मंगवाकर उन्हें रोपित कराया जा रहा है। पौधों की देखभाल भी मनरेगा मजदूरों के जिम्मे दी गई है।
>
> -अमित कुमार, उपायुक्त मनरेगा

### अतिक्रमण मिला तो सामान होगा जब्त

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर में जाम से निपटने के लिए नगर पालिका ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि अस्थायी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का सामान जब्त किया जाएगा और चालान भी किया जाएगा।

अभियान के दौरान टीम पहले अतिक्रमणकारियों से सामान हटाने को कहेगी। अगर अतिक्रमण मिला तो जब्ती की कार्रवाई होगी। बैठक में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने अभियान में सहयोग का आश्वासन दिया। नगर को साफ रखने और यातायात सुचारू बनाने के लिए अभियान एक माह चलेगा। अतिक्रमणकारियों को नहीं बख्शा जाएगा। इस मौके पर ईओ डॉ. नितिन गंगवार, सुदर्शन मदान, राजीव अग्रवाल, हाफिज ताहिर, दुष्यंत अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, दीपक गुप्ता, अनिल सक्सेना, विजय अनार्य, रूपेश सक्सेना, विमल पुष्पद रहे।

# सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत 4 लोग घायल, रेफर

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** गद्दीनगली मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है।

बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के गद्दीनगली गांव निवासी रामरूप अपनी पत्नी शीला और भाई की पत्नी सुमन को साथ लेकर गांव फाजलपुर से धान की रोपाई कर बाइक से तीनों घर लौट रहे थे। गद्दीनगली गांव के पास गांव का राजेन्द्र तेज गति से बाइक लेकर आ रहा था। इस दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। दोनों ही बाइक सवार बीच मार्ग पर गिरकर घायल हो गए। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास खेतों पर काम लोग दौड़कर आ गए। जिन्होंने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। इस दौरान राजेन्द्र के परिजन आ गए और बाजपुर के अस्पताल ले गए। सीएचसी में आए सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया है।

### उपचार के दौरान कैंटर चालक की मौत

**स्वार, अमृत विचार :** गांव बूढ़ी दढ़ियाल गांव का निवासी साजिद 22 वर्ष कैंटर चालक था। मृतक के पिता सिब्ते अली का कहना है कि वह 18 जून को पंजाब गया था। वहां दुर्घटना में घायल हो गया था। लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजन घायल को उपचार के लिए उत्तराखंड के काशीपुर ले आये और निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार की देर रात अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



मसवासी के शिकारपुर बब्बरपुरी संपर्क मार्ग पर कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरतीं महिलाएं।

# बारिश के बाद सड़क बदहाल

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के शिकारपुर बब्बरपुरी का संपर्क मार्ग बदहाल होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर मार्ग निर्माण न होने की शिकायत की है।

शिकारपुर बब्बरपुरी के संपर्क मार्ग पर मामूली बारिश में जलभराव और कीचड़ हो गई है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। साइकिल और बाइक सवार तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। इसकी शिकायत ग्राम पंचायत में भी की गई है और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भी की, लेकिन रास्ते को दुरुस्त करने की कोशिश नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता शिकारपुर और बब्बरपुरी सीमा के संपर्क मार्ग है। दोनों ही ग्राम पंचायतों ने इस रास्ते को दुरुस्त कराने की पहल नहीं की है। ग्रामीण प्रदीप कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

# रामपुर धम्मन गांव में एक रात में तीन घरों से नकदी और जेवर ले गए चोर

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन में चोरों ने मंगलवार रात तीन घरों को निशाना बनाया। चोरों ने पूर्व प्रधान सहित घरों से लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस को पीड़ितों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एक ही रात में गांव के तीन घरों में चोरी होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

रामपुर धम्मन गांव में मंगलवार रात चोर पूर्व प्रधान नूर हसन के घर में छत के रास्ते घुस गए और घर से 50 हजार की नकदी, एक तोला सोना और 750 ग्राम चांदी ले गए। मोहम्मद सईद पुत्र नूरा के घर से 13500 रुपये की नकदी और कुछ सामान ले गए। गांव के रहने वाले मेहंदी हसन के बेटे शाकिर अली के घर से गहने, 3500 रुपये ले गए। सुबह होने पर पीड़ित परिवारों को चोरी की जानकारी हुई। घर का सामान बिखरा हुआ देखकर परिवार के होश उड़ गए। सूचना पाकर पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। एक रात में तीन घरों में हुई चोरी के बाद गांव के लोगों में दहशत का माहौल है।

- ग्रामीणों ने पुलिस से की सख्त कार्रवाई करने की मांग

### टांडा क्षेत्र में 2 घरों में चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**टांडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर में मंगलवार रात चोरों ने दो घरों से जेवरात और नकदी साफ कर दी। 4 दिन पहले ग्राम सेंटाखेड़ा में भी चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों वारदातों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर निवासी मुसव्वर पुत्र अमीर हुसैन ने बताया कि मंगलवार रात वह अपने परिवार के साथ बरामदे में सो रहा था। रात में किसी समय चोर अलमारी का ताला तोड़ कर जेवर समेत 5 हजार रुपये ले गए। वारदात की जानकारी सुबह जागने पर हुई। वहीं चोर पड़ोस के जुल्फकार अली पुत्र अहमद अली के घर से भी आभूषण और नकदी ले गए। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। वहीं, ग्राम सेंटाखेड़ा मझरा करीमपुर में 27-28 जून की रात को चोर रुखसार पुत्र नबी अहमद के घर से जेवर सहित अलमारी में रखे एक लाख रुपये ले गए थे। पुलिस ने तीनों वारदातों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नौकरी के नाम पर महिला से ठगी की रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से तीन युवकों ने 55 हजार रुपये की ठगी की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला स्वार खास निवासी महिला नीरज रानी ने थाना स्वार में धोखाधड़ी की तहरीर देकर कार्रवाई की थी। महिला का आरोप था कि वर्ष 2021 में मोहल्ले के वसीम और उसके दो साथियों ने सरकारी योजना के लाभ का झांसा देकर उसका और उनकी बेटी लाछी शर्मा का बैंक खाता खुलवाया था। आरोप है कि खातों की पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड व आधार कार्ड की फोटो लेकर कहा कि सरकारी कार्यालय में जमा किए जाएंगे। बाद में पता चला कि उन्हीं खातों का इस्तेमाल कर विनोद विश्वकर्मा निवासी ग्राम बहाउद्दीनपुर, आजमगढ़ को विदेश भेजने के नाम पर 55 हजार रुपये की ठगी की है। पीड़िता ने वसीम और साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक नजर

### महिला को तीन तलाक देकर घर से निकाला

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने दहेज की मांग करने, मांग पूरी नहीं होने पर प्रताड़ित कर मारपीट और पति द्वारा तीन तलाक देकर घर से निकालने के आरोप में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पति फैजल, जेठ फैजान, सास निवासी मोहल्ला महमूद खां सराय को नामजद किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### योगेंद्र चौधरी ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के युवा प्रदेश सचिव की संस्तुति पर योगेंद्र चौधरी ग्राम सुजातपुर तहसील संभल को ब्लाक संभल का युवा ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। रमाकांत शर्मा निवासी शक्ति नगर को मुरादाबाद मंडल का युवा महामंत्री, प्रशांत कुमार शर्मा निवासी गांव सुजातपुर तहसील संभल को मुरादाबाद मंडल का युवा मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

### बाइक में आग लगाकर खुद को किया जख्मी

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी जयचंद मंगलवार को भाई रोहताश के साथ खाद लेने गांव सौंधन मोहम्मदपुर गया था। वापस आया तो देखा कि छोटा भाई जुगलकिशोर पत्नी उर्मिला के साथ गाली गलौज कर रहा था। उसके साथ दोस्त पप्पू निवासी गांव भमौरी पट्टी भी था। जुगलकिशोर ने बाइक में आग लगा दी। आरोप है कि जुगलकिशोर दरांती से खुद को जख्मी करके आरोप भाई पर लगाकर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। खिरनी पुलिस चौकी पहुंचकर झूठी सूचना दे दी। पुलिस आई तो सही जानकारी दी गई। जिसके बाद जयचंद ने थाने पहुंचकर भाई जुगल किशोर और उसके दोस्त पप्पू के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बारिश के बाद उमस बढ़ा रही मुसीबत

**संभल, अमृत विचार :** बारिश के बाद अब उमस तेवर दिखाने लगी है। बुधवार को पारा 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रविवार और सोमवार को बारिश से लोगों को बड़ी राहत मिली थी। मंगलवार को मौसम कुछ गर्म रहा। बुधवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप ने दिक्कत में डाल दिया। शाम को लोगों ने बाजारों का रुख किया।

# बच्चों के अलम और ताजिया उठाकर चलने पर पाबंदी

## 10 फीट से ज्यादा न हो ताजिया की ऊंचाई, पुलिस प्रशासन सतर्क, बैठक की

कार्यालय संवाददाता, संभल

- सदर कोतवाली में एएसपी और अन्य अधिकारियों ने मोहर्रम एवं अलम को लेकर की बैठक
- वालंटियर्स से संवाद कर दी हिदायत, कहा- सरकार की गाइडलाइन का किया जाए पालन

**अमृत विचार :** संभल में अलम के बाद मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। बुधवार को एएसपी उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सदर कोतवाली में गणमान्य लोगों और वॉलंटियर्स के साथ बैठक में साफ कहा कि जुलूस परंपरागत मार्ग से निकाला जाएगा। नाबालिग बच्चे अलम और ताजिये होल्ड नहीं करेंगे। सरकार की गाइडलाइन का हर हाल में पालन किया जाएगा। बैठक के बाद वॉलंटियर्स को कार्ड भी दिए गए।

मोहर्रम से पहले गुरुवार को निकाले जाने वाले अलम के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन ने पुख्ता तैयारी की है। जहां जुलूस के मार्गों पर सुरक्षा में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है, वहीं निगरानी के इंतजाम भी किए गए हैं। इस बीच बुधवार को एएसपी उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव, आईपीएस सीओ संभल आलोक भाटी, सीओ असमोली कुलदीप कुमार ने मोहर्रम और अलम को लेकर



अमन कमेटी की बैठक में मौजूद अलमदार, ताजियेदार व अन्य लोग। ● अमृत विचार

गणमान्य लोगों व ताजियेदारों से संवाद किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने साफ कहा कि ऐसा कोई काम नहीं किया जाएगा जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति सामने आए। जुलूस को शांति से निकलवाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया जाए। उन्होंने जुलूस में सरकार की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए। कहा कि मोहर्रम पर ताजिये की ऊंचाई 10 फीट से ज्यादा नहीं रहेगी। ताजिया या अलम परंपरागत मार्गों से निकाले जाएंगे। इसके साथ ही नाबालिग बच्चे अलम और ताजिये को लेकर नहीं चलेंगे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूर्व में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं कि नाबालिग बच्चे अलम और ताजिये को लेकर चल रहे हैं और तार से छूने पर करंट आने से हादसा हो गया। इसलिए सभी लोग यह समझ लें कि बच्चे ताजिया और अलम से वर्जित रखे जाएंगे। यह ताजिया और अलम को होल्ड नहीं करेंगे।

बालिग और समझदार लोग ही अलम व ताजिया लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि यह गम का मौका है। ढोल परंपरा के अनुसार ही बजेंगे। बिना वजह किसी दूसरी समुदाय के घर के आगे ढोल नहीं बजाए जाएंगे। ढोल को लेकर आपस में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे और विवाद नहीं करेंगे। इसे लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

### वॉलंटियर्स को दिए गए कार्ड

सदर कोतवाली में मोहर्रम और अलम को लेकर बैठक के बाद वॉलंटियर्स को कार्ड भी वितरित किए गए। बैठक में नवाब साद आदिल, साबिर हुसैन, मुकीम साबरी, नाजिर, जहीर, मोहम्मद जैद, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद नफीस, अफसर, बन्ने हसन, अनीस पहलवान, रफीक राही, मोहम्मद तनवीर, नेता कल्लू सहित तमाम लोग रहे।

### अब तक 255 लोग पाबंद, नोटिस जारी

**संभल, अमृत विचार :** मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शहरी क्षेत्र में आने वाले तीन थानों क्षेत्रों से संबंधित दोनों वर्गों के 255 लोगों को पाबंद किया जा रहा है। जिसके लिए लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। अतिसंवेदनशील संभल में मोहर्रम के साथ ही कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसके दृष्टिगत तैयारी की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि तीन थानों से 20 चालानी रिपोर्ट प्राप्त हुईं। इनमें संभल कोतवाली क्षेत्र के 156, नखासा थाना क्षेत्र के 25 और हयातनगर थाना क्षेत्र के 74 लोग शामिल है। इन लोगों से शांति भंग किए जाने का अंदेशा है। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि इन लोगों को एक लाख से पांच लाख रुपये तक के मुचलके से पाबंद किया जा रहा है। इसके लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संभल में शांति व्यवस्था कायम रखने के दृष्टिगत लोगों को पाबंद किया जा रहा है। इनमें दोनों वर्गों के लोग शामिल हैं।



अमन कमेटी की बैठक में हिदायत देते एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव।

## भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के सामने रखीं समस्याएं

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मिलकर खाद, बिजली समेत कई समस्याओं को उठाया। कहा गकि 9 जुलाई को एसडीएम की मध्यस्थता में त्रिस्तीय वार्ता होगी।

भारतीय किसान यूनियन असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी के नेतृत्व में बुधवार को प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम विकास चंद्र से मिलकर खाद, बिजली समेत कई समस्याओं को रखा। एसडीएम ने कहा कि 9 जुलाई को दोपहर 1 बजे तहसील सभागार में त्रिस्तरीय वार्ता की जाएगी। जिसमें एसडीएम की मध्यस्थता में भाकियू पदाधिकारियों के अलावा बिजली विभाग, बैंक, जिला उद्यान अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, जिला गन्ना अधिकारी और मंडी सचिव आदि से वार्ता की जाएगी। जिसमें समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान दिलशाद, सुलेमान, हफीज व नवित सिंह आदि रहे।

# 288 ग्राम पंचायतों में बनेंगी डिजिटल लाइब्रेरी

संवाददाता, बहजोई

- पंचायत उत्सव भवन निर्माण को भूमि का शीघ्र किया जाए चयन
- डिजिटल लाइब्रेरी को लेकर प्रचार प्रसार करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** डीएम ने अधिकारियों के साथ पंचायत उत्सव भवन तथा डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना को लेकर चर्चा की। भूमि चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरे करने के निर्देश दिए। जनपद की 288 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएंगी। पहले 144 ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने अधिकारियों के साथ पंचायत उत्सव भवन निर्माण को लेकर जानकारी की। डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि जनपद में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण किया जाना है। आगे प्रत्येक विधानसभा स्तर पर



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

पंचायत उत्सव भवन तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत उत्सव भवन गांव के लोगों द्वारा शादी बरात एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए होगा। पंचायत उत्सव भवन का संचालन जिला पंचायत द्वारा किया जाना है। डीएम ने पंचायत उत्सव भवन के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए।

डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना को लेकर डीएम ने जानकारी की। डीपीआरओ ने बताया कि 288 ग्राम पंचायतों का डिजिटल लाइब्रेरी के लिए चयन किया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष में 144 ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। सीडीओ ने इसका प्रचार प्रसार किया जाने के निर्देश दिए। अध्यापकों एवं सेवानिवृत्त अध्यापकों को इससे जोड़े जाने की बात कही। डीएम ने एनबीटी की पुस्तकों की सूची मांगी। कहा कि लाइब्रेरी में पर्यावरण, कृषि तथा प्रतियोगी परीक्षाओं युवाओं एवं महिलाओं तथा बच्चे बुजुर्ग आदि हर वर्ग की पुस्तकों को शामिल किया जाए। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, डीआईओएस श्यामा कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, अपर मुख्य अधिकारी आशीष सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## कंपनी को नया एसी देने का आदेश, जुर्माना

**चन्दौसी, अमृत विचार:** उपभोक्ता आयोग ने कंपनी को नया एसी देने अथवा उसकी कीमत 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने के आदेश के साथ 15 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने बताया कि चन्दौसी निवासी अधिवक्ता विष्णु मिश्रा ने एक एयर कंडीशनर खरीदा था। एसी में निर्माण संबंधी दोष है। शिकायत दूर नहीं हुई तो उपभोक्ता आयोग में पक्ष रखा। आयोग ने दुकानदार व कंपनी को तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कंपनी को आदेश किया कि परिवादी विष्णु मिश्रा को उसी मेक व मॉडल का नया एसी दो माह में दे। साथ ही एसी का क्रय मूल्य 42900 रुपये पर परिवाद संस्था की तिथि से 7 प्रतिशत ब्याज सहित अदा करें। इसके अलावा परिवादी को 10 हजार रुपये मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि के मद में तथा 5 हजार रुपये अदा करे।

## सार-संक्षेप

### खिरनी से गवां तक मार्ग जर्जर, बरसात में मुसीबत



**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** संभल से अनूपशहर मार्ग पर गांव खिरनी से गवां तक कई जगह मार्ग की हालत खस्ता है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं। जिस कारण हादसे का अंदेशा बना हुआ है। इस मार्ग पर गुजरने वाले बाइक सवारों के साथ पूर्व में हादसे हो चुके हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी इस मार्ग की हालत की जानकारी है लेकिन उदासीनता का माहौल बना है। एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सुनील प्रकाश ने कहा कि खिरनी के पास पानी भरा हुआ था जिसके लिए कच्ची नाली खुदवाई गई। सड़क पर बिल्डिंग मैटेरियल रखने वाले तीन लोगों को नोटिस भी दिए हैं। अगर मैटेरियल नहीं हटाएंगे तो सड़क टूटने को लेकर वसूली की जाएगी।

### सिरसी में मजलिस और जुलूस से गमगीन रहा माहौल



**संभल/सिरसी अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में मोहर्रम की छठी तारीख को मजलिसों मातम, नजरों नियाज का सिलसिला जारी रहा। कर्बला शर्की सादात के पास नवाब हसन के मकान पर मजलिसे अजा शुरू हुई। मजलिस के बाद शबीहे जुलजुनाह का जुलूस निकाला गया जिसमें मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। जुलूस इमामबाड़ा सादात पर पहुंचकर समाप्त हुई। रात में मजलिसे अजा के बाद गहवारा अली असगर निकाला गया। मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। जुलूस निर्धारित रास्तों से होता हुआ इमाम बारगाह सादात पर पहुंचकर संपन्न हुआ। मोहल्ला चौधरियान के अजाखाने में मजलिसे अजा हुई जिसमें मर्सिया बबर अली ने पढ़ा। मौलाना एहतेशाम अली ने खिताब फरमाया। मजलिस के बाद इमाम हुसैन के भांजों का जुलूस निकाला। यह जुलूस इमाम गर्वी पहुंचकर समाप्त हुआ।

### बबराला में भी खुला सीएनजी पंप



**बबराला, अमृत विचार :** चंदौसी रोड पर बालाजी पेट्रोल पंप पर बुधवार को सीएनजी पंप का उदघाटन मेघा गैस लिमिटेड के रीजनल मैनेजर हरीश, नगर पंचायत अध्यक्ष हर्ष वर्धन गुप्ता और सपा नेता अमित यादव ने किया। चार्जिंग प्वाइंट का उद्घाटन विधायक राम खिलाड़ी यादव ने किया। एचपी के सेल्स ऑफिसर गया प्रसाद, अतुल गोयल भोला, डॉ. राहुल यादव, अनिल गुप्ता, उमेश वार्ष्णेय, विजय वार्ष्णेय, कपिल गोयल सोनू, कार्तिक गोयल और सतेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

### श्री भगवंतपुर देवी मंदिर ट्रस्ट का धरना जारी

**बहजोई, अमृत विचार :** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर मेले की भूमि में निर्माण के विरोध में ट्रस्ट ने अपना धरना आठवें दिन भी जारी रखा। टेंडर प्रक्रिया निरस्त करने तथा निर्माण कार्य हटाने तक धरना जारी रखने की बात कही गई। श्री भगवंतपुर देवी मंदिर के सामने मेले की भूमि में बंदन योजना के तहत सत्संग भवन सहित अन्य सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा था। हालांकि अब निर्माण कार्य रुका हुआ है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों का कहना कि नगर पालिका द्वारा मेले की भूमि पर अवैध कब्जा करके वहां सत्संग भवन तथा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पूरी टेंडर प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। सौंदर्य करण का कार्य मंदिर पर ही किया जाए। जब तक यह टेंडर प्रक्रिया निरस्त नहीं होगी तब तक उनका धरना जारी रहेगा। अरुण गोस्वामी, गौरवकांत शर्मा, मनोज बजाज, कन्हैया लाल वार्ष्णेय, संजीव कुमार, सुमित कुमार, राजू शर्मा, गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### नवागत एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ने संभाला कार्यभार



**संभल, अमृत विचार :** मेरठ से स्थानांतरित होकर आए एआरटीओ प्रशासन संभल अमिताभ चतुर्वेदी ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण करते हुए स्टाफ के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए। जिसके बाद उन्होंने संभल-बहजोई मार्ग पर किसौली में एआरटीओ कार्यालय भवन के निर्माण को भी देखा। अमिताभ चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यालय के काम को सुचारू रूप से कराने की प्राथमिकता रहेगी। काम कराने के लिए आने वाले लोग संतुष्ट होकर और कार्यालय की अच्छी छवि लेकर जाएं। इसके लिए स्टाफ को भी अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस पर पथराव मामले में पांच और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- बरात चढ़त के दौरान भिड़ गए थे दूल्हा-दुल्हन पक्ष के लोग

**अमृत विचार :** संभल जिले के धनारी थाना क्षेत्र में मामूली बात पर दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोगों में मारपीट के बाद पुलिस पर पथराव मामले में पुलिस ने पांच और आरोपी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव डरौली में जसवंत की बेटी मंजू की सोमवार को रात शादी में बरात चढ़त के दौरान दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोगों में मारपीट हुई थी। दूल्हा अंकित निवासी गांव हरदासपुर बग्गी से कूदकर भाग गया था। मौके पर पहुंची पुलिस पर लोगों ने पथराव कर दिया था जिसमें दरोगा अंकित कुमार, वसंत यादव, सिपाही पवन ढाका और अजय सिरोही घायल हुए। तीन थानों की पुलिस ने हालात संभाले थे। पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार करते हुए 40 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार, जसवंत, हरवीर, काशीराम, अवनीश और तेजपाल सहित 15-16 लोग भाग गए थे। पुलिस ने जसवंत, काशीराम निवासीगण डरौली, प्रकाश में आए वीरेंद्र निवासी डरौली, रवि कुमार निवासी भटपुरा थाना बिसौली, वीर बहादुर निवासी गांव अजनावर थाना बिसौली को जसवंत के घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पांचों आरोपियों का चालान कर दिया है।

## अब समिति करेगी देवराभूरा ग्राम पंचायत का संचालन

**बहजोई, अमृत विचार:** विकासखंड रजपुरा की ग्राम पंचायत में प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज करने के बाद डीएम के निर्देश पर समिति गठित की गई है। यह समिति ग्राम पंचायत का संचालन करेगी।

राजपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत देवराभूरा में अनियमितता मिलने पर प्रधान सुरेश कुमार के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार 6 जून को प्रतिबंधित कर दिए गए थे। अब डीएम राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर ग्राम पंचायत संचालन के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि ग्राम प्रधान के अधिकार सीज होने के बाद तीन सदस्य समिति गठित की गई है। यही समिति अब वित्तीय तथा प्रशासनिक अधिकारों की पावर के साथ कार्य करेगी।

# बिजली निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- समाधान न होने पर बिजली कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी
- विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़े दे रही सरकार

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर विद्युत वितरण खंड में विद्युत कर्मचारियों ने बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। कहा कि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो विद्युत कर्मचारी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। निजीकरण के विरोध में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियंता ने प्रदर्शन किया। इसी को लेकर विद्युत वितरण खंड में विद्युत कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के दौरान विरोध प्रदर्शन किया। कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार



विद्युत वितरण खंड में धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़े देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है। जिससे प्रदेश के बिजली कर्मचारियों में गुस्सा है। उत्तर प्रदेश में पिछले 7 माह से बिजली कर्मचारी लगातार आंदोलन कर रहे हैं, मगर सरकार ने एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की। चेतावनी दी गई कि बिजली कर्मचारियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई, तो सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान काफी संख्या में बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

# गंगा का जलस्तर घटा, अब कटान शुरू

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** गंगा के जलस्तर में दो फुट की गिरावट से गंगा के तटवर्ती इलाके के निवासियों ने राहत की सांस ली है। बुधवार सुबह से लगातार जल स्तर घटना शुरू हो गया जो जारी है। राजघाट में गंगा का पानी तीन सीढ़ियां नीचे उतर गया है जबकि नरोरा में अब खतरे के निशान से 90 सेमी नीचे है। अलबत्ता, जलस्तर घटने से गंगा में कटान शुरू हो गया है।

मंगलवार रात से ही जल स्तर घटना प्रारम्भ हो गया था। बुधवार सुबह से जलस्तर में तेजी से कमी आई है। सुबह छह बजे डाउन स्ट्रीम से जल निकासी 1,16,512 क्यूसेक प्रति सेकंड और जलस्तर 178.04 मीटर था। शाम चार बजे डाउन स्ट्रीम में जल निकासी 86,603 क्यूसेक और उपलब्धता 177.75



राजघाट पर गंगा का जलस्तर कम होने के बाद नजर आती घास। ● अमृत विचार

- जलस्तर करीब दो फुट गिरने से आसपास के ग्रामीणों को राहत

मीटर रह गयी। नरोरा में सुबह से शाम तक गंगा के जलस्तर में 29 सेमी की कमी आई है। तीन दिन पहले हरिद्वार के भीम गोडा बैराज और बिजनौर बैराज से काफी मात्रा में जल छोड़ने के बाद गंगा के जलस्तर अप्रत्याशित वृद्धि होने के सबब प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया था। बाढ़ चौकियां सक्रिय करने के साथ ही गंगा किनारे रहने वालों को अपने पशु व जन हानि को रोकने के लिए सुरक्षित स्थान पर जाने का प्लान बनाया जा रहा था। दो दिन तक गंगा का रौद्र रूप अब सामान्य की ओर बढ़ने लगा है। राजघाट में आरती स्थल की तीन सीढ़ियों पर चढ़ आया पानी धीरे-धीरे वापस गंगा की धारा की ओर जाने लगा है।

## पिछड़ा वर्ग के युवा करें14 तक आवेदन

**बहजोई, अमृत विचार :** युवाओं के लिए एक वर्षीय ओ लेवल एवं तीन माह के सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण का मौका मिला है जिसके लिए 14 जुलाई तक आवेदन करना होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त सकते हैं। युवा विभाग की वेबसाइट backwardwelfare.up.gov.in व obccomputertraining.upsdc.gov.in पर जाकर आनलाइन आवेदन भरें। आवेदन करने के लिए आय व जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, हाईस्कूल व इंटर की मार्कशीट की छायाप्रति को अपलोड करके उसका प्रिंट आउट दो प्रतियों में कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करें। अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 35 वर्ष, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट होनी चाहिए। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# अतरासी में पीएम श्री विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** पंवासा विकासखंड के गांव अतरासी के पीएम श्री विद्यालय का डीएम ने निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेकर प्रत्येक बुधवार को होने वाली स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक कराने के निर्देश दिए। शिक्षण कार्य नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।

डीएम राजेंद्र पैंसिया पीएम श्री विद्यालय अतरासी पहुंचे तो आधार मशीन को लेकर जानकारी प्राप्त की। आधार मशीनों के संचालन को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जिन विद्यालयों में अध्यापक शिक्षण का कार्य नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। पीएम श्री विद्यालय के अध्यापक की ड्रेस को लेकर उन्होंने जानकारी प्राप्त की।



विद्यालय में डीएम राजेंद्र पैंसिया।

- शिक्षण नहीं करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए कहा

अध्यापक अपनी निर्धारित ड्रेस में ही विद्यालय आएं। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक प्रत्येक बुधवार को होनी चाहिए। वहीं उन्होंने बीएसए को निर्देश दिए कि शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास किया जाये। इसके बाद डीएम राजेंद्र पैंसिया, सीडीओ गोरखनाथ व बीएससी अलका शर्मा ने किसौली प्राथमिक विद्यालय प्रथम का निरीक्षण किया।

गतिरात्मवतां सन्तः सन्त एव सतां गतिः।
असतां च गतिः सन्तो न त्वसन्तः सतां गतिः॥

सज्जन पुरुष सबका सहारा होते है। सज्जन बुद्धिमानों का सहारा होते हैं, सज्जनों का सहारा होते हैं, दुर्जनों का सहारा होते है लेकिन दुर्जन कभी सज्जनों का सहारा नहीं हो सकते।

## संपादकीय

# जटिल वैश्विक चुनौती

यूक्रेन पर रूस का आक्रमण वैश्विक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। यह युद्ध न केवल यूक्रेन और रूस के बीच एक क्षेत्रीय संघर्ष है, बल्कि इसका व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़ा है। यानी यूक्रेन पर रूस का आक्रमण एक जटिल वैश्विक चुनौती है, जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इस बीच यूक्रेन के शहरों पर रूसी हमले तेज हो चुके हैं। बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन को दिए जाने वाले खास हथियारों की सप्लाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब यूक्रेन को हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एयर डिफेंस सिस्टम और तोप के गोलों की आपूर्ति नहीं मिलेगी। यूक्रेनी विशेषज्ञों ने भी अमेरिका के फैसले पर चिंता जताई है। गौरतलब है कि युद्ध ने एक गंभीर मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। युद्ध के कारण यूक्रेन में व्यापक तबाही हुई है और इसके परिणाम स्वरूप एक गंभीर शरणार्थी संकट भी पैदा हुआ है, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव पड़ा है।

यूक्रेन पर रूसी आक्रामकता 2014 में शुरू हुई थी, जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था और पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों का समर्थन किया था। 24 फरवरी, 2022 को, रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। रूस का आक्रमण शीत युद्ध के बाद की व्यवस्था को चुनौती देता है, जो राष्ट्रों के बीच संवाद, सहयोग और राजनीतिक-आर्थिक संबंधों के माध्यम से एक बहुध्रुवीय व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही थी। भारत को रूस और पश्चिम दोनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करना है, जो एक जटिल चुनौती है। भारत को चीन के साथ रूस के बढ़ते संबंधों और चीन और पाकिस्तान दोनों के साथ अपनी सीमा की स्थिति पर भी विचार करना होगा। भारत ने इस मामले में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है लेकिन उसे अपने हितों को सुरक्षित रखने और वैश्विक सुरक्षा में योगदान करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। भारत इस स्थिति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाया है, न तो रूस की निंदा की है और न ही यूक्रेन का समर्थन किया है। लेकिन वह बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने के पक्ष में है। भारत का मानना है कि विवादों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है और वह कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने का समर्थन करता है।

# कंक्रीट के जंगलों में पानी की बगावत



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों में जलभराव की समस्या केवल जल निकासी प्रणाली की विफलता से नहीं, बल्कि भूमि उपयोग के बदलते स्वरूप और शहरी भूगोल की अनदेखी से भी जुड़ी है। प्राकृतिक जलमार्गों और झीलों को पाटकर बनाए गए मॉल, सोसाइटी और सड़कें वर्षा जल के प्रवाह को रोक देती हैं।

शहरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन जब वही विस्तार मानसून की पहली तेज बारिश में घुटनों तक पानी में डूबा दिखे, तो यह विकास एक विडंबना बन जाता है। भारत के कई तथाकथित स्मार्ट सिटी : जैसे गुरुग्राम, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई, हर साल बारिश के मौसम में जलभराव, ट्रैफिक जाम और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने की खबरों में छा जाते हैं। कारण स्पष्ट हैः तेजी से होता शहरीकरण, कंक्रीट की भरमार और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 100 स्मार्ट सिटीज़ में से 80 से अधिक शहरों में मानसून के दौरान जलभराव आम समस्या है। उदाहरण के तौर पर, बेंगलुरु में 2022 की भारी बारिश में लगभग 8,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ था। यह तब हुआ जब बेंगलुरु को देश का टेक हब और स्मार्ट प्लानिंग का मॉडल माना जाता है। असल में, जब शहरों की योजना बनती है तो अक्सर बारिश के पानी की निकासी को लेकर सतही नजरिया अपनाया जाता है। जलनिकासी नालों की चौड़ाई कम रखी जाती है, पुराने ड्रेनेज सिस्टम को अपडेट नहीं किया जाता और वर्षाजल को दोबारा इस्तेमाल करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। परिणामस्वरूप, थोड़ी सी भारी बारिश भी सड़कों को दरिया बना देती है और बुनियादी ढांचा भरभराकर गिरने लगता है। यह विडंबना तब और बढ़ जाती है जब स्मार्ट सिटी की परिकल्पना ही बेहतर जीवन, पर्यावरणीय संतुलन और तकनीकी दक्षता के नाम पर की गई हो। ज़ाहिर है, समस्या सिर्फ बारिश की नहीं, हमारी योजना और प्राथमिकताओं की भी है।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कई शहरों में 40–60 प्रतिशत वर्षा जल बहकर सीवर में चला जाता है, जबकि इसे संग्रह कर जल संकट का समाधान बनाया जा सकता था। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब नगर निगमों के पास न तो जल निकासी की नियमित सफाई की योजना होती है, न ही अतिक्रमण हटाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति। अक्सर देखा गया है कि नालियां प्लास्टिक और मलबे से पूरी तरह जाम होती हैं, और मानसून के ठीक पहले कोई आपातकालीन सफाई अभियान दिखावे के लिए चलाया जाता है। तकनीक और डेटा एनालिटिक्स के इस युग में जब हम ट्रैफिक मूवमेंट से लेकर कचरे के वजन तक को ट्रैक कर सकते हैं, तब बारिश के पानी की दिशा और दबाव को मैप करने की कोई ठोस व्यवस्था न होना हमारी प्राथमिकताओं को उजागर करता है। यह विडंबना भी ध्यान देने योग्य है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में करोड़ों खर्च हुए हैं, लेकिन इन्वेसमेंट का एक छोटा हिस्सा भी 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन प्लानिंग' की ओर नहीं गया। ऐसे में पानी की बगावत नहीं, उसकी अवहेलना ही असली गुनहगार है।

भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी। लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे काफी अलग है। स्मार्ट सिटी प्रगति रिपोर्ट (2023) के अनुसार, कुल 7,800 से अधिक परियोजनाओं में से मात्र 8 प्रतिशत ही ऐसे प्रोजेक्ट थे जो जल निकासी या जल संरक्षण से जुड़े थे। बाकी धनराशि अधिकतर सड़कों, वाई-फाई ज़ोन, और एलईडी लाइट्स जैसी परियोजनाओं पर खर्च हुई। उदाहरण के लिए, भोपाल स्मार्ट सिटी में करोड़ों रुपये की लागत से साइकिल ट्रैक और ई-गवर्नेंस सिस्टम विकसित किया गया, परंतु मानसून में मुख्य बाज़ार क्षेत्र हर साल पानी में डूब जाता है। दूसरी ओर, 'अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन' (एएमआरयूटी) जैसी योजनाओं ने कुछ हद तक पानी की पाइपलाइन और सीवरेज सुधारने का काम किया, लेकिन व्यापक ड्रेनेज पुनर्निर्माण और जल पुनर्चक्रण को लेकर गंभीरता नहीं दिखी। कई नगर निकायों के पास इंजीनियरिंग और प्लानिंग का तकनीकी स्टाफ ही नहीं है जो वर्षा जल प्रवाह का वैज्ञानिक आंकलन कर सके। इसके अलावा, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का मूल्यांकन अक्सर सतही रूप से किया गया, जिसमें वर्षाजल संकट या जलभराव जैसी समस्याओं को मात्र "इंसीडेंट" मानकर नज़रअंदाज़ किया गया। सरकार ने दिशा तो तय की, लेकिन ज़मीन पर उसका क्रियान्वयन अधूरा, बेमेल और तकनीकी दृष्टि से कमज़ोर रहा।

> भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी।

जबकि वहीं दूसरी और विकसित देशों ने शहरी जल प्रबंधन को सिर्फ बुनियादी ढांचे की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से भी देखा है। सिंगापुर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ 'सक्रिय, सुन्दर, स्वच्छ जल' (एबीसी वाटर्स) कार्यक्रम के तहत वर्षा जल को संग्रह करने, शुद्ध करने और दोबारा उपयोग में लाने की संरचना बनाई गई है। शहर के हर बड़े प्रोजेक्ट में 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन डिज़ाइन' अनिवार्य है, जिसमें फुटपाथ से लेकर पार्किंग ज़ोन तक में ऐसा डिज़ाइन होता है कि पानी ज़मीन में समा सके या संग्रहित हो जाए। नीदरलैंड्स ने जल प्रबंधन को अपने राष्ट्रीय अस्तित्व का मुद्दा माना है और वहां के शहरों में 'तैरते पड़ोस' जैसी योजनाएं तक बनी हैं, जो बाढ़ की स्थिति में जल पर तैरती रहें। टोक्यो में भारी वर्षा के समय सैकड़ों लाख गैलन पानी भूमिगत सुरंगों में संग्रह कर लिया जाता है। चीन ने हाल के वर्षों में 'स्पंज सिटी' योजना लागू की, जिसमें शहरों को इस तरह डिज़ाइन किया जा रहा है कि वे बारिश के पानी को सोख सकें, स्टोर कर सकें और जरूरत के समय वापस छोड़ सकें : जैसे प्राकृतिक स्पंज काम करता है। इन देशों के प्रयास इस विचार पर आधारित हैं कि पानी को दुश्मन मानकर हटाया नहीं जाना चाहिए, बल्कि उसे मित्र मानकर संभाला जाना चाहिए। उनके यहां वर्षा जल निकासी का मतलब केवल पानी निकालना नहीं, बल्कि उसे उपयोगी बनाना भी है। भारत जैसे देश को इन सफल मॉडलों से सीखकर अपने स्थानीय संदर्भ में स्मार्ट, टिकाऊ और व्यवहारिक समाधान अपनाने होंगे, वरना हर बारिश एक नई आपदा में तब्दील होती रहेगी।

यदि भारत को वास्तव में स्मार्ट सिटीज़ के साथ स्मार्ट मानसून मैनेजमेंट की ओर बढ़ना है, तो सबसे पहले वर्षा जल को 'वेस्ट' नहीं, 'रिसोर्स' की तरह देखना होगा। शहरों की प्लानिंग में वर्षा जल को संरक्षित करने, उसे रिचार्ज ज़ोन में भेजने और दोबारा उपयोग की व्यवस्था को अनिवार्य करना होगा। इसके लिए "रेन वॉटर हार्वेस्टिंग" सिस्टम को सिर्फ कानूनों की किताबों में नहीं, ज़मीन पर लागू करना होगा - सख्ती और निगरानी के साथ। स्कूल, मॉल, सरकारी भवन और अपार्टमेंट्स को इसके लिए जवाबदेह बनाया जाए और नगर निगम इसकी समय-समय पर ऑडिटिंग करे। इसके अलावा, पारंपरिक जल निकासी प्रणालियां जैसे झील, नाले और जोहड़, जिन्हें शहरीकरण की दौड़ में समाप्त कर दिया गया, उन्हें पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। सरकार को अपने बजट आवंटन में जल प्रबंधन और ड्रेनेज सिस्टम को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, केवल सड़कें और डिजिटल बोर्ड लगाने से शहर स्मार्ट नहीं बनते। जीआईएस और एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से यह मुमकिन है कि हर बारिश के पहले यह पता चल सके कि किस इलाक़े में जलजमाव की आशंका है और पहले से ही वहां राहत दल या जल निकासी के साधन तैनात किए जा सकें। भारत को आवश्यकता है एक समेकित, दीर्घकालिक और विज्ञान आधारित योजना की, जिसमें केवल 'प्रोजेक्ट्स' नहीं, एक टिकाऊ जीवनशैली का लक्ष्य हो।

## प्रसंगवश

# जरूरतमंद रोगियों को जीवन देगी 'ई-रक्त कोष' मुहिम

रक्त की कमी से किसी व्यक्ति का जीवन खतरे में न पड़े, इस दिशा में केंद्र सरकार ने बेहतरीन मानवीय कदम उठाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की (डब्ल्यूएचओ) की हालिया रिपोर्ट में प्रत्येक चौथे भारतीयों में खून की कमी बताई है जिसके चलते भविष्य में मरीजों की सख्याओं में बेतहाशा वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, खून की कमी आज से नहीं, बल्कि बीते कुछ वर्षों से कुछ ज्यादा ही महसूस हुई है। अस्पतालों में भर्ती मरीज को समय से ब्लड नहीं मिलने पर जान गंवाते हैं। जरूरत के वक्त 'रेयर ब्लड' का मिलता तो संभव ही नहीं होता? डोनर भी अब ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। हम-आप में ऐसे तमाम भुक्तभोगी होंगे, जब विकट समस्याओं के वक्त खून मांगने पर देश के 'ब्लड बैंक' सफेद हाथी हुए हों? पर, हां ब्लैक और मुंह मांगी कीमतों पर अस्पतालों के ईद-गिर्द मंडराते दलाल असहजता से खून आज भी मुहैया करवा देते हैं। तब ताज्जुब होता है कि आखिरकार उनके पास खून कहां से आता है। तल्ख़ सच्चाई ये है, वो खून वही होता है जिसे हम-आप रक्तदान के नाम पर इनको देकर चले जाते हैं?



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है।

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है। इस जरूरत को पूरा करने की चुनौती स्वास्थ्य तंत्र के पास पहाड़ जैसी खड़ी होती है। यही कारण है कि दिनों दिन ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता बढ़ रही है। तभी, केंद्र सरकार के आदेशानुसार केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समूचे हिंदुस्तान में दुर्लभ रक्त की उपलब्धता को पूरा करने के लिए एक नायाब तरीका खोजा है। 'राष्ट्रीय ऑनलाइन ई-रक्त कोष' को सरकार ने एकीकृत किया है। दरअसल, ऐसा पोर्टल या मंच होगा जहां से मरीजों को हर प्रकार के खून की उपलब्धता मात्र एक क्लिक में पूरी हो जाया करेगी। योजना की रूपरेखा 'भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद' के तहत मुंबई स्थित 'राष्ट्रीय इम्यूनो हेमेटोलॉजी संस्थान' ने तैयार की है। परियोजना का नामकरण 'दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री' रखा गया है। जहां सामान्य, दुर्लभ व रेयर ब्लड की उपलब्धता चौबीसों घंटे रहा करेगी। थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसे रोगियों के लिए तो योजना नया जीवन देने का काम करेगी। केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय के पास ब्लड की ब्लैकमेलिंग से संबंधित सालाना हजारों की संख्याओं में शिकायतें पहुंचती हैं। ब्लड के नाम पर देश के अस्पतालों में बड़ा रैकेट सक्रिय है। भारत में रक्तदान के नाम पर लोग गोरखधंधा करते हैं। 'ब्लड ठग' खास दिवसों पर विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर लगाकर डोनरों से झूठ बोलकर ब्लड लेते हैं फिर उसे अस्पतालों में बेचते हैं। 143 करोड़ जनसंख्या वाले भारत में इस वक्त करीब 4 से 5 लाख ब्लड बैंक रजिस्टर्ड हैं, लेकिन ज्यादातर कागजों में ही सक्रिय हैं। कुछ ही 'ब्लड बैंक' ऐसे हैं जो वास्तव में जमीन पर काम कर रहे हैं। अगर सभी ब्लड बैंक ईमानदारी से काम करते तो केंद्र सरकार को 'ऑनलाइन ई-रक्त कोष' बनाने जरूरत नहीं पड़ती।

इस सरकारी 'रक्त पोर्टल' को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यून हेमेटोलॉजी के अलावा अन्य चार सहयोगी संस्थानों के साथ मिलकर 4,000 सावधानीपूर्वक जांचे गए रक्तदाताओं का डेटाबेस बनाया है, जिनका 300 से अधिक दुर्लभ रक्त मार्करों के लिए परीक्षण किया गया। इससे चिकित्सकों को दुर्लभ और विशेष रूप से मिलान किए गए रक्त को जल्दी से खोजने में मदद मिलेगी। भारत भर के रोगियों की मदद के लिए रेयर डोनर रजिस्ट्री ऑफ इंडिया प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। योजना का मकसद 'कोई भी मरीज रक्त की कमी के चलते अपना जीवन न खोए' है।

# चेतावनियों को नजरंदाज करने से आई तबाही



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं।

सुंदर, शांत, सुरम्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौत का सन्नाटा है। छोटे से राज्य का बड़ा हिस्सा अचानक आई तेज बरसात और जमीन खिसकने से कब्रिस्तान बना हुआ है तो जहां आपदा आई नहीं वहां के लोग भी आशंका में जी रहे हैं। आषाढ़ में मानसून की पहली बौछार के साथ ही कई जिलों, विशेषकर कुल्लू और धर्मशाला, में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इससे कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हुआ। याद रखना होगा कि पिछली एक सदी में हिमाचल प्रदेश क औसत तापमान मने 1.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। जाहिर है की इससे मौसम का मिजाज गड़बड़ा रहा है और अचानक तेज बारिश हो रही हैं। हिमाचल में 2024 के मानसून में 18 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गईं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ गई है, जिससे भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इसका दोष नैसर्गिक जलवायु परिवर्तन से अधिक, पहाड़ों से जंगल कटाई , शहरीकरण और आबादी में बेतहाशा बढ़ोतरी, पर्यटन के नाम पर वाहनों की आमद दरफ्त बढ़ना, पहाड़ों पर बोझ बढ़ना आदि अधिक है। नदियों की अविरल धार रोकने से भूमि कटाव, नदियों का उथला होना और ग्लेशियर के पिघलने से अचानक बढ़ते जल स्तर आदि से वायुमंडल में नमी इतनी बढ़ती है कि बीते पांच सालों में कई बार बादल फटने की घटना हुई। इसी साल 14-15 फ़रवरी को आई आई टी, बॉम्बे में संपन्न दूसरे इंडियन क्रायोस्फीयर मीट (आईसीएम) में आईआईटी रोपड़ के वैज्ञानिकों ने एक शोध पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि हिमाचल राज्य का 45 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं से ग्रस्त है। 5.9 डिग्री और 16.4 डिग्री के बीच औसत ढलान वाले और 1,600 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्र विशेष रूप से भूस्खलन और बाढ़ दोनों के लिए प्रवण हैं। इस मीटिंग में दुनिया भर के लगभग 80 ग्लेशियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। इतनी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद न समाज चेता, न ही सरकार ।

नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, इसरो द्वारा तैयार देश के भूस्खलन नक्शे में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों को बेहद संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। देश के कुल 147 ऐसे जिलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से मंडी को 16 वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़ा और चेतावनी फाइल में सिसकती रही और इस बार मंडी में तबाही का भयावह मंजर सामने आ गया।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 97.42 प्रतिशत भूस्खलन की संभावना में है। हिमाचल सरकार की डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेल द्वारा प्रकाशित एक "लैंडस्लाइड हैज़ार्ड रिस्क असेसमेंट" अध्ययन ने पाया कि बड़ी संख्या में हाइड्रोपावर स्थल पर धरती खिसकने का खतरा है। लगभग 10 ऐसे मेगा हाइड्रोपावर प्लांट, स्थल मध्यम और उच्च जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों में स्थित हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सर्वेक्षण कर भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित किए है। चेतावनी के बाद भी किन्नौर में, एक हज़ार मेगा वाट की करचम और 300 मेगा वाट की बासपा परियोजनाओं पर काम चल रहा है । एक बात और समझना होगा कि "वर्तमान में बारिश का तरीका बदल रहा है और गर्मियों में तापमान सामान्य से कहीं अधिक पर पहुंच रहा है। ऐसे में मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने की नीति को एक नाजुक और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में लागू किया जा रहा है।

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं। जब दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगे बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे, तब हिमाचल की जल धाराओं पर छोटे-बड़े बिजली संयंत्र लगा कर उसे विकास का प्रतिमान निरुपित किया जा रहा था। यह सच है कि विकास का पहिया बगैर अच्छी सड़कों और उर्जा के घूम नहीं सकता लेकिन इसके लिए ऐसी परियोजनाओं से बचा जाना चाहिए जो कि कुदरत की अनमोल देन कहे जाने वाले हिमालय पहाड़ के मूल स्वरूप पर खतरा हों। खासकर प्रकृति-मित्र पर्यटन गतिविधियों को कड़ाई से पालन करने का वक्त या गया है वरना समूचे राज्य पर अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है ।

## सोशल फोरम

# आवागमन का गीता ज्ञान



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

सड़कों मे गड्ढे होना बेहद जरूरी। गड्ढों में झांक कर देखिए। गड्ढे ज्ञान का स्रोत। स्कूल कॉलेजों में किताबी ज्ञान मिलेगा आपको। असली ज्ञान सड़कों के गड्ढों में छुपा बैठा होता है। विचार कीजिए। आप अपनी धुन मे चले जा रहे हैं, अचानक सड़क किसी बडे गड्ढे में घुस जाती है। फिर आप खुद गड्ढे में होते हैं। आप फूटा सर लिए छिले हुए घुटनों के सहारे खड़े होते हैं। आप तय नहीं कर पाते कि सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क हैं। ऐसे में कबीर याद आते हैं फिर। जल में कुंभ ,कुंभ में जल है बाहर भीतर पानी। फूटा कुंभ जल जल ही समाना यह तथ कह्यो ग्यानी।

खराब सड़कों पर सफर करना मुश्किल पर गड्ढों से सफलता पूर्वक गुजर कर मंजिल तक पहुंचने में जो संतोष मिलता है, उसे हवाई जहाज में उड़ने वाले महसूस नहीं कर सकते। सुबह घर से निकलने के बाद शाम को जिंदा घर पहुंचने में जो रोमांच है उसे लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता।

सड़कें, चाहे कितनी भी अच्छी हों, समय के साथ खराब हो जाती हैं। क्षणभंगुर जीवन जैसी सड़कें जल्दी जल्दी खराब होने के लिए बनाई जाती हैं ताकि दोबारा फिर बनाई जा सकें। वे भी हमारी ही तरह पैदा होती है मरती हैं और फिर जन्म लेती है। ये आवागमन का गीता ज्ञान है। सड़कों के गड्ढे हमें सिखाते है कि जिंदगी का कोई ठिकाना नहीं इसलिए हमें शांत और भला बना रहना चाहिए। खराब सड़कें हमें धीमा करती है। जल्दी पहुंचने की बेचैनी से मुक्त करती है और थोडे में संतुष्ट रहना सिखाती है। सड़कों के गड्ढे सादगी भरे गांधीवादी दर्शन का प्रतिनिधित्व करते है। इसलिए ये अच्छे हैं।

खराब सड़कें को दिक्कतों मे गिनना ,उसके गड्ढों को लेकर टसुए बहाना आपकी अपरिपक्वता को दर्शाता है। सड़कों के गड्ढे हमें जीवन की अपूर्णताओं को स्वीकार करने और आत्म-चिंतन का पाठ पढ़ाने के लिए हैं। ये खराब वक्त जैसे हैं जो हमे आंतरिक रूप से शांत और संतुलित करते हैं। जगत मिथ्या है और गड्ढे सत्य हैं। हम नश्वर है किंतु गड्ढे चिरंजीवी हैं। वो हमें बेहतर बनाने के लिए हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सेहत पर भारी पड़ रही रील्स देखने की आदत



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

> मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है।

आजकल बुरी लत की कैटेगरी में सिगरेट-शराब पीना, जुआ खेलना, सिर्फ यही चीजें नहीं शामिल, बल्कि हाल-फिलहाल मोबाइल में दिनभर रील्स देखना भी एक तरह का एडिक्शन माना जा रहा है, क्योंकि इसमें व्यक्ति को पता होता है कि उसका समय बर्बाद हो रहा है, काम प्रभावित हो रहा है, लेकिन फिर भी वो रील्स की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाता।

छोटे बच्चे तो इसके ऐसे आदि हो चुके हैं कि उन्हें खिलाने से लेकर सुलाने तक के लिए अब मां-बाप रील्स का ही सहारा ले रहे हैं। सोने से पहले घंटों रील्स देखना और सुबह आंख खोलते ही फोन, मैसेज और सोशल मीडिया पर एक्टिव होने से शरीर कई बीमारियों को न्योता देने लगता है। रील्स देखने की बढ़ती आदत स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बहुत अधिक रील्स देखने की आदत सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदायक हो सकती है। यह आपके किसी काम पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, मेंटल हेल्थ को तो प्रभावित करती ही है साथ ही लंबे समय तक रील्स देखते रहने से शारीरिक सक्रियता कम होती है। यानि की बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में तेजी से बढ़ती ये आदत दीर्घकालिक रूप से सेहत को गंभीर क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है।

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है। रील्स भी सोशल मीडिया एडिक्शन का ही एक हिस्सा है। हर उम्र के लोग इन रील को घंटों तक बिना किसी से बात किए एक जगह पर बैठे देखते रहते हैं। इस लत के चलते लोगों में जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है, वो है डिप्रेशन। वीडियो देखने वाला शख्स खुद को वीडियो में मौजूद शख्स से कम्पेयर करने लगता है। वो भी उसकी तरह दिखना चाहता है, उसकी तरह जिंदगी जीना चाहता है और जब ऐसा नहीं होता, तो गुस्सा, चिड़चिड़ापन होना लाजमी है। धीरे-धीरे ये तनाव डिप्रेशन में बदल जाता है। यह लत खासकर बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बच्चों के दिमाग पर रील्स का असर खतरनाक होता है। रील्स देखने से बच्चों का 'अटेंशन स्पैन' तेजी से कम होता है। जिसकी वजह से वे भुलक्कड़ हो जाते हैं और उनकी सीखने की रफ्तार भी धीमी हो जाती है।

कई रिसर्च के मुताबिक साल 2000 के आसपास बच्चों का औसत अटेंशन स्पैन 12 सेकेंड था, जो अब घटकर 8 सेकेंड रह गया है, लेकिन ज्यादा रील्स देखने वाले बच्चों का अटेंशन स्पैन 8 सेकेंड से भी कम होता है। असल में, शॉर्ट वीडियोज ने बच्चों के दिमाग को भी शॉर्ट टेंपर्ड बना दिया है; वे सब कुछ जल्दी चाहते हैं। किसी चीज के लिए इंतजार नहीं करना चाहते। इसका नेगेटिव असर उनके सीखने और याद करने की क्षमता पर भी पड़ता है। बच्चे पढ़ाई से दूर होते जा रहे है।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग "पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है। साइंस जर्नल न्यूरो इमेज में छपे एक रिसर्च पेपर के अनुसार, ''शॉर्ट-वीडियो एडिक्शन एक बढ़ती हुई व्यवहारिक और सामाजिक समस्या के रूप में उभरा है। यह अब समाज में एक महामारी का रूप ले चुका है। रील्स का अत्यधिक प्रयोग दिमाग के फोकस पर भी बुरा असर डाल रहा है। सोशलाइजेशन वाली स्किल तो इस वजह से इनकी मरती जा रही है, जिसकी वजह से लोग परिवार और दूसरे लोगों से बातचीत करना पसंद नहीं कर रहे हैं। इस वजह से एंग्जाइटी और आइसोलेशन की समस्या खड़ी हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### पुलिस नहीं लगा पाई चोरों का सुराग

**हसनपुर,अमृत विचार :** नगर के बीचो-बीच दिनदहाड़े हुई 80 हजार रुपये के माल की हुई चोरी का पुलिस 24 घंटे बीत जाने के बाद भी सुराग नहीं लगा पाई है। नगर के मोहल्ला कनेटा रोड मोती वाली मस्जिद के समीप साप्ताहिक बाजारों में कपड़ों का फड़ लगाने वाले शहाबुद्दीन के घर के ताले तोड़कर मंगलवार शाम चोरों ने चोरी कर ली थी। चोर 25 हजार की नगदी सोने चांदी के जेवरात समेत 80 हजार के माल ले गए थे। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस चोरी का खुलासा करना तो दूर अभी इस बात का भी क्लू नहीं लगा पाई है।

### मृत पशुओं को ट्रैक्टर से खींचने का वीडियो वायरल

**रहरा, अमृत विचार :** गांव गुरैठा में नन्दी बिहार गोशाला में दो मृत गोवंश को बांधकर ट्रैक्टर से खींचने का वीडियो वायरल हो गया। गौशाला के तीन वीडियो वायरल हो रही हैं। जिनमें एक वीडियो करीब एक मिनट का है। वीडियो में गौशाला के पास गड्ढे में पड़े गोवंश का शव दिखाई दे रहा है। दूसरा वीडियो 1 मिनट 17 सेकंड का है जिसमें गौशाला में खुल्ली के पास एक गोवंश का शव पड़ा है। तीसरा वीडियो 1 मिनट 13 सेकंड का है। उप जिलाधिकारी हसनपुर पुष्करनाथ चौधरी का कहना है कि इस तरह का कोई मामला जानकारी नहीं है वायरल वीडियो की जांच करा कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अमरोहा में आवास विकास और मंडी चौब को बनाया जाएगा जीरो वेस्ट वार्ड

## नगर पालिका व नगर पंचायतों में बनेंगे दो जीरो वेस्ट वार्ड, ईओ ने शुरू किया अभियान



कूड़े को अलग-अलग करने की जानकारी देते ईओ डॉ बृजेश कुमार। ● अमृत विचार



महिलाओं को जागरूक करते अधिशाषी अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले की सभी नगर पालिका नगर पंचायत में दो वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए पालिका व पंचायत के द्वारा अभियान शुरू कर दिया गया है।

शासन के निर्देश पर जीरो वेस्ट और प्लास्टिक मुक्त वार्ड बनाने के लिए डीएम ने जिले की सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों के ईओ

● **डीएम ने जूम मीटिंग के जरिए सभी ईओ को दिए निर्देश**

को जूम मीटिंग के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि दो वार्डों को जीरो वेस्ट बनाया जाए। साथ ही डोर टू डोर पहुंचकर इस संबंध में लोगों को जागरूक करें। महिलाओं को घर से निकलने वाले गीला व सूखे कूड़े को अलग-अलग कर पालिका के कूड़ा वाहन को देने के लिए अनुरोध किया जाए। वार्डों को पूरी तरीके से जीरो वेस्ट बनाने के लिए लोगों से सहयोग लिया जाए।

नोडल अधिकारी व अमरोहा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ.. बृजेश कुमार ने बताया कि अमरोहा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड आवास विकास कॉलोनी व मंडी चौब को जीरो वेस्ट बनाने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान में सभासद व स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर उन्हें जानकारी दी गई है। ईओ के नेतृत्व में पालिका टीम ने आवास विकास कॉलोनी को जीरो वेस्ट व प्लास्टिक मुक्त बनाने को विशेष अभियान चलाया। महिलाओं को घर से निकलने वाले कूड़े के बारे में जानकारी दी। कूड़े को अलग-अलग कर कर वाहन को देने के लिए अनुरोध किया। मोहल्ले को स्वच्छ बनाने के लिए उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई। इस दौरान कॉलोनी की महिलाओं व पुरुषों ने भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## इमाम हुसैन ने दिया इंसानियत का पैगामः मौलाना मशरेकैन

**उझारी, अमृत विचार :** इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में इंसानियत व भाईचारे का पैगाम देते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी।

उझारी सादात स्थित इमामबारगाहे अबू तालिब में चल रहे अशरा ए मोहर्रम की पांचवी मजलिस का आगाज मंजूर उल हसन उर्फ बश्शन मियां ने मर्सिया ख्वानी से किया। पेशख्वानी जॉन बाकरी, मौ० वासिफ रज़ा आदि ने की। मौ० अरमान बाकरी ने कहा- मारका जीत के इस शान से घर जाते हैं, आयतें पढ़ते हुए नेज़ों पर सर जाते हैं। निजामत मौलाना आसिफ रजा बाकरी ने की। लखनऊ के मौलाना मशरेक़ैन रिज़वी ने कहा कि इमाम हुसैन ने किसी ज़ालिम की बैअत कबूल नहीं की और इंसानियत एवं भाईचारा का पैगाम देते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। कर्बला का जिक्र सुनकर अज़ादर जोर जोर से रो रहे थे। हाजी अखलाक हुसैन, तफ़्सीरुल अब्बास, जहीन अब्बास, मौ० एहतेशाम, अदनान अली, मौ० फाजिल, जैन बाकरी, सलमान हैदर, फजले अकबर, जीशान हैदर, मौ० फुरकान, अफसर रजा,मौ० अयान, जहीर अब्बास, साहिल, हसन अब्बास आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मंत्री नंद गोपाल का जन्मदिन मनाएगा वैश्य समाज



**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर के एक बैंक्वेट हॉल वैश्य समाज जनपद अमरोहा की कार्यकारिणी की मीटिंग की गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी ने कहा कि इस वर्ष 12 जुलाई को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी) का जन्मदिन मनाया जाएगा। जिला अध्यक्ष करुणेश चंद गोयल ने बताया कि प्राचीन रियासत मंदिर में विशेष आरती की जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति गुप्ता, सुनीता गुप्ता, शेफाली रस्तोगी, मीनू गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, साहू रविराज सरन, विशाल गोयल, अरविंद अग्रवाल, सुनील कुमार गुप्ता, नरेंद्र कांत गर्ग, अवनीश शरण बंसल, मनुकमल गुप्ता, अचल अग्रवाल, अनूप गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, अमित गुप्ता शेखर गुप्ता, चेतन गुप्ता, विकास गुप्ता, विवेक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### कार्मेल पब्लिक स्कूल में किया गया पौधरोपण



**गजरौला, अमृत विचार :** वृक्षारोपण सप्ताह कार्यक्रम के तहत वन विभाग के कर्मचारियों ने बुधवार को शहर के कार्मेल पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण किया। नीम, वरगद और पीपल के वृक्ष रोपित किए गए। कला ,भाषण और त्रिवेणी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कला में उपासना ने प्रथम व द्वितीय अंशिका और तनिष्क ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण में उपासना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि उप प्रभागीय अधिकारी बिमल किशोर भारद्वाज, नरेश कुमार, सुमित राठी, संजीव पाल, समेत उनकी पूरी टीम ने योगदान दिया। स्कूल प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा, आरपी सिंह, प्रीति चौहान, संध्या, शुभम , धनवंत सिंह, आशुतोष सिंह, आदि मौजूद रहे।

### स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में आप कार्यकर्ता




**अमरोहा, अमृत विचार :** सरकारी स्कूलों को मर्ज करने के फैसले के विरोध में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। दरअसल सरकार ने कम छात्र संख्या वाले सरकारी प्राइमरी स्कूलों को मर्ज करने का फैसला लिया है। इस फैसले के तहत जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या बहुत कम है, उन्हें बंद कर दिया जाएगा। इन स्कूलों के छात्रों को नजदीकी सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। सरकार के इस निर्णय का आम आदमी पार्टी ने विरोध शुरू कर दिया है। बुधवार को अमरोहा कलेक्ट्रेट में आप कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद हैदर ने कहा कि जहां भी स्कूल बंद किए जाएंगे, वहां पार्टी आंदोलन करेगी। यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी स्थिति में सरकारी स्कूलों को बंद नहीं होने देगी और इसके खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगी। 27000 सरकारी स्कूलों को बंद किए जाने के योगी सरकार के फैसले के खिलाफ लोगों में गुस्सा है और गांव-गांव में इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। 2024 में उत्तर प्रदेश में 27,308 मदिरालय खोले गए वहीं 2025 में 27,000 विद्यालय बंद करने की योजना है। अब उत्तर प्रदेश की जनता को तय करना है कि उन्हें मधुशाला चाहिए या पाठशाला।

### किसानों की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन



**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि हसनपुर तहसील में सबसे ज्यादा किसानों का उत्पीड़न होता है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सरकार अपने वादों की परवाह न करते हुए किसानों की कमर तोड़ने में लगी हुई है। नरेश चौधरी ने कहा कि यदि बिजली का निजीकरण उत्तर प्रदेश में लागू होता है तो संयुक्त मोर्चा लखनऊ को घेरकर आंदोलन करने को मजबूर होगा। विजयवीर सिंह, ओमप्रकाश दरोगा जी, चौधरी किरन पाल सिंह, कामिल भाई, इकबाल सैफी, नितिन चौधरी, पाटिल चौधरी, सरदार जगपाल सिंह, विकास चौधरी, हाजी तस्लीम, तेजपाल सिंह, पंचम सिंह, जयपाल सिंह, दिनेश शर्मा, रिंकू सागर, आजम खान, नितिन आदि मौजूद रहे।

## दो दुलदुल और शबीहे ताबूत निकाले गए



दुलदुल के साथ अजादार। ● अमृत विचार

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** हज़रत औन और हज़रत मुहम्मद की शहादत के सिलसिले से दो दुलदुल और दो शबीहे ताबूत निकाले गए। सर्वप्रथम इमामबारगाह पीर जी मुस्तकीम अली मे मजलिस हुई। जिसमे मर्सिये डॉ लईक हैदर और हमनवा ने पढ़े। मौलाना मुताहिर हुसैन रिज़वी ने कहा कि रसूल ने फरमाया था कि मेरे नवासे हज़रत हुसैन की शहादत के बाद मोमेनीन के दिलों मे हरारत पैदा होगी जो क़यामत तक ख़त्म नहीं होगी। इसी हरारत बेचौनी का नाम अज़ादारी है। कर्बला वालों का ग़म दुनिया मे कभी नही भुलाया जा सकता। मजलिस के बाद मुहम्मद अब्बास के मकान से जुलूस बरामद हुआ जो पीर जी इमामबारगाह आकर ख़त्म हुआ। जुलूस मे अलम, दुलदुल और शबीहे ताबूत शामिल थे। नोहे मुहम्मद अब्बास, मिसाल अब्बास, मुहम्मद हैदर आदि ने पढ़े।

## कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर बैठक की

**सैदनगली,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में आगामी कांवड़ यात्रा और मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना अध्यक्ष की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। थाना अध्यक्ष ने त्योहारों के दौरान शांति और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की।

कावड़ यात्रा और मोहर्रम जुलूस के लिए प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों और समय का पालन करने, डीजे और धारदार हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। साथ ही, किसी भी अफवाह या असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और तुरंत प्रशासन को सूचित करने की सलाह दी गई। भाजपा जिला महामंत्री व नगर स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक मौजूद रहे।

## 7 जुलाई से आंदोलन की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



ज्ञापन सौंपते भाकियू शंकर के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाकियू शंकर ने किसानों समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा। 6 जुलाई तक समस्याओं के निस्तारण न होने पर 7 जुलाई को कलेक्ट्रेट पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि जिले में चोरों व तेंदुए का आतंक है। चोरियों का खुलासा कर घटनाओं पर रोक लगाई जानी चाहिए। किसानों को केसीसी के लिए खाता लाइफटाइम के लिए दिया जाए। जिस बैंक में मिनिमम ब्याज दर की सुविधा हो किसान अपना केसीसी खाता उस बैंक में पोर्ट करा सकें। सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख कर दी है लेकिन सभी

● **भाकियू शंकर के पदाधिकारियों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन दिया**

बैंकों ने इसे लागू नहीं किया है।

तहसील स्तर पर भूमि बंधक या मुक्त करने की प्रक्रिया सरल की जाए। यूरिया व डीएपी के साथ में जबरन नैनो यूरिया न दी जाए। जैविक-प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों को उचित मूल्य मिलने की व्यवस्था हो। मांग की कि गंगा धाम तिगरी में विधुत शवदाह गृह के साथ ब्रजघाट तक गंगा रिवर फ्रंट बनाया जाए। गजरौला में औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषण पर रोकथाम की जानी चाहिए। मध्य गंगा नहर फेस 2 में पानी छोड़ा जाए। आधार कार्ड संसोधन केंद्रों पर अवैध उगाही बंद हो। अन्य समस्याएं भी रखीं। चौधरी धर्मवीर सिंह,जगत सिंह चौहान, विक्रम पंवार,अंकित चौधरी,राकेश रतनपुर, हरी सिंह प्रधान, ललित कुमार, मास्टर नौबहार सिंह, राजपाल सिंह, श्रीपाल सिंह,गजराम सिंह, जयविन्दर सिंह, राजवीर सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज शाहे बेकस की आखरी सवारी है....

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



जुलूस में दुलदुल के साथ मौजूद अजादार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंजुमन-ए-तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ कमेटी के तत्वावधान में छह मोहर्रम का जुलूस मौहल्ला काली पगड़ी स्थित अजाखाना मुसम्मात नूरन से बरामद हुआ। दाराब जैदी ने मरसिया पढ़ा ''आज शाहे बेकस की आखरी सवारी है''। ग़मगीन माहौल में जुलूस निकला और हुसैन हुसैन की सदायें बुलंद हुईं।

बुधवार को जुलूस में अजादाराने हुसैन नंगे पैर, नंगे सिर नौहा पढ़ते हुए सफों में चल रहे थे। अंजुमने रजाकाराने हुसैनी की एक एम्बुलेंस जुलूस के साथ चल रही थी जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी अमरोहा द्वारा नियुक्त चिकित्सक दवाई देते हुए चल रहे थे। दुलदुल व तख्त पर छतरी चलती है। जुलूस मच्छरट्टा, मण्डी चौब, दरबारे कलां, कटकुई, काली पगड़ी, घेर करम अली खां, लकड़ा, सट्टी, हक्कानी, जाफरी, काजी गली,पचदरा, क़ाज़ी ज़ादा, सद्दो,

● **मोहर्रम के जुलूस में शहीदे कर्बला हुसैन के नारों से गूंजी फिजा**

नकशबी, दरबार मीरा खां, चाहगोरि, मजापोता, कोट, दानिशमन्दान, बगला, शफातपोता, कटरा गुलाम अली, गुज़री होते हुए नूरन के अजाखाने पर आकर समाप्त हुआ।

दुलदुल के पीछे अजादार इमाम हुसैन शहीदे कर्बला हुसैन, मेहमाने कर्बला हुसैन, राकिबे दोशे मुस्तफा हुसैन,हुसैन, हुसैन , हुसैन के नारे लगाते हुऐ चल रहे थे। जुलूस इमाम हुसैन के इस संदेश को प्रचारित व प्रसारित करते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ जंग करो। इमाम हुसैन ने कर्बला में अपनी जान कुर्बान कर दी लेकिन अपने नाना हजरत मोहम्मद के दीन इस्लाम को बचा लिया। जुलूस में लियाक़त अली, ज़िया एजाज़, बाक़र रज़ा नक़वी, नदीम नक़वी, शेज़ाद रज़ा, क़ासिम ज़ैदी आदि मौजूद रहे। जुलूस का संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने किया।

## तिगरी गंगा का जलस्तर घटा, खेतों में भरा है पानी

संवाददाता, गजरौला



बाढ़ से गुजरते कटरा बुग्गी।

**अमृत विचार :** तिगरी गंगा का बुधवार को जलस्तर कम होने से गंगा किनारे बसे ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है। गंगा का जलस्तर कम होने से 199.90 सेमी पर पहुंच गया है। हालांकि गंगा उफान पर है। खादर क्षेत्र के गांवों में बाढ़ खंड विभाग ने अलर्ट जारी किया है। गंगा किनारों से दूर रहने की अपील ग्रामीणों से की जा रही है। फिलहाल खेतों में बाढ़ के हालात बने हैं।

पहाड़ों के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश अब क्षेत्र में खादर के ग्रामीण इलाकों में आफत बनी है। ओवरफ्लो होने पर बाढ़ खंड विभाग ने बिजनौर बैराज से मंगलवार को 45 हजार क्यूसेक पानी तिगरी गंगा की ओर छोड़ दिया था। हालांकि बुधवार को तिगरी गंगा का जलस्तर कम होने से 199.90 सेमी पर पहुंच गया। इसके पहले मंगलवार को बाढ़ खंड विभाग ने जलस्तर 200.20 सेमी दर्ज किया था। खादर क्षेत्र के शीशोवाली, जाटो वाली, दारानगर, अलीनगर समेत 10 से ज्यादा गांवों के आसपास खेतों में अभी भी पानी भरा हुआ है। किसानों को फसलों के नष्ट होने का डर सताने लगा है। वहीं बाढ़ खंड विभाग ने भी अलर्ट जारी कर दिया है। खादर क्षेत्र के गांवों में गंगा किनारे नहीं जाने की अपील ग्रामीणों से की जा रही है। बाढ़ खंड चौकियों को भी अलर्ट कर बढ़ते जलस्तर को लेकर समय-समय पर अपडेट करने का निर्देश दिया है। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार ने बताया बुधवार को तिगरी गंगा का 30 सेमी जलस्तर कम हुआ है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस बना रही व्यवस्था

संवाददाता, गजरौला



निरीक्षण करते एएसपी अखिलेश भदौरिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू हो रही है। बुधवार को एएसपी अखिलेश भदौरिया व जनपद हापुड़ के अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ बृजघाट स्थित नेशनल हाईवे पर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग लाईट्स, सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई।

एएसपी ने संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम, मेडिकल सुविधा, शुद्ध पेयजल, अस्थाई शौचालय एवं विश्राम स्थलों की स्थापना हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा,

● **अमरोहा पुलिस व हापुड़ पुलिस ने नेशनल हाईवे का किया निरीक्षण**

सुगम आवागमन एवं आमजन को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करना प्राथमिकता होगी। यात्रा के दौरान भीड़ नियंत्रण को लेकर सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से निगरानी की जाएगी। वहीं महिला सुरक्षा और रूट पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती भी रहेगी। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएंगी और जिला प्रशासन व पुलिस विभाग समन्वय के साथ कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु तत्पर है। इस अवसर पर सीओ अंजली कटारिया, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान, आदि पुलिस बल मौजूद रहा।

## सड़क पर फेंकी गईं बड़ी मात्रा में एक्सपायर दवाएं

संवाददाता, हसनपुर



सड़क किनारे पड़ीं एक्सपायर दवाएं।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में स्थित गांव पथरा मुस्तकम से हैदलपुर जाने वाले लिंक मार्ग पर बड़ी मात्रा में एक्सपायर दवाइयां और इस्तेमाल की गई सिरिंज पाई गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ चिकित्सक और मेडिकल स्टोर संचालक इस्तेमाल की गई सिरिंज और एक्सपायर दवाइयों को सड़क पर फेंक देते हैं।

चिंताजनक बात यह है कि पशु इन दवाइयों को खा रहे हैं। ग्रामीणों ने सड़क पर पड़ी एक्सपायर दवाइयों और सिरिंज का वीडियो बनाया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अतिक्रमण के चलते लगा जाम, नोकझोंक

संवाददाता, हसनपुर



नगर के मुख्य मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जाम लगने के कारण ई रिक्शा चालक आपस में भिड़ गये। बाइक सवारों में भी तकरार हो गया। दुकानदारों ने मामले को रफा दफा करवा दिया।

नगर के मेन बाजार में अतिक्रमण फैला होने के कारण आये दिन जाम लगा रहता है। लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। अंबेडकर पार्क से लेकर रहरा बस स्टैंड चौराहा तक व्यापारियों ने अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण फैला रखा है। ठेला वालों ने भी बाजार में अतिक्रमण फैला रखा है जिससे अक्सर जाम लग जाता है। रहरा रोड पर पुरानी सब्जी मंडी में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। यहां दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण फैलाने के अलावा

● **दुकानदारों ने दुकानों के बाहर फैला रखा सामान**

ठेले भी सड़क के बीचो-बीच खड़े रहते हैं। बुधवार की दोपहर बाजार में जाम लग गया। पहले निकलने को लेकर दो ई रिक्शा के चालक आपस में भिड़ गये। उनके बीच हाथापाई होने लगी। दूसरी ओर दो बाइक सवार भी जल्दी निकलने को लेकर आपस में नोकझोंक करने लगे। स्थानीय दुकानदारों ने हस्तक्षेप कर जैसे तैसे कर विवाद को निपटा दिया। कई बार कई संगठनों द्वारा नगर के बाजारों मे फैले अतिक्रमण को हटवाये जाने की मांग की गई है। लेकिन संबंधित अधिकारी खाना पूर्ति कर मामले को रफा दफा कर देते हैं।

# ग्रोथ प्रमोटर व ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड से बढ़ेगा उत्पादन

## योगी सरकार हर जिले में पंचगव्य आधारित नवाचार से खोलेगी रोजगार के द्वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और जैविक कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक दूरगामी योजना तैयार की है। इसके तहत राज्य के सभी 75 जिलों में जल्द ही ग्रोथ प्रमोटर और ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का उपयोग शुरू किया जाएगा।

पंचगव्य आधारित नवाचार को केंद्र में रखते हुए यह अभियान रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और कृषि सुधार इन तीनों मोर्चों पर ठोस प्रभाव डालेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत तक की वृद्धि संभावित है।

- गोबर-गोमूत्र व जीवामृत का व्यापक स्तर पर होगा उपयोग



इस कवायद में गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी से बने पंचगव्य उत्पादों के उत्पादन और विपणन को लेकर व्यापक योजना तैयार की गई है, जिसका कार्यान्वयन जल्द शुरू किया जाएगा। इस योजना से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण, विपणन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से गो-कृषि से जोड़ा जाएगा।

### राज्यव्यापी निरीक्षण के आधार पर बनी रणनीति

गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में आयोग की ओर से राज्यव्यापी निरीक्षण कर पशुधन घनत्व, उपलब्ध भूमि, जल स्रोतों और गोशालाओं का अध्ययन किया गया। इन तथ्यों के आधार पर पंचगव्य इकाइयों और जैव ऊर्जा संभावनाओं का मूल्यांकन करते हुए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसका शीघ्र ही क्रियान्वयन आरंभ होगा। इससे जहां एक ओर जैविक खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थानीय रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

# शीघ्र और पारदर्शी हो जन समस्याओं का समाधान

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, अफसरों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

योगी ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री कल करेंगे आम महोत्सव की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 4 से 6 जुलाई तक लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में आम महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में लगभग 800 किस्मों के आमों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह महोत्सव प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने तथा आम के विविध स्वरूपों को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक पहल है। मंत्री ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन 4 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी करेंगे।

### ओबीसी युवाओं को मिलेगा निःशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पिछड़े वर्ग के युवाओं को निःशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण योजना के तहत 14 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। युवाओं को 'ओ लेवल' व 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 35 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट के जरिये आवेदन कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि योजना के तहत इंटरमीडिएट पास बेरोजगार युवक-युवतियां, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय एक लाख या उससे कम है, वे लाभार्थी बन सकते हैं।

# देशभर में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में लखनऊ समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर जताया विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बुधवार को देशभर में बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में राजधानी समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी शामिल हुए। इस बीच, बिजली कर्मियों ने 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश के सभी प्रांतों के अभियंता, अवर अभियंता व अन्य बिजली कर्मी प्रदर्शन में शामिल हुए। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रदेश समेत हैदराबाद, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, नागपुर, रायपुर, भोपाल, जबलपुर, वडोदरा, राजकोट, गुवाहाटी, शिलांग, कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, श्रीनगर, जम्मू, शिमला, देहरादून, पटियाला, जयपुर, कोटा व हिसार में विरोध-प्रदर्शन किए गए। प्रदेश में और कई प्रांतों में बिजली कर्मचारियों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों और कई उपभोक्ता संगठनों ने संयुक्त रूप से निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन में हिस्सा लिया।




निजीकरण के विरोध में राजधानी लखनऊ में रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन करते बिजली कर्मी।

- किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी प्रदर्शन में हुए शामिल
- 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान

प्रदेश में वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध-प्रदर्शन किया गया। राजधानी लखनऊ में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम व रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आयोजित सभा को इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह, सोनभद्र के मजदूर नेता दिवाकर कपूर, राष्ट्रीय कुली मजदूर संघ के राम सुरेश यादव, अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर आदि नेताओं ने संबोधित किया।

### भ्रामक आंकड़े देकर किया जा रहा निजीकरण

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उप्र. के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़े देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है। प्रदेश के बिजली कर्मी बीते 7 माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं, पर राज्य सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की।

### बिना बिजली खरीद के हो रहा निजी कंपनियों को भुगतान

संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड़ रुपये का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष का अतिरिक्त भार आ रहा है। उप्र. में सरकारी विभागों पर 14,400 करोड़ रुपये का बिजली राजस्व का बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उप्र. पावर कॉरपोरेशन व शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिलीभगत है।

# रिक्त होने वाले पदों की चयन प्रक्रिया में विलंब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभागों की ओर से प्रस्ताव न देने पर शासन नाराज

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 30 जून 2026 तक पदोन्नति के बाद विभागों में रिक्त होने पर पदों पर नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया करने की हिदायत दी थी। प्रक्रिया 1 जुलाई 2025 से शुरू होनी थी, मगर विभागीय अधिकारियों की हीलाहवाली से चयन प्रक्रिया शुरू करने होने में विलंब हो रहा है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार ने चेतावनी देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभागों में वर्तमान में लंबित पदोन्नति के साथ ही आगामी 30 जून 2026 तक पदोन्नति से भरी जाने वाली रिक्तियों की गणना 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण कर, 15 अगस्त 2025 तक चयन प्रक्रिया शुरू कर ली जाए, अन्यथा अपर मुख्य सचिव व सचिव को विलंब की वजह स्पष्ट करनी होगी। मुख्य सचिव ने बुधवार को समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2025 से चयन वर्ष शुरू हो रहा है, मगर पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष चयन प्रक्रिया शुरू होने में विलंब हो रहा है, जिसकी वजह से विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर समय पर नियुक्ति नहीं हो पाएंगी।

# सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले। यह फैसला गरीब विरोधी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ये फैसला वापस नहीं लेती है तो बसपा की सरकार आने पर इस फैसले को निरस्त किया जाएगा।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की आड़ में बहुत सारे स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है, यह गरीबों के करोड़ों बच्चों को उनके घर के पास दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति न्याय नहीं, बल्कि पहली नजर में ही स्पष्ट तौर पर यह अनुचित, गैर-जरूरी व गरीब-विरोधी प्रतीत होता है। उन्होंने रेलवे टिकट महंगे करने और बढ़ती महंगाई पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश लोग महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व कमाई घटने से परेशान हैं। ऐसे में रेल का किराया बढ़ाना जनहित के खिलाफ है। यह संविधान के कल्याणकारी उद्देश्य के बजाय व्यवसायिक सोच वाला फैसला ज्यादा लगता है।

# विकास निधि का ट्री-गार्ड में प्रयोग करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वन राज्यमंत्री ने की वृक्षारोपण महाअभियान-2025 की तैयारी की समीक्षा

**अमृत विचार :** वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि का एक प्रतिशत जन प्रतिनिधि ट्री गार्ड का प्रयोग करते हुए सड़क किनारे पौधरोपण के लिए प्रयोग करें। कृषि वानिकी को प्राथमिकता देते हुए हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़ का प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही उन्होंने रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' ने जीवन की आधारशिला को जोड़ा है।

वन मंत्री ने बुधवार को वन एवं वन्यजीव विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में वृक्षारोपण महा अभियान-2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में 35 करोड़ पौधों के रोपण को सफल बनाने के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 26 शासकीय विभागों तथा जन सामान्य के सहयोग से वन भूमि, सामुदायिक भूमि, व अन्य राजकीय भूमि, कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर वृहद स्तर पर रोपण कराया जा रहा है। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा निर्गत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, प्रदेश में गत वर्षों में संपन्न वृक्षारोपण से लगभग 1.38 लाख एकड़ की वृद्धि हुई है, जो भारत में द्वितीय सर्वाधिक वृद्धि है। डॉ.अरूण सक्सेना ने बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान 2025 में प्रदेश का पौधरोपण लक्ष्य 35 करोड़ है, जिसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का लक्ष्य 12.60 करोड़ तथा अन्य विभागों का लक्ष्य 22.4 करोड़ है।

# जातिगत जनगणना वंचित समुदायों की स्थिति उजागर करेगी : अनुप्रिया

## डॉ.सोनेलाल पटेल की जयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जातिगत जनगणना का सपना डॉ.सोने लाल पटेल ने देखा था, इसलिए अपना दल ने अपनी स्थापना के समय से ही जातिगत जनगणना का समर्थन किया है। केंद्र सरकार ने इस सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना समाज को तोड़ने वाला नहीं, बल्कि जोड़ने वाला कदम है। यह देश की सच्ची तस्वीर सामने लाएगी और उन वंचित समुदायों की स्थिति को उजागर करेगी, जो विकास की रोशनी से वंचित हैं।



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करतीं अपना दल-एस अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल।

अनुप्रिया पटेल चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में डॉ.सोनेलाल पटेल की जन्मजयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। अपना दल ने डॉ.सोनेलाल पटेल की जन्मजयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया है। इस मौके पर अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें अपने सिद्धांतों और वैचारिक मुद्दों से नहीं भटकना चाहिए। विरोध और षड्यंत्र केवल ताकतवर और ईमानदार लोगों के खिलाफ होते हैं। हमें उत्तर प्रदेश में नंबर एक पार्टी बनने का संकल्प लेना होगा।

राज्य सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपना दल किसी भी षड्यंत्र से डरने वाले नहीं है, हम हर पीड़ित के साथ खड़े हैं और हर वार का जवाब देंगे।

### प्रशिक्षु अधिकारियों को दिए सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से बुधवार को वर्ष 2022 के 7 और वर्ष 2023 बैच के 38 कुल 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें।


## वर्ग पहेली-20

**बाएं से दाएं**

2.1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्रायः, अनेक बार, बार-बार।
5.1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतें
10.1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6.1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7.1. कठिनता से घुसना।
9.1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।




### वर्ग पहेली -19 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | | | | 2 स |
| | | | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | | | ह |
| न | | | पि | | 5 दे | |
| फू | | 6 उ | त | रा | व | |
| ल | | मा | | | रा | |
| | | | 7 गु | हाँ | ज | नी |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जुलाई, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी-14.06 तक तत्पश्चात नवमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 13.50 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज आपको कड़वे वचनों का प्रयोग करने से बचना चाहिए। दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के माहौल में आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आय के साधन बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आज आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिए काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। बातचीत करते हुए शब्दों का चयन सही तरह से करें।

**मिथुन** – आज दोपहर के समय आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**कर्क** – आज विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। अपनी स्किल्स को लेकर अत्यन्त आत्मविश्वास में रहेंगे। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिए जा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**सिंह** – आज अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण आपसे परिजन नाराज हो सकते हैं। आंखों में जलन और संक्रमण की शिकायत हो सकती है।

**कन्या** – आज नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। घर में मनपसंद भोजन का स्वाद लेंगे।

**तुला** – आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में आज बहुत अधिक काम हो सकता है। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

**वृश्चिक** – आज नए विचारों को अपनाने में आप संकोच न करें। प्रेम संबंधों में भावनात्मक निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में अत्यन्त सुधार आयेगा। संतान की शिक्षा पर आप अत्यधिक ध्यान देंगे।

**धनु** – आज आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। नई योजनाओं पर आप काम कर सकते हैं। किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है।

**मकर** – आज व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को काफी महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे। अध्यात्मिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। अधूरे पड़े कार्यों को आज पूरा कर लेंगे।

**कुंभ** – आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। प्रबंधन कार्यों से जुड़े लोगों को अपनी कमियों पर गौर करना चाहिए।

**मीन** – आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

## सुडोकू -27

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | | 1 | | 7 | | |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | | | | 5 |
| | | 4 | | 2 | | | | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | 7 | | | | | 9 |
| | | | | 4 | | 9 | | |
| 1 | | | | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| | | 7 | | 3 | | 5 | 8 | 2 |

### सुडोकू - 26 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 |

## एक नजर

### ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 20 से अधिक देशों के अधिकारी

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह शुरू होने वाले भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के 11वें संस्करण में 20 से अधिक देशों के सरकारी अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाला भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह-2025 आठ से 10 जुलाई तक चलेगा।

### हजारों कर्मचारियों की छंटनी करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**रेडमंड।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट कुछ महीनों के ही भीतर दूसरी बार हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। अमेरिकी कंपनी ने बुधवार से कर्मचारियों को छंटनी का नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने यह नहीं बताया कि वह कितने कर्मचारियों की छंटनी करेगी।

# क्वाड देशों ने खनिज सहयोग पर जताई सहमति

## निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख पहल की शुरुआत की

**वाशिंगटन, एजेंसी**


अमेरिका में क्वाड देशों के सदस्यों के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से चार देशों के समूह 'क्वाड' ने मंगलवार को एक नई पहल 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत की। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मज़बूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो चीन द्वारा कथित तौर पर इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनज़र उठाया गया है।

यह निर्णय अमेरिका की राजधानी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद लिया गया। बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शामिल हुए। बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया, यह नई प्रमुख पहल, क्वाड साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है जो आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलापन मज़बूत करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा और विविधता लाने पर केंद्रित है। विदेश मंत्रियों ने अपने संयुक्त बयान में प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में अचानक आई बाधाओं और भविष्य में इसकी विश्वसनीयता को लेकर गंभीर चिंता जताई। बयान में कहा गया, इसमें गैर-बाज़ार नीतियों और चलन के उपयोग की बात भी शामिल है, जो महत्वपूर्ण खनिजों, कुछ डेरिवेटिव उत्पादों और खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित है। हालांकि, इसमें सीधे तौर पर चीन का उल्लेख नहीं किया गया। बयान में कहा गया, हम विविध और विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व को रेखांकित करते हैं। किसी एक देश पर खनिजों के प्रसंस्करण और परिष्करण के लिए अत्यधिक निर्भरता, हमारे उद्योगों को आर्थिक दबाव, मूल्य हेरफेर और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के जोखिम में डालती है, जिससे हमारी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। बैठक के बाद जारी 'फैक्ट शीट' के अनुसार, क्वाड ने समुद्री कानून प्रवर्तन सहयोग का विस्तार करने की भी घोषणा की, जिससे समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा सुरक्षा उल्लंघन जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश में मदद मिलेगी।

### अमेरिका में शुल्क बढ़ाने से कंपनियों को होगा 82.3 अरब डॉलर का नुकसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं के एक बड़े समूह को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीमा शुल्क संबंधी फैसलों से सीधे तौर पर 82.3 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। एक विश्लेषण में यह आकलन पेश किया गया है। जेपी मॉर्गन चेज इंस्टिट्यूट के इस विश्लेषण के मुताबिक, कंपनियों पर पड़ने वाले इस भारी बोझ की भरपाई संभावित रूप से कीमतों में वृद्धि, छंटनी या कम लाभ मार्जिन के जरिये करने की कोशिश की जाएगी। इस विश्लेषण में एक करोड़ डॉलर से लेकर एक अरब डॉलर तक के सालाना राजस्व वाली कंपनियों पर आयात कर के सीधे प्रभाव का आकलन किया गया है। इन कंपनियों में अमेरिका के भीतर निजी क्षेत्र के लगभग एक-तिहाई कर्मचारी तैनात हैं।

# ईएसआईसी की नियोक्ता कर्मचारी पंजीकरण योजना शुरू, दिसंबर तक रहेगी लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईएसआईसी ने अपना सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई)-2025 शुरू की है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में 27 जून को शिमला में हुई ईएसआईसी की 196वीं बैठक में एसपीआरईई योजना-2025 को मंजूरी दी गई थी।

यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक सक्रिय रहेगी। इस दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों (संविदा और अस्थायी कर्मचारी समेत) को निरीक्षण या पिछले बकाये की मांग का सामना किए बगैर ही नामांकन करने का एक बार मौका दिया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के जरिये अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

### क्रेडिट सूचना कंपनियां वास्तविक समय पर आंकड़े मुहैया कराएं : राव

**मुंबई।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने ट्रांसयूनियन सिबिल जैसी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) से पाक्षिक के बजाय वास्तविक समय पर आंकड़े देने के लिए कहा है। राव ने मंगलवार को यहां सिबिल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआईसी द्वारा डेटा को तेजी से भेजने से सभी के लिए प्रणाली में विश्वास, दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# एसबीआई रिलायंस कम्युनिकेशन के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में करेगा वर्गीकृत

**नई दिल्ली, एजेंसी**


अनिल अंबानी को बड़ा झटका, फ्रॉड की श्रेणी में डाला जाएगा लोन खाता

एसबीआई ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/पुलिस को भी देनी चाहिए।

# विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रह पायी और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव से बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख से धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती तेजी को कायम नहीं रख पाया और अंत में 287.60 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 546.52 अंक तक टूट गया था। निफ्टी 88.40 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# भर्तियां 20 प्रतिशत बढ़ीं, दूसरी श्रेणी के शहरों का बड़ा योगदान

**मुंबई, एजेंसी**



व्हाइट कॉलर (कार्यालय में बैठकर काम करने वाले) नौकरियों के लिए कुल भर्तियां जून में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें मुख्य रूप से दूसरी श्रेणी के शहरों का योगदान रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नौकरी मंच फाउंडइट.इन पर आधारित ऑनलाइन नौकरी संबंधी गतिविधियां पोस्ट करने वाले फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के अनुसार, भारत में दूसरी श्रेणी के शहर देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोयंबटूर में अवसरों में वृद्धि देखी गई, इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान आईटी, बीएफएसआई, विनिर्माण और एफएमसीजी (रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद) जैसे क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी (सीआरजीओ) प्रणय काले ने कहा, दूसरी श्रेणी के शहरों की ओर भर्ती की गति में बदलाव, खास तौर पर आईटी और प्रवेश स्तर की भूमिकाओं में उल्लेखनीय है। नौकरी चाहने वालों के पास अब घर के करीब ही विविध अवसर हैं, जो भारत के समृद्ध और विविध प्रतिभा परिदृश्य को दर्शाता है।

### 19.3 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आएंगे: यूएनडीपी

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का व्यापक विकास नीतियों के साथ समायोजन करने से वर्ष 2060 तक करीब 19.3 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की स्थिति से बाहर निकाला जा सकता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को कुल 20.4 लाख करोड़ डॉलर की बचत भी होगी। यूएनडीपी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि सुसंगत नीतियों और वित्तपोषण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य उत्सर्जन में कटौती, अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने और सामाजिक लाभ प्रदान करने में किस तरह मदद कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय

# बादल फटने की घटना में अब तक 10 मौतें

## हिमाचल के मंडी में 5 शव बरामद, 34 लापता की तलाश जारी

**शिमला, एजेंसी**



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या, पांच शव और मिलने के बाद बढ़कर 10 हो गई है तथा 34 लापता लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को राज्य में बादल फटने की 11 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की चार घटनाएं और एक बड़ा भूस्खलन हुआ।

इनमें से अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं। इन घटनाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। गोहर में चार, करसोग में तीन, धरमपुर में दो और मंडी के थुनाग में एक स्थान पर बादल फटने की खबर है। गोहर के सियंज में दो शव तथा थुनाग, धार जारोल और पांडीव शील क्षेत्रों में एक-एक शव बरामद किया गया। मृतकों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। गोहर के बाड़ा में मंगलवार को दो और तलवारा में एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि करसोग के पुराने बाजार में एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं जोगिंदरनगर के नेरी-कोटला में एक शव बरामद किया गया। भारी बारिश के कारण राज्य में कुल 282 सड़कें बंद हो गईं और 1361 ट्रांसफॉर्मर तथा 639 जल योजनाएं बाधित हो गईं। एसईओसी के अनुसार, सबसे अधिक नुकसान मंडी में हुआ, जहां बुधवार सुबह तक 182 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए अवरुद्ध रहीं और 633 ट्रांसफॉर्मर तथा 465 जल योजनाएं प्रभावित रहीं। एसईओसी ने बताया कि इसके अलावा 24 मकान, 12 पशुशालाएं, एक पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, 30 मवेशी मारे गए, जबकि मंडी में 316 लोगों सहित कुल 370 लोगों को बचा लिया गया है और 11 अब भी फंसे हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो-दो टीम, पुलिस और होमगार्ड के साथ जिले में खोज और बचाव अभियान में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। इस बीच, राज्य के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश जारी है। कसौली में पिछली शाम से 55 मिलीमीटर बारिश हुई, इसके बाद बग्गी में 54.8 मिलीमीटर, धरमपुर में 38.8 मिलीमीटर, मंडी में 36.8 मिलीमीटर बारिश हुई।

### देश में 11 नदी निगरानी केंद्र पर चेतावनी स्तर के पार : सीडब्ल्यूसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने कहा कि देश में 11 नदी निगरानी केंद्रों पर पानी का स्तर बाढ़ चेतावनी स्तर को पार कर गया है। हालांकि, सीडब्ल्यूसी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी केंद्र पर पानी का स्तर खतरे के निशान या बाढ़ की चरम सीमा तक नहीं पहुंचा है। आयोग ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर यह जानकारी साझा की है। बुलेटिन में बताया गया है कि अभी कोई भी नदी निगरानी केंद्र गंभीर या उच्चतम बाढ़ की स्थिति वाली श्रेणी में नहीं है, यानी किसी भी स्थान पर पानी का स्तर खतरे के निशान या ऐतिहासिक रूप से बाढ़ के उच्चतम स्तर तक नहीं पहुंचा है। हालांकि, इसमें असम, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 12 नदी निगरानी केंद्रों को उन जगहों के रूप में चिह्नित किया गया है।

# मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार किया प्रति व्यक्ति कर्ज 4.8 लाख रुपये हुआ: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**


कहा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे

कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से संबंधित खबरों का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और पिछले दो साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90 हजार रुपये से बढ़कर 4.8 लाख रुपये हो गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि जनता कर्ज में डूब रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं तथा उनकी संपत्ति बढ़ती ही जा रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अच्छे दिन का कर्ज़! मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है।

रमेश ने कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसका अंजाम आज देश की जनता भुगत रही है।

### संरा सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता पाकिस्तान को मिलने पर आलोचना की

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली सरकार पर पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में महत्वपूर्ण पदों पर काबिज होने से रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और इसे भारत के लिए एक बड़ा कूटनीतिक झटका बताया। पाकिस्तान ने मंगलवार को कहा कि उसने जुलाई के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता संभाली है।

### रथ यात्रा


पुरी में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को बहुदा यात्रा से पहले गुंडिचा मंदिर के सिंहद्वार (मुख्य द्वार) से दक्षिण द्वार तक खींचते सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

## एक नजर

### अंतर्राज्यीय हथियार रैकेट का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो नाबालिग समेत छह लोगों को पकड़ा है। अधिकारी ने बताया कि एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान 13 देशी पिस्तौलें, एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल, 18 कारतूस और अवैध हथियारों की ढुलाई में इस्तेमाल किया गया एक स्कूटर बरामद किया गया है।

### दिल्ली में पेट्रोल पंप मालिकों पर जुर्माना, कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट दिल्ली सरकार और सीएक्यूएम से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें समयसीमा समाप्त वाले वाहनों को ईंधन देने के नियम का पालन न करने पर पेट्रोल पंप मालिकों पर मुकदमा चलाने और जुर्माना लगाने के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की गई है। नियमों के अनुसार, दिल्ली भर के पेट्रोल पंपों को सीएक्यूएम के निर्देशों के तहत एक जुलाई से समयसीमा समाप्ति वाले वाहनों को ईंधन नहीं देने के लिए कहा गया है। 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल वाले इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ की सहायता से बुधवार शाम आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद चटरू के कुचल इलाके में तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों को देखकर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी थी।

# संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में आरोपी नीलम आजाद व महेश कुमावत को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिसंबर 2023 में संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दो आरोपियों को बुधवार को जमानत दे दी। हालांकि अदालत ने घटना के बारे में प्रेस या सोशल मीडिया से उनके बात करने पर रोक लगा दी है। पीठ ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर राहत दी। कोर्ट ने कहा, हम जमानत दे रहे हैं...वे घटना के बारे में न तो साक्षात्कार दें और न ही प्रेस या सोशल मीडिया में बयान दें। वे दिल्ली छोड़कर नहीं जा सकते और हर बुधवार और शुक्रवार को उन्हें जांच एजेंसी के सामने पेश होना होगा। आरोपियों ने दिसंबर 2023 में हुई घटना के संबंध में अपनी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। दिल्ली पुलिस ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों का इरादा 2001 के संसद हमले की भयावह यादें ताजा करना था।

# एनसीबी ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, शाह ने सराहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**


नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को बहु-एजेंसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शाह ने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए हर मादक पदार्थ गिरोह को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है चाहे वे कहीं से भी काम करते हों।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अवैध मादक पदार्थ व्यापार के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाइयों में से एक के तहत एनसीबी ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया, जो एन्क्रिप्टेड डिजिटल मंच, ड्रॉप शिपिंग मॉडल और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग कर चार महाद्वीपों में प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी कर रहा था। शाह ने कहा, एनसीबी और अन्य एजेंसियों को वैश्विक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने पर बधाई।

जांच ने बहु एजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया, जिसके परिणामस्वरूप आठ गिरफ्तारियां हुईं और पांच खेप जब्ती हुईं, चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है।

# दवा संयंत्र विस्फोट की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई में हुए विस्फोट के मूल कारणों की पहचान तथा उससे संबंधित घटनाओं की कड़ियां स्थापित करने के लिए बुधवार को विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के आदेश जारी किए। इस इकाई में 30 जून को विस्फोट होने और आग लगने से 38 लोगों की मौत हो गई थी।

इस समिति को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है तथा उसे उसमें विशिष्ट सुझाव और सिफारिशें देनी हैं। आदेश में कहा गया है कि समिति का नेतृत्व सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ बी वेंकटेश्वर राव करेंगे। समिति यह भी अध्ययन करेगी कि इस औद्योगिक इकाई में श्रमिक सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया जाता है या नहीं।

# अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल व पार्टी नेता हिरासत में लिए गए

**चंडीगढ़, एजेंसी**


पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और अन्य अकाली नेताओं को बुधवार को मोहाली में हिरासत में लिया गया जहां वे पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे। मजीठिया को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के एक मामले में मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया। उनकी सात दिन की सतर्कता रिमांड आज खत्म हो गई।

मोहाली में सतर्कता ब्यूरो (वीबी) कार्यालय और जिला अदालत परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बादल के साथ पार्टी नेता सिकंदर सिंह मलूका और परमबंस सिंह बंटी रोमाना को अंब साहिब गुरद्वारे के पास हिरासत में लिया गया। बादल और अन्य अकाली नेताओं ने गुरद्वारे की ओर बढ़ने की कोशिश की तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

बाद में पुलिस ने बादल और अन्य अकाली नेताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें एक थाने में ले गए। एक वीडियो में पूर्व उप मुख्यमंत्री बादल को पुलिस के एक अधिकारी से यह कहते सुना जा सकता है कि उन्हें जाने दिया जाए क्योंकि वह गुरद्वारे में मत्था टेकना चाहते हैं।

## एक नजर

### वेस्टइंडीजी खिलाड़ी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** वेस्टइंडीज की वर्तमान टीम के एक सदस्य पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसके बाद टीम के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने न्याय की मांग की है, लेकिन साथ ही उचित प्रक्रिया का पालन करने पर भी जोर दिया है। गयाना के कैएटूर न्यूज में पिछले सप्ताह प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक किशोरी सहित 11 महिलाओं ने इस अज्ञात क्रिकेटर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जिनमें से कुछ कथित तौर पर 2023 तक के हैं। अब तक कोई औपचारिक मामला दायर नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले सैमी ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया तथा कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान करने पर जोर दिया।

### एशियाई चैंपियन 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी याराजी चोटिल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है, लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12.78 सेकेंड) धारक याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्य से चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।

### विश्व मुक्केबाजी कप : मीनाक्षी और पूजा ने भारत के दो पदक पक्के किए

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** मीनाक्षी (48 किलो) और पूजा रानी (80 किलो) ने विश्व मुक्केबाजी कप के तीसरे दिन बुधवार को सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के दो पदक पक्के कर दिए। मीनाक्षी ने चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन को 5-0 से हराया। पूजा रानी ने कजाखस्तान की गुलसाया येरजान को बंटे हुए फैसले पर 4-1 से मात दी। इससे पहले अनामिका (51 किलो) तुर्की की एइसेन तसकीन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में जादूमणी सिंह को फिलीपींस के जे ब्रायन ने करीबी मुकाबले में हरा दिया।

### डोप टेस्ट से बचने को 4 एथलीटों पर लगा प्रतिबंध हुआ कम

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने को लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.3 के तहत निलंबित कर दिया था।

# शतक से चूके जायसवाल, भारत के 5 विकेट पर 259 रन

## दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन : केएल राहुल, नायर और पंत नहीं खेल पाए बड़ी पारी, इंग्लैंड के वोक्स ने लिए दो विकेट



87 रन 107 गेंद 13 चौके यशस्वी जायसवाल।

### भारत-इंग्लैड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला

**बर्मिंघम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए लेकिन उनके 87 रन की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को चाय तक तीन विकेट पर 182 रन बना लिए। चाय के समय कप्तान शुभमन गिल 109 गेंद में 42 और उपकप्तान ऋषभ पंत 28 गेंद में 14 रन बनाकर खेल रहे थे। चाय के बाद आगे का खेल जारी रखते हुए गिल ने अर्धशतक जड़ा वहीं, पंत बड़ी पारी खेलने से चूक गए और 25 रन पर बशीर की गेंद पर क्रॉली को कैच थमा बैठे। इसके बाद गिल का साथ देने के लिए मैदान पर आए नीतीश कुमार रेड्डी मात्र एक रन बनाकर वोक्स का शिकार हुए। भारतीय पारी को संभालने के लिए पिच पर रवींद्र जाडेजा 15 बनाकर खेल रहे है वहीं गिल (82*) अपनी समझदारी भरी बल्लेबाजी से शतक की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान भारतीय टीम का स्कोर पांच विकेट पर 259 था। वहीं इंग्लैंड की ओर से वोक्स ने दो विकेट लिए।

दूसरे सत्र में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाए। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाए। गिल 34वें ओवर में ब्रायडन कार्स की गेंद पर पगबाधा की पुरजोर अपील से बाल बाल बचे। उन्होंने इंग्लैंड के एकमात्र स्पिनर शोएब बशीर को एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा जबकि पंत ने मिड आन के ऊपर से उन्हें छक्का लगाया। सुबह पहले घंटे में केएल राहुल (26 गेंद में दो रन) को क्रिस वोक्स ने सस्ते में आउट कर दिया।

कार्स ने लंच से ठीक पहले करूण नायर (31 रन) को दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाकर भारत को दूसरा झटका दिया। पहले घंटे में गेंद को ज्यादा स्विंग तो नहीं मिली लेकिन सीम खूब मिली। कार्स ने जायसवाल को छाती पर गेंद डालने की कोशिश की लेकिन इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी सामना किया। उन्होंने कार्स को कुछ अच्छे कवर ड्राइव लगाकर शुरूआत की। उन्होंने स्टोक्स को शानदार पूल शॉट भी खेले।बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए नायर को भी इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने कई फुललैंग्थ गेंदें फेंकी लेकिन उन्होंने कवर और स्ट्रेट में चौके लगाकर माकूल जवाब दिया। भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। वहीं साइ सुदर्शन की जगह वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की जगह नीतिश कुमार रेड्डी खेल रहे हैं। तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी जगह मिली है जबकि कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव फिर बाहर हैं।



शुभमन गिल

# लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल

- कार्यभार प्रबंधन के कारण दूसरे मैच में दिया गया आराम

**बर्मिंघम, एजेंसी**





भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे।

बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे।

गिल ने कहा, हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

### बुमराह को बाहर बैठाने के फैसले से शास्त्री स्तब्ध



**बर्मिंघम।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पूरी तरह से फिट जसप्रीत बुमराह को आराम देने के भारत के फैसले पर हैरानी जताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज को महत्वपूर्ण मैच से बाहर बैठने का विकल्प नहीं दिया जाना चाहिए था। पिछले साल अक्टूबर से टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहा भारत अपने नौ मैच में से सिर्फ एक में जीत हासिल कर पाया है जो एक दशक से भी अधिक समय में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारतीय टीम लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 5 विकेट से हार गई थी। शास्त्री ने कहा, अगर आप भारत के प्रदर्शन को देखें तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। आपने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच गंवाए, आपने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 3 मैच गंवाए। आप यहां पहला टेस्ट मैच हार गए और आप जीत की राह पर वापस लौटना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के ब्रेक के बाद बाहर बैठाते हैं, इस पर यकीन करना बहुत मुश्किल है। बुमराह ने लीड्स में पहले टेस्ट की पहली पारी में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए थे।

# क्लासिकल शतरंज को अधिक प्रयास जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है जो लंबे समय तक लंबे प्रारूप में खेलने से आती है। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

इस साल 3 मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है, जिससे उन्हें रैपिड व ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं। प्रज्ञानानंदा ने कहा, क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल है। क्लासिकल शतरंज में शुरुआती तैयारी बहुत अहम होती है। अगर आप इसकी तुलना फ्रीस्टाइल से करें तो आपको इससे पहले तैयारी करने की जरूरत नहीं होती है जबकि क्लासिकल शतरंज में आपको तैयारी के लिए बाध्य होना पड़ता है। इस साल टाटा स्टील मास्टर्स, सुपरबेट क्लासिक और उज शतरंज कप जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी यह प्रक्रिया पसंद करता है लेकिन आप मजबूर हैं और आपको हर चीज के लिए एक योजना बनानी होती है।

# जोकोविच जीते, गॉफ व ज्वेरेव हुए बाहर

**लंदन, एजेंसी**



नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या से दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी, लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा। ज्वेरेव को पहले दौर में आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में चार घंटे 40 मिनट में हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था और वह ग्रैंड स्लैम में 18 बार तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। विम्बलडन और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। 126वें नंबर के खिलाड़ी बेसिलशविली 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं। विंबलडन में मंगलवार को महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने हराया। विंबलडन में दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (13 पुरुष व 10 महिला) दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे।

### नवारो से हार के साथ क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

**लंदन।** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो से मिली हार के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की क्वितोवा को नवारो ने सीधे सेट में हाराया। 2011 और 2014 में खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है। क्वितोवा ने कहा, यह जगह मेरे लिए सबसे अच्छी यादें समेटे हुए है। मैंने कभी विंबलडन जीतने का सपना नहीं देखा था और मैंने इसे दो बार जीता।

# अमनजोत-रोड्रिग्स ने दिलाई भारत को 24 रन से जीत

**ब्रिस्टल, एजेंसी**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने मंगलवार रात को मिली जीत से 5 मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले सप्ताह पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 4 विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। स्पिनरों के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही।

हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार जीत हासिल की। आज हमारी टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया वह काबिले तारीफ है। जेमिमा और अमनजोत ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमारे लिए जीत का मंच तैयार हुआ। भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (3), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (1) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाने वाली रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी करके न केवल भारत को 31 रन पर 3 विकेट से उबारा, बल्कि बड़े स्कोर की नींव रखी। रोड्रिग्स 15वें ओवर में लॉरेन बेल की गेंद पर सोफिया डंकले के हाथों कैच आउट हो गईं। अमनजोत ने ऋचा घोष (22 गेंदों पर नाबाद 32) के साथ 57 रन की साझेदारी की, जिससे भारत महिला क्रिकेट में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने में सफल रही।

# मुख्य फुटबॉल कोच मारक्वेज ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य कोच ने एआईएफएफ के साथ बनी सहमति पर इस्तीफा दिया

आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ 'आपसी सहमति' पर पहुंचने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एआईएफएफ पर हाल में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने यहां बैठक में 56 वर्षीय मारक्वेज को पदमुक्त करने पर सहमति जताई क्योंकि उन्होंने ऐसा करने की इच्छा जताई थी। मारक्वेज के अनुबंध में एक साल बाकी था। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने बताया, एआईएफएफ और मनोलो ने दोनों पक्षों पर कोई वित्तीय प्रभाव डाले बिना आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसलिए उन्हें भारत के कोच के पद से मुक्त कर दिया गया है। एआईएफएफ जल्द ही मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन देगा।

# पंत छठे तो बुमराह गेंदबाजी में शीर्ष पर कायम

### आईसीसी की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत को एक स्थान का फायदा

- गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह के 907 अंक, अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे
- बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल चौथे और सूची में शीर्ष भारतीय, कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पहुंचे

**दुबई, एजेंसी**



भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में बुधवार को एक स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले हफ्ते एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बने पंत के करियर के सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हैं।

वह शीर्ष पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। पंत ने जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार हैं और बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष भारतीय है। कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन की पारी खेलने वाले रूट ने दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के अपने हमवतन हैरी ब्रूक पर 15 अंक की बढ़त बना रखी है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 149 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्वकर्ता जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। जोश हेजलवुड एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को पछाड़ा। इस बीच भारत के रविंद्र जडेजा भी टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# गार्सिया के गोल से रियाल मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी**

### क्लब विश्व कप



गोंजालो गार्सिया ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना तीसरा गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड ने राउंड ऑफ 16 में युवेंटस को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी के कारण गार्सिया ने रियाल मैड्रिड के सभी चार मैचों में शुरुआत की है। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को 54वें मिनट में हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। गार्सिया को 68वें मिनट में बाहर भेज दिया गया, जबकि एमबाप्पे ने क्लब विश्व कप में पदार्पण किया। बीमारी के कारण वह कुछ समय के लिए अस्पताल में भर्ती रहे और ग्रुप चरण के तीनों मैच में नहीं खेल पाए थे।

# फिर पलटे मस्क, कई बड़े संघर्ष खत्म करने पर की ट्रंप की तारीफ

वाशिंगटन, एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी दी थी अमेरिकी राष्ट्रपति ने

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी के बाद अब मशहूर कारोबारी एलन मस्क ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विश्व में कई गंभीर संघर्षों को हल किया है। मंगलवार को ही ट्रंप ने 'स्पेसएक्स' के संस्थापक मस्क को दक्षिण अफ्रीका भेजने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने धमकी दी थी।

दरअसल 'एक्स' के मालिक मस्क ने हाल ही में सीनेट की ओर से पारित किए गए वन बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना करते हुए इसे पागलपन और सनक करार दिया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी थी। ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने 'एक्स' पर कहा कि वह स्थिति को तूल देने से परहेज करेंगे, भले ही ऐसा करने की उनकी जोरदार इच्छा हो।

इजराइल और हमास के बीच 60 दिवसीय युद्धविराम के बारे में मस्क ने 'एक्स' पर कहा, जहां जरूरी हो वहां श्रेय दिया चाहिए। ट्रंप ने विश्व के कई गंभीर संघर्षों को रोका है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ ट्रंप की गाजा में युद्धविराम की घोषणा वाली पोस्ट भी शेयर की है। गौरतलब है कि मई में अमेरिकी संसद के निचले सदन ने ट्रंप के 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' को आगे बढ़ाया था जिसमें संघीय खर्च में कटौती के साथ गंभीर कर छूट का भी प्रावधान है।

# जापान को 35 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को जापान को धमकी दी कि अगर दोनों देशों के बीच अगले सप्ताह की समय सीमा से पहले व्यापार समझौता नहीं होता है तो उस पर 30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप ने 2 अप्रैल को जापान पर 'मुक्ति दिवस' के हिस्से के रूप में 24 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था।जापान पर लगाया गया 24 प्रतिशत शुल्क ट्रंप के 'मुक्ति दिवस' के एक भाग के रूप में था, जिसमें उन्होंने दुनिया भर के देशों पर आयात शुल्क लगाया था। ट्रंप ने इसी दिन दुनिया भर के देशों पर भारी आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

## दुनिया भर की हैं जिस पर निगाहें

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के नाम से आजकल दुनिया भर में चर्चित आर्थिक सुधारों का यह प्रस्ताव सीनेट में पारित होने के बाद एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर चुका है। इस बिल के तहत मुख्य रूप से करों में भारी कटौती, व्यापार विनियमों की ढील, और पर्यावरण नियमों में छूट शामिल है। भारत समेत करीब पूरी दुनिया पर इसका कुछ न कुछ असर पड़ेगा, लेकिन फिलहाल अमेरिका में ही इस बिल पर सबसे बड़ा विवाद अरबपति मस्क और राष्ट्रपति ट्रंप के टकराव के रूप में सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस बिल के पीछे ट्रंप की आर्थिक सोच का सार कम टैक्स, कम नियम और अमेरिका फर्स्ट है। यह आर्थिक दृष्टि से कुछ वर्गों को बहुत लाभ पहुंचा सकता है लेकिन इसका सामाजिक और पर्यावरणीय दुष्परिणाम गंभीर हो सकता है।

### ये बदलाव होंगे कानून लागू होने से

व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती होगी। अमीरों और कंपनियों के लिए टैक्स में और कमी की योजना है। ट्रंप का वादा मध्यम वर्ग को भी टैक्स राहत का है, लेकिन उसका अनुपात कम हो सकता है। पर्यावरण, श्रम, और वित्तीय नियमों में ढील दी जा सकती है, इससे तेल, गैस, कोयला और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने और उत्पादन वापस लाने के लिए टैक्स इंसेंटिव दिए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे महंगाई, घाटा दोनों बढ़ सकते हैं।

### मस्क और ट्रंप के बीच टकराव

मस्क का दावा है कि यह बिल परंपरागत ईंधन सेक्टर को लाभ पहुंचाएगा और ईवी सब्सिडी या ग्रांट में कटौती की जाएगी। दरअसल मस्क भावी तकनीकों जैसे एआई, ईवी और अंतरिक्ष मिशनों में निवेश चाहते हैं, लेकिन ट्रंप पुराने उद्योगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।




### संभावित फायदे और नुकसान

कम टैक्स और नियमों की ढील से कंपनियों को विस्तार में सहूलियत होगी, साथ ही कॉर्पोरेट टैक्स घटाने से विदेशी निवेश आकर्षित हो सकता है। ट्रंप समर्थक वर्ग फायदे में रहेगा। विशेष रूप से धनी वर्ग, ऊर्जा कंपनियां और रियल एस्टेट सेक्टर। इसके उलट इस बिल बजट घाटा बढ़ने और 2017 की तरह भी राजस्व में भारी गिरावट का अनुमान भी है। कहा जा रहा है कि गरीब और मध्यम वर्ग को कम लाभ मिलने से धन की असमानता और बढ़ेगी।

### भारत और अमेरिका के संबंधों पर असर

- अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत भारत पर उच्च आयात शुल्क लगाए जा सकते हैं। भारत के लिए निर्यात कठिन हो सकता है, विशेषकर स्टील, फार्मा और टेक्सटाइल में।
- भारत को फिर से जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफेरेंस से बाहर रखा जा सकता है। यह भारत के मध्यम उद्योगों को नुकसान पहुंचा सकता है।
- व्यापार घाटे पर जोर देने की नीति के तहत ट्रंप भारत से अमेरिका को कम आयात, ज्यादा निर्यात का दबाव बना सकते हैं।
- ट्रंप पहले ही एच-1 बी वीजा नियमों को सख्त कर चुके हैं। भारत के IT पेशेवरों के लिए अमेरिका में अवसर सीमित हो सकते हैं।
- आउटसोर्सिंग विरोधी रुख से भारत की बीपीओ और टेक कंपनियों पर असर पड़ सकता है। भारतीय कंपनियों के विस्तार में रुकावट आ सकती है।
- चीन के खिलाफ भारत को रणनीतिक समर्थन मिल सकता है, भारत के साथ रक्षा सौदे संभव हैं लेकिन ट्रंप इसमें निजी आर्थिक फायदे देखेंगे।
- भारत के साथ ग्रीन एनर्जी सहयोग कमजोर पड़ सकता है।अमेरिका भारत में भी कोयला-तेल प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित कर सकता है।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया : विमान में सांप निकला, उड़ान में हुई देरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक घरेलू उड़ान में दो घंटे की देरी हुई, क्योंकि विमान में सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। सांप पकड़ने वाले मार्क पेले के अनुसार, मंगलवार को जब यात्री ब्रिस्बेन जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान वीए337 में मेलबर्न हवाई अड्डे पर चढ़ रहे थे, तब सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। जब वह अंधेरे में उसके पास पहुंचे तो उन्हें लगा कि यह जहरीला हो सकता है। जब मैंने सांप को पकड़ा, तब मुझे एहसास हुआ कि यह जहरीला नहीं था। दुनिया के ज्यादातर जहरीले सांप ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं।

### जापान: टोकारा द्वीप पर 5.5 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में टोकारा द्वीप पर बुधवार को 5 .5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गे। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 3 :26 बजे आया, जिसका केंद्र लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप का केंद्र 29 .2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 129 .2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। कागोशिमा प्रान्त के तोशिमा गांव में भूकंपीय तीव्रता 5 से कम थी। अन्य क्षेत्रों में जहां 3 या उससे अधिक तीव्रता दर्ज की गई। उन पर वर्तमान में निगरानी रखी जा रही है।

### स्वेज की खाड़ी में जहाज डूबा, चार की मौत

**काहिरा।** स्वेज की खाड़ी में तेल निकालने वाले एक जहाज के पलट जाने से चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तेल निकालने वाला जहाज मंगलवार शाम को लाल सागर के उत्तर पश्चिमी भाग और एक अहम समुद्री मार्ग स्वेज की खाड़ी के अफ्रीकी हिस्से से सटे रास घरेब शहर के पास पलट गया। लाल सागर प्रांत के गवर्नर अमर हनाफी ने कहा कि जहाज पलटने के वक्त उसमें 30 कर्मचारी सवार थे। उन्होंने बताया कि बचाव दलों ने चार शव बरामद किए और 22 अन्य को बचाया, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### अफ्रीकी संघ का सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हवाई अड्डे पर अफ्रीकी संघ का एक सैन्य हेलीकॉप्टर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मोगादिशु के अदन अदे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन कार्यालय के प्रमुख अर्तान मोहम्मद ने बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर मूल रूप से युगांडा वायुसेना का था, लेकिन अफ्रीकी संघ का शांति मिशन इसका संचालन कर रहा था।

# क्वाड देशों का आह्वान, बिना देरी दंडित हों पहलगाम हमले के दोषी


## भारत, अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने जारी किया संयुक्त बयान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाड देश भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एवं उनसे जुड़े लोगों को तत्काल के न्याय के दायरे में लाने का आह्वान किया।

वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के ताकेशी इवाया ने कहा, हम 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई, जबकि कई घायल हो गए।

हम इस निंदनीय घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एंव उनसे जुड़े लोगों को तत्काल न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस मामले में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह करते हैं।



क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ जयशंकर।

संयुक्त वक्तव्य में चारों देशों की स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। उन्होंने चार प्रमुख क्षेत्रों-समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी, और मानवीय सहायता एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया पर केंद्रित एक नए, महत्वाकांक्षी और मजबूत एजेंडे की भी घोषणा की। इस बैठक में क्वाड देशों ने 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' के शुभारंभ की भी घोषणा की, जो महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की दिशा में सहयोग कर आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलेपन को मजबूत करने के लिए हमारी साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है। वक्तव्य में कहा गया, हम कानून के शासन, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

### चारों देशों ने समुद्र में चीन की गतिविधियों पर जताई गंभीर चिंता

क्वाड राष्ट्रों ने चीन और समुद्र में उसकी आधिपत्यवादी गतिविधियों के संदर्भ में पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई के प्रति अपने कड़ा विरोध व्यक्त करते हैं जो ताकत या दबाव से यथास्थिति को बदलने की कोशिश करते हैं। हम खतरनाक और भड़काऊ गतिविधियों को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। ऐसी गतिविधियों में अपतटीय संसाधन विकास में हस्तक्षेप, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट में बार-बार बाधा डालना, सैन्य विमानों और तट रक्षक और समुद्री जहाजों द्वारा खतरनाक युद्धाभ्यास करना शामिल है। ये कार्रवाइयां क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं। उन्होंने विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों के लिए प्रमुख आपूर्ति शृंखलाओं की अचानक कमी और भविष्य की विश्वसनीयता के बारे में भी गहरी चिंता जताई।

# चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना खारिज की

**बीजिंग।** चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना को बुधवार को खारिज करते हुए इस पर जोर दिया कि किसी भी भावी उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी लेनी होगी। इस तरह चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के साथ तिब्बती बौद्ध के दशकों पुराने संघर्ष में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने बुधवार को कहा कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी और केवल गादेन फोडरंग ट्रस्ट के पास उनके उत्तराधिकारी को तय करने का अधिकार होगा। इसके साथ ही दलाई लामा ने इस अनिश्चितता को समाप्त कर दिया कि उनके बाद उनका कोई उत्तराधिकारी होगा या नहीं।

गादेन फोडरंग ट्रस्ट की स्थापना दलाई लामा ने 2015 में की थी। रविवार को दलाई लामा के 90वें जन्मदिन से पहले उनकी यह घोषणा बीजिंग के साथ तनाव बढ़ाने वाली है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दलाई लामा की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, दलाई लामा के पुनर्जन्म को धार्मिक परंपराओं और कानूनों के अनुरूप घरेलू मान्यता, स्वर्ण कलश प्रक्रिया और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन के सिद्धांतों का पालन करना होगा।

# ईरान ने शुरू किया फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम

तेहरान, एजेंसी

- सेटेलाइट तस्वीरों से संयंत्र पर कई भारी उपकरणों की मौजूदगी का पता चला, नई सड़क भी बनी

ईरान ने पिछले महीने अपने परमाणु संयंत्रों पर की गई अमेरिकी बमबारी के बाद फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू कर दिया है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार टेक्नोलॉजीज की उपग्रह छवियों से उस संयंत्र तक पहुंचने के लिए एक नई सड़क के निर्माण और उपकरणों की तैनाती का पता चला है।

उपग्रह से ली गई तस्वीरों के अनुसार, ईरान अपने इस प्रमुख परमाणु संयंत्र में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए रात दिन काम कर रहा है। उपग्रह तस्वीरों में पहाड़ पर फोर्डो संयंत्र की ओर जाने वाली एक नई बनी सड़क दिख रही है। इसके साथ ही वहां कई वाहन भी दिख रहे हैं जिनमें एक उत्खनन वाहन और एक मोबाइल क्रेन शामिल हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के एक विश्लेषण का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि उत्खनन वाहन संभवतः भूमिगत संयंत्र को हुए नुकसान का निरीक्षण करने के लिए कैमरों या कर्मचारियों को नीचे उतारने के लिए स्टेजिंग एरिया तैयार कर रहा था। सोमवार को आईएसआईएस अध्यक्ष डेविड अलब्राइट ने कहा कि मैक्सार की तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान बम प्रभावित दो स्थलों पर नीचे की ओर निरीक्षण की तैयारी कर रहा है।

### आईएईए के साथ किया सहयोग से साफ इन्कार

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ देश के सहयोग को फिलहाल रोकने के लिए कानून लागू करने का आदेश दिया है। 'तस्नीम न्यूज' एजेंसी ने बुधवार को बताया कि ईरानी संवैधानिक परिषद के प्रवक्ता हादी तहन नाजिफ ने कहा कि कानून में आईएईए के साथ फिलहाल सहयोग नहीं करने का प्रावधान है। यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि ईरान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इसकी परमाणु सुविधाओं तथा वैज्ञानिकों की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो जाती। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेजेशकियन ने मंगलवार को ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन, विदेश मंत्रालय और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को लागू करने का आदेश दिया।

# इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्ष विराम की शर्तों पर सहमत : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को दी चेतावनी, अगर समझौता स्वीकार न किया तो और ज्यादा बिगड़ेंगे हालात

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्षविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है और उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे।

ट्रंप ने इसकी घोषणा तब की है जब वह सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे। ट्रंप इजराइल की सरकार और हमास पर संघर्ष विराम करने, बंधकों की रिहाई के लिए समझौता करने और गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने आज इजराइल के अधिकारियों के साथ गाजा के मुद्दे पर बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम की जरूरी शर्तों पर सहमत हो गया है। हम सभी पक्षों के साथ मिलकर युद्ध को खत्म करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रस्ताव कतर और मिस्र रखेंगे।

### गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा : नेतन्याहू


**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा। दरअसल अमेरिकी नेता इजराइल सरकार और हमास पर युद्ध विराम, बंधकों से संबंधित समझौते तथा युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। हमास ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे मध्यस्थों से एक प्रस्ताव मिला है और वह युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के लिए वार्ता की मेज पर लौटने के वास्ते उनके साथ बातचीत कर रहा है।

# पाकिस्तान में बम धमाके से मारे गए चार सरकारी अफसर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए बम धमाके में एक सहायक आयुक्त समेत चार सरकारी अधिकारियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

अफगानिस्तान की सीमा से सटे आदिवासी जिले बाजौर में खार तहसील के मेला मैदान के पास हुए इस विस्फोट में नवागई तहसील के सहायक आयुक्त फैसल सुल्तान के वाहन को निशाना बनाया गया। अन्य मृतकों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक नूर हकीम, तहसीलदार वकील खान और सिपाही रशीद के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है, तलाश अभियान और हमले की जांच जारी है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार बैरिस्टर सैफ ने विस्फोट की निंदा की है।

## आध्यात्मिक नेता का संदेश



धर्मशाला में बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की ओर से जारी किए गए वीडियो संदेश को देखते हुए तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के भिक्षु। ये वीडियो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 6 जुलाई को दलाई लामा के जन्मदिन से पहले जारी किया गया था। एजेंसी

# बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल संपर्क परियोजना के तहत तैयार की जा रही एक सुरंग का काम 29 जून को पूरा करने के साथ ही निर्माण कंपनी लार्सन एंड टूब्रो ने सुरंग निर्माण में सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन के उपयोग का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है।

एलएंडटी लिमिटेड के निदेशक एसवी देसाई ने मंगलवार को कहा, टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) टीम ने शिव नाम की सिंगल शील्ड हार्ड रॉक टीबीएम का इस्तेमाल करते हुए 31 दिन में 790 मीटर की देश की सबसे लंबी सुरंग बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब दुनिया में कहीं भी सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन का इतने कुशल तरीके से उपयोग किया गया।



- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट के तहत 31 दिन में तैयार की 790 मीटर लंबी सुरंग

परियोजना निदेशक राकेश अरोड़ा ने कहा, यह 13.09 किलोमीटर लंबी सुरंग डाउनलाइन है जो 14.57 किलोमीटर लंबी अपलाइन सुरंग से समानांतर और 25 मीटर की दूरी पर है। अपलाइन सुरंग की खुदाई का काम इसी साल 16 अप्रैल 2025 को पूरा कर लिया गया था।

# शी चिनफिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग इस सप्ताह के अंत में ब्राजील में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे उन खबरों की पुष्टि हो गई है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग 12 साल पहले सत्ता संभालने के बाद पहली बार समूह की बैठक में शामिल नहीं होंगे।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक प्रेस वार्ता में बताया कि ली निमंत्रण पर पांच से आठ जुलाई तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि शी चिनफिंग ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला क्यों किया। शी सत्ता में अपने 12 साल के कार्यकाल के दौरान हमेशा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।

**विवाद** | कर्नाटक के मुख्यमंत्री के आशंका जताने के बाद आईसीएमआर और एम्स के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा

# देश में अचानक हो रहीं मौतों की वजह कोविड वैक्सीन नहीं

नई दिल्ली,एजेंसी

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की ओर से हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौतों को कोविड वैक्सीन का कारण बताया गया। इसके एक दिन बाद बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उनके दावों का खंडन करते हुए कहा कि आईसीएमआर और एम्स द्वारा किए गए व्यापक अध्ययनों में इस तरह के कोई संबंध नहीं पाए गए हैं। सिद्दारमैया ने कल कहा था कि कोविड वैक्सीन को जनता के लिए 'जल्दबाजी में मंजूरी और वितरण' भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है और उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर उन्हें सीने में दर्द या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं।




मंत्रालय ने उनकी टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक हुई मौतों के मामले की जांच की गई है और इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। मंत्रालय ने आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा किए गए अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पुष्टि की है कि देश में कोविड-19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं।

बयान में कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### अध्ययन का निष्कर्ष, अनुवांशिक परिवर्तन हो सकता है अस्पष्टीकृत मौतों का कारण

बयान में कहा गया है कि इस संबंध में अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के संस्थान एनआईई ने किया था, जिसका शीर्षक 'भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक एक बहुकेंद्रित मिलान केस नियंत्रण अध्ययन, था। इसे मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 देखभाल अस्पतालों में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ऐसे व्यक्तियों पर अध्ययन किया गया जो स्वस्थ प्रतीत होते थे, लेकिन अक्टूबर 2021 और मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों से पता चला है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ता है। अध्ययन के मुताबिक अधिकांश अस्पष्टीकृत मृत्यु मामलों में आनुवंशिक परिवर्तन को इन मौतों के संभावित कारण माना जा रहा है।